राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 292 | रांची, सोमवार, 22 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




## आज का दिन

सर गंगाराम (मूल नाम- गंगाराम अग्रवाल) अविभाजित भारत के सुप्रसिद्ध सिविल इंजिनियर, उद्यमी और साहित्यकार थे। उनका जन्म अप्रैल 1851 में अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के ननकाना साहिब जिले के मंगतांवाला गांव में हुआ था। गंगाराम ने सरकारी हाइस्कूल से मैट्रिक परीक्षा उतीर्ण की और 1869 में लाहौर के सरकारी कॉलेज में दाखिला लिया।

# उलगुलान न्याय महारैली में केंद्र सरकार पर जमकर बसरे आईएनडीआईए के नेता

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं




झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की उलगुलान न्याय महारैली में रविवार को राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि तानाशाही रवैया के तहत एकजुट होकर केन्द्र की सरकारी को सत्ता से बेदखल करना होगा। चुनाव में केंद्र सरकार को सबक सिखाएंगे। झामुमो के विनोद पांडे ने कहा कि यह महारैली जल, जंगल, जमीन लूटने वालों के खिलाफ उलगुलान है। सरकारी संपत्ति को बेचने वाले, बेरोजगारी के खिलाफ, महंगाई जैसी व्यापक तमाम समस्याओं के खिलाफ उलगुलान है, जिससे पूरा देश त्रस्त है। धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में शिव सेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मुझे कहा गया कि दिल्ली और झारखंड में दो मुख्यमंत्रियों के खिलाफ ज्यादती हो रही है। झूठे केस कर जिस तरह नेताओं को फंसाने का काम किया जा रहा है। आने वाले चार जून को यहां आईएनडीआईए की सरकार बनेगी।

भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि कल्पना सोरेन को उपचुनाव लड़ना है और लोकसभा का चुनाव भी है। अब एक-एक वोट का चोट लगाकर गठबंधन को विजय बनाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री को जानबूझकर फंसाया गया। इस दमनकारी नीति के खिलाफ अब आवाज उठाने की जरूरत है। पहली चरण में ही भाजपा की हवा निकले गई है। आगे जैसे जैसे चुनाव का परिणाम आएगा 400 पास के नारा की हवा निकाल देगी। देश और राज्य में बेरोजगारी की सबसे बड़ी समस्या व्याप्त है। रोजगार के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकारी ने हमारे सभी नेताओं को जेल में डाल दिया है। झारखंड को जिसने बनाने का काम किया है उसे जेल से डराने की कोशिश मत करना

## प्रधानमंत्री मोदी ने उनके पति अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भी जेल में डाल दिया : सुनीता केजरीवाल

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बैनर तले रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय महारैली में गठबंधन के कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने झूठ बोलकर सत्ता हासिल की है और जनता ठगी महसूस कर रही है। इस बार के लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को अंजाम भुगतना पड़ेगा। देश की जनता मोदी सरकार की सत्ता को उखाड़ फेंकेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनके पति अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भी जेल में डाल दिया। कहते हैं जांच चल रही। यह कैसी जांच है। दोष साबित होने से पहले ही जेल में डाल दिया। मेरे पति का क्या कसूर है कि उन्होंने दिल्ली में अच्छी शिक्षा दिलाई, अस्पताल मोहल्ला क्लिनिक बनवाई। क्या विकास कार्य करना गलत है। सुनीता ने कहा कि केजरीवाल पहली बार जब मुख्यमंत्री बने तो 39 दिनों में ही इस्तीफा दे दिया। ऐसे हैं अरविंद केजरीवाल। ऐसे व्यक्ति जो देश को नंबर वन बनाना चाहते हैं, उनको जेल में डाल दिया।

पूरा देश एकजुट है। भाजपा बाबा साहब की संविधान को नहीं मानती। नरेन्द्र मोदी की तानाशाही अब समाप्त होगी। मोदी की जमानत जब्त होगी। सभी लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आयें।

## एक्टर पंकज त्रिपाठी के जीजा की सड़क हादसे में मौत, पकंज पहुंचे कोलकाता

**मुंबई/रांची।** बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी के जीजी की शनिवार की रात धनबाद में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और उनकी बहन की हालत चिंताजनक बताई गई है। हादसे की खबर मिलते हुए पंकज त्रिपाठी मुंबई से धनबाद पहुंच गए।

पुलिस के मुताबिक, हादसा शनिवार की रात दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर धनबाद में निरसा बाजार में हुआ। दंपति जिस कार में यात्रा कर रहे थे वह सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। राकेश और सबिता बिहार के गोपालगंज जिले से कोलकाता जा रहे थे। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को धनबाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। राकेश को अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पंकज त्रिपाठी की बहन सबिता के पैर में फ्रैक्चर है और आईसीयू में भर्ती किया गया। बाद में सविता को कोलकाता के अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

राकेश तिवारी चित्तरंजन रेलवे में नौकरी करते थे। उनकी ड्यूटी रेलवे के जीएम ऑफिस में थी। छुट्टियों के कारण वह अपने घर गोपालगंज आये हुए थे लेकिन वापस लौटते वक्त यह हादसा हो गया।इस संबंध में थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे यह दुर्घटना घटी है।

## बंदगांव थाना क्षेत्र से 3 करोड़ का अवैध डोडा बरामद

**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस में बंदगांव थाना क्षेत्र से 21.62 क्विंटल अवैध डोडा बरामद किया है, जिसका बाजार मूल्य करीब 3 करोड़ बताया जा रहा है।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर द्वारा चक्रधरपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित पुलिस की टीम ने शनिवार की रात में बंदगांव थाना बरजो से कुल 92 बोरा अवैध डोडा बरामद किया। अवैध डोडा तस्करी करने के उद्देश्य इक्कठा किया गया था। अवैध डोडा का कुल वजन 21 क्विंटल 62 किलोग्राम है। इसका बाजार मूल्य लगभग 3,24,30,000/- रुपए होता है। पुलिस ने इस मामले में बंदगाँव थाना मामला भी दर्ज किया है।

## क्विक न्यूज

### सलमान खान आवास पर फायरिंग मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से करेगी पूछताछ

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ करेगी। इस संदर्भ में मुंबई पुलिस जेल प्रशासन से उसे कस्टडी में लेने के लिए आवेदन देने वाली है। साथ ही लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई को भी क्राइम ब्रांच ने वांटेड सूची में शामिल किया है और जल्द ही अनमोल के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी करने वाली है। पुलिस के अनुसार अब तक की जांच में बिश्नोई के खिलाफ कुछ सबूत और गवाह मिले हैं। जिसके आधार पर बिश्नोई भाइयों को मामले में आरोपित बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल को दो लोगों ने फायरिंग की थी। इसके बाद एक फेसबुक पोस्ट वायरल हुआ था। जिसमें लॉरेंस बिश्नोई के अनमोल बिश्नोई ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। अनमोल बिश्नोई इस समय अमेरिका में रहता है।

### भाजपा नेता अमित मालवीय के खिलाफ कोलकाता में एफआईआर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता जिले के गरियाहाट पुलिस थाने में भाजपा नेता अमित मालवीय के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई है। ममता सरकार की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शनिवार को मालवीय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। भट्टाचार्य का आरोप है कि मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। अमित मालवीय पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी एवं पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख हैं। भट्टाचार्य के मुताबिक अमित मालवीय ने विगत शुक्रवार शाम 4:17 बजे सोशल मीडिया पर दावा किया था कि ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था, जबकि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। चंद्रिमा ने रविवार को कहा कि अमित मालवीय का मकसद बंगाल में नफरत फैलाना है।

# रन फॉर डेमोक्रेसी में दौड़े मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार

रांची

**रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया गया रन फॉर डेमोक्रेसी**

**मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत मिनी मैराथन का आयोजन**

**मतदान करने से लोकतंत्र में सुनिश्चित होती है हमारी हिस्सेदारी - के रवि कुमार**

**एक-दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें- के रवि कुमार, सीईओ**




लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत रविवार दिनांक 21 अप्रैल 2024 को रन फॉर डेमोक्रेसी (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान से मिनी मैराथन की शुरूआत हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड श्री के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड श्री संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अनूप बिरथरे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची श्री चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र, राज्य स्वीप नोडल पदाधिकारी श्री देवदास दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री विवेक कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर मिनी मैराथन की शुरूआत की।

**सीईओ के रवि कुमार के साथ पदाधिकारियों ने लगायी दौड़**

मिनी मैराथन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड श्री के रवि कुमार के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भी दौड़ लगायी। उन्होंने मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाएं। मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। श्री रवि कुमार ने कहा कि हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें। पूरे परिवार के साथ लोकतन्त्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सरकारी तथा निजी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश भी रहेगा, इसका सार्थक उपयोग करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है।

# भारत डर से आगे निकल चुका है, इसलिए इनके डर का झूठ नहीं चल पा रहा है: मोदी

बांसवाड़ा, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कभी दलितों को, कभी आदिवासियों को और कभी अल्पसंख्यकों को डराया। आज भी ये कभी लोकतंत्र को लेकर, संविधान को लेकर, आरक्षण को लेकर भांति-भांति के झूठ फैला रहे हैं। भारत डर से आगे निकल चुका है, इसलिए इनके डर का झूठ नहीं चल पा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम को राजस्थान के बांसवाड़ा में भाजपा लोकसभा उम्मीदवार महेन्द्रजीत मालवीया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मोदी ने जालोर के भीनमाल में जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस छोड़कर बाहर निकलने वाले गंभीरता से बताते हैं कि कांग्रेस अब कांग्रेस नहीं रही है। अब कांग्रेस अर्बन नक्सलों के कब्जे में चली गई है। कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है। कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद की सोच को धरती पर उतारने की उनकी कोशिश है।

उन्होंने कहा कि आज देश की सेनाओं की सुप्रीम कमांडर देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज की एक बेटी हैं। भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, पूरी ईमानदारी से काम करती है। कांग्रेस की दुकान में हमेशा भय, भूख और भ्रष्टाचार ही बिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह है। ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। अब भाजपा ने ऐलान किया है कि अगले साल भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव अभियान के रूप में पूरे वर्ष भर हिंदुस्तान के हर कोने में मनाया जाएगा। जब मैं ये बातें बताता हूं तो कांग्रेस वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वागड़ इलाके को भी सड़क, रेल और दूसरी कनेक्टिविटी से हमेशा वंचित रखा। आपको ऐसी सुविधाएं देना मोदी की गारंटी है। हमने डूंगरपुर-रतलाम रेल लाइन को वाया बांसवाड़ा से जोड़ने का काम शुरू करवाया। इस काम को भी कांग्रेस ने बरसों तक लटका रखा था। बांसवाड़ा में पावर प्लांट भी बन रहा है।

# भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो यह लोकतंत्र व संविधान कर देंगे खत्म: मल्लिकार्जुन खड़गे

भोपाल, एजेंसी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को सतना में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि यदि भाजपा अब फिर सत्ता में आई तो यह संविधान और लोकतंत्र को खत्म कर देंगे। खड़गे ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि 102 सीटों पर वोटिंग हो गई है, उसमें इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत मिलेगा। आज लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी हैं, जिससे सब पीड़ित हैं। केवल एक आदमी उससे पीड़ित नहीं और वो हैं मोदी। भाजपा केवल कांग्रेस को गाली एवं संविधान का सत्यनाश करने का काम कर रही है। भाजपा के सांसद का कहना है कि हम संविधान बदलना चाहते हैं, इसलिए 400 सीटें चाहिए।

खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत झूठ बोलते हैं। जैसे उन्होंने कहा था कि विदेशों से काला धन लाऊंगा, सबके खाते में 15 लाख आएंगे, हर साल 2 करोड़ नौकरियां दूंगा, किसानों की आय दोगुनी करूंगा के वादे किए थे परंतु लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला लेकिन हम जो वादे करते हैं। उन्हें पूरा कर दिखाते हैं। कांग्रेस ने मनरेगा, खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून बनाए, और गरीबों के हितों की रक्षा की। वहीं नरेन्द्र मोदी बोलते हैं कि मैं गरीबों को मुफ्त राशन दे रहा हूं लेकिन भूल जाते हैं कि ये तो कांग्रेस का बनाया कानून है, जिसमें हम गरीबों को राशन देते आ रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि अगर इस सरकार को आप फिर वापस ले आए, तो ये लोकतंत्र को खत्म कर देंगे तथा बाबा साहब के बनाए गए संविधान को खत्म कर देंगे। अगर उसको जिंदा रखना चाहते हैं, अगर अपने वोट ले अधिकार को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो कांग्रेस पार्टी को वोट दीजिए एवं सिद्धार्थ कुशवाहा को विजय बनाइए। इस दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, राज्य सभा सांसद विवेक तंखा, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, सी. पी. मित्तल, जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस ने रांची से सुबोधकांत की पुत्री यशस्विनी और गोड्डा से प्रदीप यादव को दिया टिकट



रांची, एजेंसी

**दीपिका पांडेय सिंह का गोड्डा से कटा टिकट**

कांग्रेस पार्टी ने झारखंड के दो लोकसभा सीट के लिए रविवार रात दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। रांची से पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय को टिकट दिया गया है। जबकि गोड्डा लोकसभा सीट से प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है।

इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि गत 16 अप्रैल को गोड्डा से इससे पूर्व कांग्रेस ने दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया था। लेकिन उनका टिकट काट कर प्रदीप यादव को टिकट दिया गया है।

# बुनियादी सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, वोट बहिष्कार का ऐलान

गुमला, एजेंसी



बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों के चार बूथ के लोगों ने सड़क नहीं बनने के कारण रविवार को बैठक कर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। मौके पर हाडुप रिसापाठ उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप गांव के ग्राम प्रधान नन्कू खरवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जहां ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

इस संबंध में कई बार ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड कार्यालय जिला कार्यालय एवं वन विभाग को ज्ञापन सौंप कर सड़क बनाएं जाने की मांग की गई है। लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिस कारण लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सड़क नहीं होने के कारण जब कोई बीमार पड़ता है तो लोग उसे खाट पर उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाते हैं। तब तक कई लोगों की जान भी चली जाती है।

खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। इसके अलावा सड़क के अभाव में गांव के बच्चे भी स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं और अधिकांश लोग गांव में अशिक्षित हैं। इन्हीं वजह से गांव के लोग इन दिनों काफी आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम कभी कांग्रेस को तो कभी बीजेपी को वोट देकर सरकार बनाने का काम करते आ रहे हैं। परंतु शायद हमारे द्वारा चुनी गई सरकार की नजरों में हम उनके जनता नहीं है इसीलिए आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। यही वजह है कि ग्रामीण एकजुट होकर सर्वसम्मति से वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिए हैं। इस मौके पर रामलाल उरांव, राजबली भगत, पुराण भगत, बसंत उरांव, मंगरु खेरवार, बुद्धेश्वर उरांव, मंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**राजनीतिक दल के नेताओं को गांव नहीं घुसने की दी गई है चेतावनी**

ग्रामीणों ने राजनीतिक दल के नेताओं को गांव नहीं घुसने की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि सिर्फ चुनाव के दरमियान नेता हमारे गांव आते हैं और चिकनी चुपड़ी बातें बनाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लुभाने का काम करते हैं। अगर कोई राजनीतिक दल के नेता वोट मांगने के उद्देश्य से गांव आते हैं तो उन्हें इस बात का जवाब देना होगा कि आज तक सड़क क्यों नहीं बनी। यदि नेताओं के द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया गया तो उन्हें बंधक बनाने का भी काम किया जाएगा।

वोट बहिष्कार करने की सूचना मिलने के उपरांत सेरका पंचायत के कई पंचायत प्रतिनिधि बैठक में शामिल होकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे थे कि वोट देना उनका अधिकार है। वह काम करने वाले प्रतिनिधि का चयन करें। इस पर गांव के लोग आग बबूला हो गए और जनप्रतिनिधियों को भी जमकर खरी खोटी सुनाई।




# रामगढ में श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महावीर जयंती

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रामगढ।** श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के द्वारा भव्य रुप से ,विधि विधान से बड़े धूमधाम से भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया।सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया।

**स्वर्ण कलश से जलाभिषेक**

भगवान महावीर स्वामी की मूलनायक प्रतिमा,प्राचीन प्रतिमा,पांडुशीला पर विराजमान अष्ट धातु की प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से जलभिषेक करने का सौभाग्य श्रीमती इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विद्याप्रकाश पदमचंद छाबड़ा, राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल को मिला।भगवान आदिनाथ स्वामी पर जलभिषेक करने का सौभाग्य श्रीमति हीरामणि देवी चूड़ीवाल ,सुशील चूड़ीवाल परिवार को मिला। भगवान पारसनाथ स्वामी पर जलाभिषेक करने का सौभाग्य मांगी लाल अशोक चूड़ीवाल को मिला।

**शांतिधारा करने का सौभाग्य**

इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल , ललित चूड़ीवाल,राजेंद्र कुमार राजेश कुमार चूड़ीवाल को मिला।सुबह श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो थाना चौक गोला रोड चट्टी बाजार लोहा टोला शिवाजी रोड सुभाष चौक होते हुए दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा।शोभा यात्रा का आकर्षक केंद्र झांकी थी। जिसमें मानो श्रीजी साक्षात विराजमान है।शोभा यात्रा का विभिन्न समाजिक एवं धार्मिक संगठन के द्वारा स्वागत किया गया।भगवान महावीर का दिव्य संदेश से आज पूरे शहर में नारा दिया गया। अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है अत- हमें जियो और जीने दो के संदेश पर कायम रहना चाहिए। महावीर स्वामी के पंचशील सिद्धांत इन्हें पंचशील सिद्धांत कहा जाता है। ये पांच सिद्धांत हैं- अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह।भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें ।

## महावीर जयंती में मारवाड़ी युवा मंच ने पानी, शरबत एवं फरूटी का किया वितरण

**रामगढ।** श्री महावीर जयंती के शुभ अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच (रामगढ़ कैंट शाखा) का पानी, शरबत एवं फरूटी तथा छोटे बच्चों के लिए चिप्स वितरण का कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मेन रोड श्याम हार्डवेयर के सामने युवा मंच का पानी,शरबत, फरूटी एवं चिप्स वितरण शिविर लगाया गया। युवा मंच के सभी सदस्यो ने भगवान महावीर जयंती के प्रभात फेरी के शिविर में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की एवं पानी, शरबत, फरूटी एवं चिप्स वितरण के दौरान पूरे समय शिविर में मौजूद रहकर सेवा कार्य किया। शिविर में बच्चों भव्य खंडेलवाल एवं अन्य ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और श्रद्धालुओं को पानी, शरबत, फरूटी पिलाया। पंकज अग्रवाल ने आगे बढ़कर प्रभात फेरी के बीच में जाकर एक-एक श्रद्धालुओं को अपने हाथों से पानी, फरूटी पिलाया, इनका योगदान बेहद सराहनीय है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़, उपाध्यक्ष विजय खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ।

## अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ चुनाव में करें मतदान : राघवन रघुनंदन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कोल फील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री एवं जेबीसीसीआई 11 के सदस्य सह स्टैंडर्ड स्टेजेशन कमेटी के टेक्निकल सब कमेटी सदस्य राघवन रघुनंदन एवं सहायक मंत्री चंदेश्वर सिंह का बरका-सयाल क्षेत्र में संगठनात्मक समीक्षा को लेकर आगमन हुआ। इस दौरान बरका-सयाल एरिया के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह, अशोक गुप्ता, रमाकांत दुबे, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सह भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह, सुधीर सिंह, रामदेव महतो, विनोद साव, मनजीत रंजन, गौरी शंकर, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, बेलो शर्मा आदि ने अतिथियों को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में दर्जनों मजदूरों ने अपनी समस्याओं से राघवन रघुनंदन को अवगत कराया। कहा गया कि कैटगिरी वन मजदूर जिससे प्रबंधन डम्पर, डोजर, ड्रिल, शॉवेल मशीन आदि चलवाता है तथा प्रबंधन के द्वारा कई कैडर को समाप्त कर दिया गया है। मौके पर राघवन रघुनंदन ने कहा कि अगली टेक्निकल सब कमेटी में उपरोक्त बातों को रखकर इसका समाधान निकालने का प्रयास किया जायेगा। राघवन रघुनंदन ने लोकसभा चुनाव के बावत अपील करते हुए कहा कि इस महापर्व में आप अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ मतदान में भाग लें। बैठक में दर्जनों मजदूरों ने अपनी समस्याओं से राघवन रघुनंदन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अपना मतदान करते समय इस बात का ध्यान रखें कि वैसे राजनीतिक दल जो महिला विरोधी, किसान विरोधी, मजदूर विरोधी एवं सरकारी उद्योग एवं कलकारखाने को बेचने के लिए आमादा है उनसे दूरी बनाकर रखें। बैठक में दर्जनों लोग मौजूद थें।.

## पाकुड़ ने हजारीबाग को 7 विकेट से हराया

### पाकुड़ के प्रियांशु कुमार बने मैन ऑफ द मैच

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रामगढ।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर-16 क्रिकेट मैच इफिको सेल ग्राउंड में हजारीबाग और पाकुड़ के बीच खेला गया। हजारीबाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 16.3 ओवर मे 59 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें पंकज कुमार ने सर्वाधिक 35 रन बनाये। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज प्रियांशु कुमार ने 4ओवर में दो ऑवर मेडन के साथ मात्र 3 रन देकर 4 विकेट लेकर हजारीबाग की कमर हीं तोड दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकुड़ ने 18.1 ओवर में 3 विकेट पर 63 रन बनाकर मैच जीत लिया। पाकुड की ओर से मुख्य बल्लेबाज सोबर शेख ने 44 रन बनाए और पाकुड ने मैच को 7 विकेट से जीत लिया। मैच के अंपायर मो. उडैर तथा अजमल हुसैन थे। जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया। मैच ऑब्जर्बर डलिया राव थे। हजारीबाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 16.3 ओवर मे 59 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे.रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी प्रियांशु कुमार पाकुड़ को दिया।..

## जंगलों में लगाई गई आग, जीव जंतु, विभिन्न औषधीय पौधे, नव निर्माण होने वाले जंगली पौधे जलकर हुए राख



**गुमला** - गुमला जिले में तथाकथित सामाजिक तत्वों द्वारा जंगलों में लगाई गई आग, फलस्वरूप जंगल के जीव जंतु , विभिन्न औषधीय के पौधे , नव निर्माण होने वाले जंगली पौधे 50त्न जलकर हुए रख और खाक, परंतु सोना , चांदी , कांसा अल्मुनियम , लोहा आदि धातुओं को गलाने के लिए लकड़ी के कोयलों की आवश्यकता पड़ती है , उक्त कोयलों को मनमानी धाम में बेचा जाता है और काफी मुनाफा कमाया जाता है , इसीलिए जंगल जलाने का एक मुख्य कारण लकड़ी का कोयला है, और यह खुला खेल फर्रुखाबाद का खेल , खेला जाता हैं,वन विभाग के सांठगांठ से , क्योंकि यह आज की बात नहीं हैं बल्कि दशकों से प्रत्येक वर्ष होता रहता है , इस लिए बीना वन विभाग के सांठगांठ मुमकिन ही नहीं नामुमकिन है , फिलहाल गुमला जिला के गुमला सदर थाना के घटगांव जंगल, चैनपुर , डूमरी और परमवीर अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के जारी जंगल, भीखमपुर जंगल , आदि के 50त्न प्रतिशत जंगलों को नुकसान पहुंचा है, अधिकांश जंगली क्षेत्रों और बॉर्डर क्षेत्र के जंगल में बरसात के बाद जंगली वन क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए सामाजिक तत्वों द्वारा अपने अवैध धंधों को अंजाम देने के लिए , लकड़ी काटने के लिए, जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए, महुआ चुनने के लिए और दातुन, सखुआ का पत्ता तोड़कर दोना - पत्तल ,आदि अन्य अनेक आकार प्रकार की जरूरतों को पूरा करने को लेकर , फागुन से पूर्व और बाद में आग लगाई जाती है, और उक्त आग में लकड़ियों के जलनें से बने, वाले लकड़ियों के कोयलों , महुआ , पियार पिथौरा (महंगे पदार्थ , चिरौंजी ) सहित अन्य अनेक आकार प्रकार के जंगली उत्पाद पदार्थो को बेचने वालों के अवैध धंधों के लिए और जंगल में प्रवेश करने के लिए ही , आग लगाई जाती है, इस में कोई किन्तु प्रन्तु नहीं हैं और ना - ही , इसे समझने के लिए कोई रॉकेट साइंस की जरूरत हैं , क्योंकि आम जनों से लेकर खास जनों तक और सरकार के मंत्री से लेकर संत्री तक और संबंधित वन विभाग के उच्च पदाधिकारियों से लेकर कर्मचारीयों तक सभी को उक्त जानकारी होते हुए भी , पूर्व में निर्भीक और निष्पक्ष रूप से कोई कार्रवाई नहीं की जाती है क्यों और जब उक्त घटनाएं घट जाती है, तो मंत्री से लेकर संत्री तक और, पदाधिकारी से लेकर कर्मचारी तक अपनी राज अपनी डफली बजाने लगते हैं, ।

## मैट्रिक की परीक्षा में कम अंक आने पर, छात्र ने किया आत्महत्या

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गुमला** - गुमला जिला अंतर्गत रायडीह थाना स्थित जर्जटा तेतर टोली निवासी 15 वर्षीय छात्र आशित लकड़ा ने राजकीय मध्य विद्यालय शलकाया से मैट्रिक का परीक्षा लिखा था, रिजल्ट आने पर उसने देखा की उसे मात्रा और मात्र 45त्न प्रतिशत अंक ही प्राप्त कर , द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण किया हैं, यह बात उसे ना गवारा गुजरा और उससे अपने आत्मा आत्मसम्मान पर गहरा चोट लगा और वह डिप्रेशन में चला गया और शनिवार के संध्या उसने अपने घर के पास स्थित इमली के पेड़ में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया, यह देख ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों और बाद में उक्त घटना की सूचना रायडीह थाना पुलिस को दी गई , उक्त सूचना मिलते ही रायडीह थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू करते हुए ।

उक्त शव को उक्त इमली पेड़ से आशित लकड़ा के शव को उतरवा गया और उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया , जहां उक्त शव को आर्चरी में रखवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर यूडी केस दर्ज किया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी हैं,.।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की सभी कोषांगों की समीक्षा, दिए कई आवश्यक निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गुमला-** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित चुनावी तैयारियों को लेकर सभी कोषांगों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी , क्लस्टरों में रहने की व्यवस्था, शौचालय, बिजली ,पानी इत्यादि की व्यवस्था से संबंधित भी समीक्षा की। उपायुक्त ने एक एक कर सभी मतदान केंद्रों में,रैम्प की व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली, उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में शौचालय एवं पानी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने सभी क्लस्टरों में शौचालय एवं स्नान घर का व्यवस्था करने का निर्देश दिया ताकि किसी भी मतदान कर्मी को रहने में दिक्कत न हो। उपायुक्त ने महिला क्लस्टर्स में भी समुचित व्यवस्था का खासा ध्यान रखने को कहा, उन्होंने कहा कि महिलाओं के रहने की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। मतदान दिवस के गर्मी होने की स्थिति को देखते हुए उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में नींबू पानी की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया ताकि मतदाताओं को गर्मी के मौसम में राहत मिले साथ ही उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्रों के बाहर 15/ 15 फिट के शेड भी बनाने की बात कही ताकि किसी भी मतदाता को धूप में खड़े रहने की आवश्यकता ना पड़े। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में पानी का एक्स्ट्रा टैंकर रिजर्व में रखने को कहा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रखंडों अंर्तगत रिलोकेटेड बूथों , दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए होने वाले गाड़ी की व्यवस्था संबंधित भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त ने 85+ आयु के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने हेतु प्रपत्र 12डी की प्राप्ति से संबंधित भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मतदाताओं से जाकर मिलते हुए पोस्टल बैलेट मतदान करने वाले मतदाताओं की सूची से मिलान करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा उपायुक्त द्वारा सभी कोषांगों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने नामांकन कोषांग, मुख्य निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, आचार संहिता कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, ईवीएम कोषांग, आय व्यय कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, एकल खिड़की कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग, सामग्री कोषांग, मतपत्र कोषांग, डाक मतपत्र कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, डाटा प्रबंधन कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग वेलफेयर कोषांग, डेस बोर्ड कोषांग आदि कोषांगों अंतर्गत हुए कार्यों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक,सिविल सर्जन गुमला, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, डीसीएलआर गुमला,जिला योजना पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला प्रभारी नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।.

## एक-नजर

### भगवान सूर्य देव की वजह से ही पृथ्वी प्रकाशवान है :चंद्र प्रकाश चौधरी





**प्रभाकर दुबे ।रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढा पंचायत के दुबे मोहल्ला में रविवार को श्री श्री 1008 सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह सप्त दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी वा विशिष्ठ अतिथि जीप अध्यक्ष सुधा देवी एवं पूर्व जीप सदस्य गोपाल चौधरी उपस्थित हुवे।इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि सुकरीगढ़ा के दुबे मोहल्ला में श्री श्री 1008 सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह सप्त दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई है इसमें हम सभी सनातनियो को बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले कर इस यज्ञ को सफल बनाना है।यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। वहीं मन को असीम शांति मिलती है।वही आगे कहा की भगवान सूर्य देव की वजह से ही पृथ्वी प्रकाशवान है. मान्यता है कि सूर्य देव की नियमित पूजा करने से तेज और सकारात्मक शक्ति प्राप्त होती है. ज्योतिषियों के अनुसार, नवग्रहों में से सूर्य को राजा का पद प्राप्त है।इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का स्वागत चुनरी ओढाकर किया गया।वही गांव की हजारों महिलाएं यज्ञ मंडप में एकत्रित हुईं। तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ कलश लेकर पनशाला के सिमरा गढ़ा तट पर पहुंची।वहा यज्ञाचार्य पं सत्रुघन पांडेय एवं सहयोगी गण के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाओं को गंगा पुजन कराया गया। इसके साथ ही महिलाएं कलश में शुद्ध जल भरकर यज्ञ मंडप के लिए प्रस्थान कीं। इस दौरान हर-हर महादेव, जय श्रीराम, पवनपुत्र हनुमान, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो के जयकारे से सारा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। यज्ञ मंडप पहुंचने के बाद आचार्यो द्वारा कलश स्थापित कर मंडप प्रवेश व वेदी निर्माण की पूजन कराया गया।मौके पर अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद वर्मा,सचिव पंचम कुमार वर्मा,उपाध्यक्ष दीपक कुमार एवं संजय प्रशाद ,उपसचिव झलकु रजक ,संत कुमार सोनीकोषाध्यक्ष कालेश्वर महतो,उप कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, कृष्ण कुमार दुबे,कार्यकारिणी उमेश प्रसाद, रविन्द्र कु दुबे,मुरारी चौबे ,उत्तम कुमार, रानू कुमार चौबे ,छोटेलाल सोनी,बिक्रम कुमार सोनी, विकास कुमार,प्रभाकर दुबे, दीपक दूबे, धीरेंद्र प्रसाद, सनोज कुमार ,आनद प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सतीश प्रसाद, दिलीप प्रसाद, कुलदीप कुमार, प्रीतम दुबे ,शुभम कुमार, अभय कुमार,सचिन वर्मा, बैजनाथ प्रसाद ,प्रमुख छुन्नू साहू, समाजसेवी मनेलेशर नायक ,गणेश अग्रवाल, रामहित साव, रोहित साव, कुलदीप प्रसाद सहित हजारों में ग्रामीण मौजूद थे।.

### पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे दिन हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

**भुरकुंडा (रामगढ)।** रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे दिन रविर को यज्ञाचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) की देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंडप देवता पूजन, नगर भ्रमण व वेदी पूजन आदि अनुष्ठान कराये गये। वहीं महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को मटकोर, शिव-पार्वती विवाह, चौथे दिन मंगलवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश, और पांचवे दिन बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। वहीं गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने में जुटे हैं समिति के लोग जुटे हैं।श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, माता देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी सहित कई लोग शामिल थे।

### ब्लैक बेल्ट के उपाधि से नवाजे गए शुभम पाठक और आयुष घोष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**कराटे फेडरेशन ऑफ शोतोकान इंडिया सह मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रविवार को पतरातु रसदा निवासी शुभम पाठक एवं पीटीपीएस निवासी आयुष घोष को ब्लैक बेल्ट सोदान फर्स्ट डॉन की उपाधि से नवाजा गया। दोनों कराटेकारों को यह उपाधि हैदराबाद के सिहान जीके गणेश, प्रेसिडेंट केएफएस के द्वारा दिया गया है।ज्ञात हो कि ये दोनो सेंसी विकास पाठक ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन के पास पिछले 7 साल से मार्शल आर्ट्स कराटे सीख रहे हैं। इधर रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में एक दिवसीय मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला के लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में संस्था के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक और महिला प्रशिक्षिका सुमित्रा ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन के द्वारा काता, कुमिते फाईट और किहोंन का प्रशिक्षण दिया गया। सीनियर ब्लैक बेल्ट और ब्राउन बेल्ट कराटेकारो को लाठी , डंडे डबल नांन चाकू, तलवार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

### लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्वत परिषद की बैठक संपन्न

**गुमला-** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्वत परिषद के तहत आगामी लोकसभा चुनाव की दशा एवं दिशा पर परिचर्चा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में वोटिंग के प्रति जन जागरण था। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित के.ओ कॉलेज के प्रोफेसर दिलीप कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए जो राष्ट्र हित की सोचे, राष्ट्रहित का पैमाना शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार है जिस पर देश के सभी नागरिकों का समान अधिकार है । उन्होंने वर्तमान सरकार के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा देश में विकास हुआ है लेकिन अभी भी कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार को अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अपने अध्यक्षीय भाषण में विजय बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए हमें निर्णय लेना है कि हम किस प्रकार से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने लोकसभा के प्रथम चरण में कम मतदान होने पर भी चिंता व्यक्त की ।

### लोकसभा चुनाव 2024 में नोटा का इस्तेमाल करने पर भी गुरेज नहीं

**गिद्दी।** हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के द्वारा झारखंड से 14 लोकसभा में किसी भी मुसलमान को टिकट नहीं दिए जाने पर इनामुल अंसारी ने नाराजगी जाहिर की है।ईनामुल अंसारी ने कहा है कि इस मामले को मैं मुखर होकर उठाता रहा हूं।हमारी अपील पर पूरे झारखंड के मुसलमान जागरूकता का परिचय देते हुए अपने सम्मान के लिए और बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी के विरोध में गोल बंद होना शुरू हो चुके हैं। इसके लिए पूरे झारखंड के मुसलमान को तहे दिल से शुक्रिया ।

# इंडी गठबंधन के पास ना कोई मोदी का विकल्प है और ना ही राष्ट्र के लिए संकल्प : सुदेश महतो

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास ना कोई मोदी का विकल्प है और ना ही राष्ट्र के लिए संकल्प। सत्तारूढ़ जेएमएम और कांग्रेस का एक ही ध्येय है तुष्टीकरण की राजनीति करना। जेएमएम का तो सारा समय और ध्यान प्रदेश में अपने परिवार को स्थापित करने और लिए झारखंड को ही विस्थापित बनाने में लगा हुआ है।

सुदेश कुमार महतो रविवार को डिमना लेक एरिया, जमशेदपुर में आयोजित जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पांच लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार 10 हजार नौकरियों का भी आंकड़ा नहीं पार कर पाई है। स्थानीय, विस्थापित और नियोजन नीति का वादा कर सत्ता में बैठने वाले लोगों ने अपने वादों को भुला दिया। राज्य की जनता को साढ़े चार साल न कोई नीति मिली न ही नियोजन मिला।



महतो ने कहा कि राज्य के मूलवासियों और आदिवासियों की भलाई के लिए एक भी निर्णय इन्होंने नहीं लिया। अबुआ आवास को इन्होंने बबुआ आवास बना दिया है। किस जरूरतमंद को आवास मिले यह फैसला ग्राम सभा को करना चाहिए था लेकिन इनकी गलत नीतियों के चलते यह फैसला दफ्तर में बैठे बाबू ले रहे हैं। जो पैसा दे सकते हैं उन्हें आवास दिया जा रहा है। राज्यहित की बात करने वाले लोगों की सत्ता में आने के बाद प्राथमिकता ही बदल गई। नीति और नियोजन नहीं, यहां की खान संपदा का दोहन करना और जनता को छलना इनकी प्राथमिकता बन गई है।

आजसू के इस सम्मेलन में जमशेदपुर लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार विधुत वरण महतो भी उपस्थित रहे। मौके पर जमशेदपुर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकताओं और कई समाजसेवियों ने आजसू का दामन थामा।

सम्मेलन में आए पार्टी के सभी कार्यकताओं से सुदेश महतो ने एनडीए उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए दिए गए जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाने और जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताने को कहा।

पार्टी के प्रधान महासचिव राम चन्द्र सहिस ने कहा कि सुदेश महतो राज्य के उम्मीद हैं। अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जमशेदपुर समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। राज्य के क्षेत्रीय मुद्दों को राष्ट्रीय पटल पर पहुंचाने की हमारी तैयारी है। एनडीए का एक-एक कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखेंगे।

इस सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमेटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया।

## आशुतोष तिवारी आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बनाए गए, विभिन्न समाज के अगुआ ने दी जमकर बधाई

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारीएवम मांडर के पश्चिमजीप सदस्य परमेश्वर भगत आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव का पदभार दिया है। सांगठनिक कुशलता और राजनीतिक दूरदर्शिता को देखते हुए आशुतोष तिवारी को आजसू पार्टी ने इस पद पर नियुक्त किया है। केंद्रीय सचिव बनाए जाने के बाद आशुतोष तिवारी ने कहा कि पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उस पर मैं शत प्रतिशत खरा उतरूंगा। मैं जनता की सेवा शुरू से ही करते आ रहा हूं । अब केंद्रीय सचिव बन जाने के बाद मैं जनता की सेवा और मेहनत से करूंगा। उनके दुख दर्द में शामिल रहूंगा और दूर करने का प्रयास करूंगा । पार्टी और जनता का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह जनता का प्यार है कि वह हमसे कम से कदम मिलाकर चलते हैं। जिसका नतीजा आज आजसू पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी से जुड़े हुए महज डेढ़ महीना हुआ है और आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव के पद पर आशुतोष तिवारी को नियुक्त किया है।

तैलिक विकास संघ चोरिया के अध्यक्ष अनिल कुमार साहु ने कहा कि केंद्रीय सचिव बनाए जाने पर आशुतोष तिवारी को हमारे समाज की तरफ से बहुत सारी बधाई । आगे उन्होंने कहा कि आशुतोष तिवारी शुरू से जनता के दिलों में राज करते आए हैं। उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना। इसी का नतीजा रहा कि जनता ने उन्हें सर पर बिठाते हुए भारी मातों से जिला परिषद सदस्य के रूप में चुना और आज आंजसू पार्टी ने उन्हें केंद्रीय सचिव का पद दिया।

चान्हो प्रखंड मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष लतीफ अंसारी ने कहा कि आशुतोष तिवारी सभी समुदायों को बराबर के नजरिए से देखते हैं। उन्होंने कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया । सभी के दुख सुख में हमेशा शामिल रहे। वह चाहते हैं कि लोगों को हमसे कैसे ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचे। मैं चाहता हूं कि वह राजनीति के ऊंचे मुकाम पर पहुंचे और सेवा करने का जो जज्बा है वह हमेशा कायम रहे।

मांडर प्रखंड अंजुमन के सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी ने भी आशुतोष तिवारी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जाति संप्रदाय से हटकर राजनीति करने वाले आशुतोष तिवारी की प्रतिभा कोआजसू पार्टी ने पहचाना और उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेवारी दी है।

## अपनी परंपरा और पर्यावरण की हर हाल में रक्षा करें : कोचे मुंडा

खूंटी

### तोरपा में प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन

अखिल भारतीय सरना समाज के तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा में प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। पाहनों की देखरेख में शांति नगर स्थित सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की। पूजा अनुष्ठान में भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी शामिल हुए। सरहुल महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक कोचे मुंडा उपस्थित थे।

मौके पर विधायक ने विभिन्न गांवों से पहुंचे पाहनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूजा अर्चना के बाद प्रखंड मैदान से भव्य



शोभायात्रा निकाली गई, जो मेन रोड होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा तक गई, जहां प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोचे मुंडा ने कहा कि आज दुह्यख-विपत्ति क्यों आ रही है, क्योंकि हम अपनी परंपरा को छोड़ते जा रहे हैं और प्रकृति का संरक्षण नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज ऑक्सीजन देंने वाले पीपल, तुलसी आदि में हर दिन पानी डाला करते थे।

इससे पेड़ों को संजीवनी मिलती है, पर हम इस तरक की कई परंपराओं का छोडते जा रहे है। विधायक ने कहा कि यदि हम अपनी परंपरा और प्रकृति का सरंक्षण संवर्द्धन नहीं करेंगे, तो पूरी दुनिया का विनाश तय है।

## पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा : सुदेश महतो

रांची

### स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम में युवाओं से संवाद

स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग राज्यों से होकर रांची पहुंचे युवाओं ने हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान सुदेश महतो ने राज्य को विकसित बनाने को लेकर रोडमैप और झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की।

भारत के 18 राज्यों से आए विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े युवा प्रोफेशनल्स



से बातचीत के इस सत्र में युवाओं ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी के गठन के साथ साथ राजनीति और झारखंड आंदोलन से जुड़े विषयों पर सुदेश महतो से सवाल पूछे, जिसका उन्होंने बारी-बारी से जवाब दिया।

सुदेश महतो ने अपने राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्तित्व, भाषा, विचार, कला व संस्कृति की हिफाजत के लिए अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुआ। फिर जनता के विश्वास के साथ चुनाव में जीत हासिल की। इसके साथ उन्होंने अपने राजनीतिक सफर और संघर्ष के विभिन्न पहलुओं से युवाओं को अवगत कराते हुए इस बात पर जोर दिया कि इसके केंद्र में रहा जनसेवा।

महतो ने कहा कि राजनीति को एक दिन में नहीं समझा जा सकता है। यह सभी चीजों का केंद्र है। जिज्ञासा से राजनीतिक स्तर में अंतर लाना संभव है। विकास के मानकों पर झारखंड को देश में टॉप फाइव में शुमार करने की दिशा में काम करना है। राज्य में चिमनी के धुएं से ही सिर्फ रोजगार मिलेगा यह जरूरी नहीं है। यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है। अपने लोगों के पलायन को रोकना, रोजगार के अन्य विकल्प तैयार करना, एक मौसम नहीं साल भार खेती हो ऐसी हमारी तैयारी है। राज्य को उसकी हैसियत पर खड़ा करना हमारा लक्ष्य। पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा है।

सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में स्टूडेंट एक्सप्रेस, उड़ान कोचिंग, स्मार्ट स्कूल, सिल्ली स्टेडियम, आधारभूत संरचनाओं की मजबूती जैसी अन्य कई विकास कार्यों की जानकारी इलेक्शन ऑन व्हील्स के सभी प्रतिभागियों को दी गई। सिल्ली के विकास को देखने के लिए सुदेश महतो ने सभी युवाओं को सिल्ली आने का निमंत्रण दिया।

## समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदी: दिनेश बाउरी

**खूंटी,** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों का जल्द से जल्द निपटारा कराएं। उन्होंने अनिवार्य बेल, जमानत एवं गैर जमानतीय वारंट्स तथा प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट के बारे जानकारी देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया और निःशुल्क न्याय के बारे में भी




लोगों को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि न्यायालय में चल रहे अपने-अपने सभी वादों की जानकारी रखना आपका हक है। आपको निःशुल्क न्याय पाने का हक है, बशर्ते आप लेने के लिए हमेशा आगे बढ़े और जागरूक रहें। उन्होंने कैदियो से आग्रह किया कि समय का सदुपयोग करते हुए समय-समय पर पढ़ने लिखने की भी आदत डालें, जो निकट भविष्य में आगे बढ़ाने में आपको मदद करेगी। कार्यक्रम में एलएडीसी असिस्टेंट अमरदीप कुमार ने कैदियों को योग्य अधिवक्ता प्राप्त अधिकार के बारे में जानकारी दी।

# झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवम सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 सम्पन्न : गोल्ड मेडलिस्ट नेशनल चैम्पियनशिप में करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व

**राची**, स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आज दिनांक 21 अप्रैल को झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवम सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 का समापन हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कुमीते के वर्ग जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवम सीनियर का प्रतियोगिता हुआ। विजेताओं को स्पोर्ट्स कराटे ऐसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सेंसाई हेजाज अकसद, राष्ट्रीय कोच शिहान रंजीत मेहता, राष्ट्रीय रेफरी कोशी नरेंद्र सिन्हा, शिहान शशि पांडे, सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव द्वारा मेडल प्रदान किया गया।

आज के प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा हैं

**गोल्ड मेडल**

अलीशा केरकेट्टा, स्नेहा बालमुची, अकंच्छा तिर्की, आहना मंडल, आर्या अग्रवाल, प्रिशा



पंकज, तविशी वर्मा, रीया कुमारी, स्वेता कुमारी, शीतल तोपनो, राजा घोष, विवेक धान, मुकेश बोदरा, दिव्यांश श्रीवास्तव, संजय कुमार, ऋषी राज सिंह, अंकित धान, जॉनसन खेस, अविसेख, विवेक कच्छाप, बालाजी हीरो, रवि सोरेन, अमृत मुंडा, अमर।

**सिल्वर मेडल**

चंदन कुमार, प्रिंस गुप्ता, अमरजीत मुंडा, प्रिंस ठाकुर, शोषण बोदरा, प्रियांशु लकड़ा, अंशु मिश्रा, अरिसल हीरो, भूपेन्द्र सिंह, राजा घोष, प्रमोद यादव, चंदन शाहनी,अमीश यादव, प्रियंशी कुमारी, अनुष्का आकांक्षा, सुहानी टोप्पो, कृतिका ठाकुर, निलिशा गुड़िया, सीता मनी उरांव।

**ब्राउंज मेडल**

अपूर्व राज, पुजा तिर्की, प्रियंका कुमारी, विधि रवि, सोनमती कुमारी, संजना मिंज, अलका बारला, जितेश मुंडा, अनंत हस्सा, एडमिन टोपनो, सिवदत्त लोहरा, गौरव मुंडा।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले प्लेयर्स देहरादून में होने वाले नेशनल चैम्पियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।विजेताओं को स्पट्र्स कराटे स्पोट्र्स ऑफ झारखंड के सी ई वो सेंसाई के के सिंह, अध्यक्ष हंसी मानस सिन्हा, सेंसाई उदय कुमार ने बधाई दी।

## इमा कराटे स्टूडियो 22 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन

**राची,** सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में बिशप स्कूल की मेजबानी में आयोजित 11वी इमा कप सिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का समापन हुआ।इमा कराटे स्टूडियो 22 स्वर्ण 18 रजत व 11 कांस्य पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता वहीं

टाटासिल्वे क्लब 11 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर और बरियातू क्लब तीसरे स्थान पर रही।

मेजबान टीम बिशप स्कूल को चौथा स्थान प्राप्त हुआ अनुशासित टीम का खिताब बिशप स्कूल बहु बाजार को मिला।

लड़कों के वर्ग में चैंपियन का खिताब इमा कराटे स्टूडियो के प्रीत सोनी ने जीता। वही लड़कियों के वर्ग में चैंपियन का खिताब बरियातू क्लब की मारीया लवलीन खेस को प्राप्त हुआ।

सभी सफल खिलाड़ियों को समापन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी इमा के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा एवं शिहान साधन चंद्र लोहार ने पुरस्कार प्रदान किया

## आध्यात्मिक जीवन संपदा के चार सूत्रों पर स्वाध्याय पाठ आनलाइन हुआ

**राची,**गायत्री परिवार युगतीर्थ के परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति-तपोनिष्ठ पण्डित श्रीराम आचार्य जी की लिखित पुस्तक इक्कीसवीं सदी का संविधान नामक युग साहित्य पुस्तक स्वाध्याय पाठ-संवाद के अंतर्गत आज रविवार को आध्यात्मिक जीवन संपदा के

चार सूत्रों पर आनलाइन स्वाध्याय पाठ व संवाद हुआ।स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन एवं मनन इन चारों आधारों पर मानसिक दुर्बलता को हटाना और आत्मबल बढ़ाना चाहिए। साथ ही चार संयम में इन्द्रिय संयम, अर्थ संयम,समय संयम, विचार संयम, चार शक्तिसूत्र में इन्द्रिय शक्ति, समय शक्ति, विचार शक्ति, अर्थ (धन) शक्ति तथा चार सूत्र साधना,स्वाध्याय,संयम सेवा, तथा साथ ही समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी के सूत्रों पर प्रकाश डाला गया।बताया गया कि जीवन एक युद्ध स्थली है,जीवनसंग्राम में संयमी पुरुष कभी दुःखी नहीं होता तथा विश्रृंखलित व अस्त- व्यस्त विचार उसे प्रभावित नहीं कर पाते। संयम एवं संघर्ष पर चचाएँ हुई।ये एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। असंयम की परिणति ही दीन- हीन, दरिद्रता, रोग-शोक के रूप में होती है। जीवन देवता की उपासना तब ही भली प्रकार संभव है, जब अपने जीवन रसों को व्यर्थ बहाना छोड़कर मनुष्य उन्हें सृजनात्मक चिंतन व कर्त्तव्य में नियोजित करे ।

## सार-संक्षेप

### महावीर जयंती पर खूंटी में निकली शोभायात्रा, भगवान को कराया गया नगर भ्रमण

**खूंटी।** जैन समाज खूंटी द्वारा रविवार को पूरे भक्ति भाव के साथ महावीर जयंती मनाई गई। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, दया की भावना हृदय में डालने ये पर्व हमें सीखता है। जैन समाज के लोगो द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ महावीर जयंती की शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजा की टीम के साथ निकाली गई शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष भजन कर रहे थे।

जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद वापस जैन मंदिर पहुंची जहां भगवान की अभिषेक के साथ पूजा की गई। शाम में सामूहिक महा आरती के साथ भगवान महावीर के संदेशों को बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शेखर चंद जैन, प्रकाश चंद जैन, अरविंद जैन, अशोक जैन, बंटी जैन का योगदान रहा।

### मुरहू में 960 ग्राम अफीम और 65 किलोग्राम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

**खूंटी** मुरहू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को मुरहू के जाते मधुटोली गांव निवासी विलियम बोदरा के घर में छापामारी कर घर में छुपा कर रखी गई 960 ग्राम अवैध अफीम और 65 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया।

मौके पर आरोपित विलियम बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी रविवार को खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पूर्व शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुरहू थाना क्षेत्र में चलाई गई एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ देसी शराब बरामद की गई। मौके पर बाइक सवार युवक मुरहू के पसराबेड़ा गांव निवासी पोगरो मुंडा (35 ) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी अभियान में मुरहू थाना प्रभारी गोडवीन केर-केट्टा, एसआई रोशन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### सीआरपीएफ ने शहीद हवलदार एएम भेंगरा को दी श्रद्धांजलि, पत्नी को किया सम्मानित

**खूंटी।** लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले बलिदानी नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा रविवार को आरसी मध्य विद्यालय रोहने तपकरा में बलिदानी हवलदार जीडी एएम भेंगरा के बलिदानी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बलिदानी एएम भेंगरा टोपनो 30वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान आज ही के दिन जम्मू कश्मीर के पुंछ जिला में आतंकवादियों से वीरता पूर्वक लड़ते हुए देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। बलिदानी दिवस पर उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल 94 बटालियन ने बलिदानी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी पत्नी अलिशा भेंगरा को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किया और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की। मौके पर तपकरा थाना प्रभारी श्यामल कुमकर, आरसी मध्य विद्यालय रोहने की प्राचार्या इमलिया गुड़िया सहित अन्य ग्रामवासी और सीआरपीएफ के जवान उपस्थित थे।

### समाजसेवी की पुण्यतिथि पर पुत्र ने समर्पित किया गायत्री ज्ञान रथ

**खूंटी,** । समाजसेवी नानाश्री रमन महतो की प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बालमुकुंद कश्यप द्वारा सहायक ट्रस्टी सीमा सिंह को गायत्री ह्लज्ञान रथ की चाभी सौंपी गई। मौके पर कश्यप ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण का संदेश देंगे। दिवंगत नानाश्री रमन महतो के अधूरे कार्य को पूरा करने में यह ज्ञान रथ मील का पत्थर साबित होगा। गायत्री परिवार खूंटी के सदस्य मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं।

मौके पर उनके आवास में 12 घंटे का अखंड जाप एवं हवन का कार्यक्रम हुआ। शाम में वृद्धाश्रम में वृद्धों को भोजन कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम में गिरीश जायसवाल, पूर्णेन्दु जायसवाल, कृष्ण कांत मांझी, उमा शंकर साहू, धनंजय महतो, सत्येंद्र कंसारी, संजीव चौरसिया, रीता मेहता, राजकुमार मिश्रा, भारती देवी, सुरेंद्र कंठ, रांची के डॉक्टर सुखदेव साहू पवन कुमार दास गुमला के पंचू साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मोबाइल टावर का आठ लाख का मोडम चोरी करते एक गिरफ्तार

**रांची।** रांची के मांडर थाना पुलिस ने एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर पर लगने वाला 3जी और 4 जी हाई स्पीड मोडम को चोरी करने के मामले में गणेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपित बिहार के पटना का रहने वाला है। इसके पास से आठ लाख कीमत का 3जी और 4 जी का हाई स्पीड मोडम एवं तीन पीस रिंच बरामद किया गया है।

मांडर थाना प्रभारी राहुल ने रविवार को बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि रांची क्षेत्र में अज्ञात चोरों के जरिये एयरटेल और अन्य टावर से 4 जी हाई स्पीड मोडम को चोरी कर लिया जा रहा है। सूचना के बाद वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अज्ञात चारों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया । टीम को अनुसंधान के क्रम में सूचना मिली कि मांडर थाना अंतर्गत महुआजाड़ी में भी टावर से 4जी हाई स्पीड मोडम की चोरी की जा रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम उक्त स्थान पर पहुंची। वहां पहुंची टीम ने एक व्यक्ति को टावर से 4जी हाई स्पीड मोडम की चोरी करते हुए पाया।

### स्वस्थ रहने के लिए सुबह एक घंटा अपने शरीर को जरूर दीजिए : डॉ आर. के उपाध्याय

**राची,** जेसीआई राँची यूथ और शल्बी डिवाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया की शिविर मे लगभग 150 लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।शिविर में डॉक्टर आर.के उपाध्याय ने बीपी, शुगर, हृदय, उच्च रक्तचाप, टॉयफायड, शुगर,रोग तथा अन्य बीमारियों के मरीज का निःशुल्क जाँच किया गया।

रक्तचाप, मधुमेह की जाँच अधिक मात्रा हुई और मुफ्त मे दवाइयों का वितरण किया गया। मेडिकल टीम मे आए जनरल फिजीशियन डॉक्टर आर.के उपाध्याय ने शिविर मे उपस्थित को महत्वपूर्ण जानकारी मे उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए 1 घंटे का व्यायाम बहुत जरूरी है पूरे 24 घंटे में आप 23 घंटे अपने काम में लगा लीजिए परंतु शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह एक घंटा अपने शरीर को जरूर दीजिए जिसमें चलना, दौड़ना, खेलना, व्यायाम करना, साइकलिंग इत्यादि शामिल है। चिकित्सकों द्वारा जांच के पश्चात लोगों को उचित मार्गदर्शन भी दिया गया है।इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे।

# सी-विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत,100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

## जागरूक बनें और चुनाव के निष्पक्ष संपादन में प्रशासन का सहयोग करें

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी-विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है । सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है । आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

**क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?**

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है । चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के आंख नाक कान बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभायें ।

**शिकायत का निष्पादन कैसे होता है?**

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उडनदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है ।

**एप से क्या-क्या शिकायत दर्ज करा सकते हैं?**

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है । बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाडी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शडिकायतें की जा सकती हैं ।




## उलगुलान न्याय महारैली कि भीड़ ऐतिहासिकः साजिद

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**हजारीबाग।** इंडिया गठबंधन द्वारा प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची में उलगुलान न्याय महारैली का रविवार को अयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से हजारों हजार कि संख्या में इंडिया गठबंधन के ऊर्जावान नेता और कार्यकर्ता महारैली में शामिल हुए सभी लोगों ने एक स्वर में लोकसभा चुनाव जीतने का संकल्प लिया। इस महारैली में हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने भी अपने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आए हुए लोगों से गठबंधन के पक्ष में अधिक से अधिक वोट करवाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि महारैली में आए हुए भीड़ अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है। यह भीड़ दर्शाती है की केंद्र सरकार से भारतीय लोग कितने त्रस्त हैं देश का हर एक व्यक्ति अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है और हर कोई न्याय के लिए इंडिया गठबंधन और देश के जननायक राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं।

यही वजह कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण में स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि नरेंद्र मोदी लोकप्रियता घटी है और हर कोई सत्ता परिवर्तन चाहता है। महारैली में मुख्य रूप इजहारुल हूसैन, साबिर अली, शाहिद शेख, मुन्ना खान, सफ़र रज्जा,मो.इमतियाज, मुन्ना मल्लिक,नाजिर अली, मौलाना मुख्तार,मो.खुरशिद अंसारी कमरुद्दीन इत्यादि दर्जनों लोग मुख्य रूप से उपस्थित हुए।.

## यज्ञ को ले जोरदाग गांव में निकाली गई शोभायात्रा किया गया ध्वजारोहण

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र अंर्तगत जोरदाग गांव में रविवार को श्री श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भूमि पूजन व झंडारोहण कार्यक्रम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई! भक्तों ने भूमि पूजन स्थल से गांव भ्रमण करते हुए पुनःभूमि पूजन स्थल में पहुंच कर शोभा यात्रा की समाप्ति की! इस दौरान जय श्री राम , जय हनुमान के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया! महायज्ञ के लिए यज्ञाचार्य सात्येन्द्र पांडेय,शास्त्री अमित पांडेय यज्ञाधीश महाराज प्रयाग राज द्वारा मंत्रोच्चारण एवं पूजा पाठ कर ध्वजारोहण का कार्य किया गया! महायज्ञ 28 अप्रैल से शुरू होगा जो 6 मई तक चलेगा! 28 अप्रैल को जल यात्रा व 6 मई को हवन पूर्णहुति वशीधरा ब्राह्मण भोजन



कन्यापूजन एंव भंडरा व भव्य जागरण के साथ - साथ यज्ञ समापन किया जाएगा! मौके पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी,यज्ञ समिति अध्यक्ष श्यामदेव साव,सचिव अमित कुमार माली, कोषाध्यक्ष कुलदीप साव,मिडिया प्रभारी ज्ञान पासवान,उपाध्यक्ष अनिल मुंडा ,बालदेव साव, उदय लाल गुप्ता प्रेम रंजन पासवान ,जागेश्वर साव,खिरोधर साव,राम कुमार साव,दशरथ साव, रामवृक्ष गंझू,कृष्णा कुमार गुप्ता, तुलसी साव,किशोर साव,सुरेश रजक, संजय साव, कन्हाई माली,चोहन राम,कालो राम,संजय पासवान ब्रजेश गौरव,दिनेश महतो,अक्ल साव,ब्रजेश राम ,आदित्य साव,समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे! ।

## जैन समुदाय के द्वारा निकाली गई महावीर जयंती की भव्य शोभायात्रा का, हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा किया गया स्वागत

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**




**हजारीबाग।** हजारीबाग की पावन धरती पर जैन समुदाय के द्वारा महावीर जयंती के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसका सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा के बड़ा बाजार चौक के समीप जैन समुदाय के महामंत्री पवन जैन अजमेरा, सयुक्त महामंत्री, कोषाध्यक्ष,कार्यकारिणी सदस्य टोनी जैन, एवं स्वरूप चंद्र सहित कई बड़े पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात जुलूस में शामिल तमाम महिलाएं,पुरुष एवं बच्चों के बीच जूस एवं पानी की बोतल का वितरण किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात जैन समाज के बड़े पदाधिकारियों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य महावीर स्वामी की जय कारे लगाते हुए शोभा यात्रा का आनंद ले रहे थे। तो वही शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए और शोभायात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे, तो वहीं बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे और ईश्वर की आराधना कर रहे थे।कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खंडेलवाल, संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केशरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे,प्रणीत जैन, हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक की सुपुत्री वर्षा जैन,अजय यादव सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है। उनके सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय आदि उपदेश एक खुली किताब की तरह है। जो सत्य परंतु आम आदमी को कठिन प्रतडीत होते हैं।

मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार एवं उपाध्यक्ष विकास केसरी ने संयुक्त रूप से महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष पर निकाला गया भव्य शोभायात्रा जिसका स्वागत व अभिनंदन करने का हम सभी हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौभाग्य प्राप्त हुआ। महावीर स्वामी की कृपा से। हम सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों पर महावीर स्वामी का आशीर्वाद सदैव बना रहे।..

## गाल्होबार में मुखिया के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम पंचायत गाल्होबार स्थित पंचायत सचिवालय भवन में रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आगामी लोकसभा 2024 को लेकर मतदाताओं को अपने मताधिकार के लिए जागरूक करने के साथ-साथ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए मुखिया मंजू देवी ने अपने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक रखी। बैठक में उपस्थित जलसहिया, स्वास्थ सहिया, कृषक मित्र एवम आंगनवाड़ी सेविकाओं को एक साथ शपथ दिलाया गया और कहा गया की हम सभी अपने दायित्व को निभाते हुए 80त्न मतदान कराने कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में पंचायत सचिव जगनारायण राम, वार्ड सदस्य बसंत नायक, जागेश्वर, रामलाल महतो रामलखन पांडे, सूरज पाठक, गोविंद राम, स्वस्थ उपकेंद्र के प्रिंस कुमार, एएनएम यशोदा कुमारी, प्रज्ञा केंद्र के डेगलाल महतो, नेहरू युवा केंद्र के सुधीर रजक, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, छोटी शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।.

# हाय रे ट्रैफिक जाम, कैसे होगा पब्लिक का काम...?

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ राकेश रोशन**

**बरही।** आये दिन देखने को मिलता है बरही का चारो मार्ग इस कदर जाम रहते हैं जैसे मानो आपको एक मार्ग से दूसरे मार्ग तक पहुंचने के लिए युद्ध करना पड जाए। बरही के बाजारों में आवाजाही की अवस्था इस कदर खराब हो चुकी है कि लोगों का खास कर महिलाओं, आम जनमानस, विद्यार्थियों, यात्रियों एवं वृद्धजनों को बाजार में खरीददारी करना और एक मार्ग से दूसरे मार्ग तक पहुंचना बेहद मुश्किल हो गया है। बाजारों में पार्किग की सुविधा ना देने के कारण घंटों का जाम लगने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। दुकानदारों की ओर से अपनी दुकानों के आगे सामान रखने, सब्जी व फलों की रेहडियां किनारों पर खडी होना भी जाम का कारण बन रहा है। लेकिन प्रशासन अधिकारी नाजायज कब्जे करने के खिलाफ छनभर के लिए कोई कार्रवाई करती भी है परन्तु फिर सो जाती है। इसका परिणाम आम जनता को भुगतना पड रहा है। चाहे एम्बुलेंस हो, स्कूली बस हो, शादी-विवाह की गाडियां हो इस जाम में घंटो फंसे के फंसे रह जाते हैं। ट्रैफिक में फंसने से कई नुकसान होते हैं क्योंकि इससे लोगो का समय और ईंधन दोनों बर्बाद होता है।



ट्रैफिक जाम में वाहन चलाना चालकों और यात्रियों दोनों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। ऐसे में लोग सड़कों पर निकलना तो बंद नहीं कर सकते हैं।बरहीवासीयों को घरेलू शॉपिग करने के लिए प्रत्येक दो- चार दिन में मुख्य बाजार का चक्कर लगता है। गर्मी के चलते वह अकसर सुबह-सुबह व शाम को तरजीह देते हैं। लेकिन दोनों वक्त भीड व वाहन बेकाबू हो जाते हैं। गर्मी के कारण जाम में प्रदूषण के बीच रूकना मुश्किल हो जाता है। कई बार जाम खुलने की प्रतीक्षा में दुकानों की सीडियों या दहलीज पर बैठकर इंतजार करना पडता है। बरही वासियों की मांग है कि प्रशासन को इस मामले में जल्द ही मांग कि ट्रैफिक समस्या का हल करके रागहीरों को राहत दी जाए।

**प्रशासन द्वारा क्या किया जाना चाहिए?**

सामान्यतः आवागमन के लिए विभिन्न रूट होते हैं। ऐसे में प्रशासन को एक शुरुआत करनी चाहिए कि लोगो के सहूलियत के लिए ट्रैफिक में फंसने से बचाने के लिए उन्हें सही और संक्षिप्त रास्ता का सुझाव दे सकती है।जागरूक अभियान चला कर लोगो में जागरूकता फैला सकती है। इसके लिए स्कूल, कॉलेज एवं चौराहे पर जागरूकता अभियान चला सकती है। कुछ दिन सलाह देने के बाद यदि लोग नहीं सुधरते हैं तो चालान काटकर दंडित कर सकती है। सोशल मीडिया पर कैम्पेन चला कर इस मुहिम में लोगो को जोड सकती है। लोगो को सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित करने से अधिक से अधिक लोगो को जोडा जा सकता है। दुकानदारों को सडक पर अतिक्रमण करने से रोकना चाहिए और इसके बाद अवरुद्ध करने पर चालान काटा जाना चाहिए।

## एक-नजर

### कॉमरेड स्व0 नरेश पटेल की 15वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़मो में आज दिनांक 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को संघर्षशील समाजसेवी कॉमरेड स्व0 नरेश पटेल की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके पैतृक आवास पर स्थिर प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखा गया और 15वीं पुण्यतिथि मानते हुए गांव के संघर्षशील समाजसेवी को नमन् किया गया। इस मौके पर स्व0 नरेश पटेल की मां, उनके बड़े भाई रामेश्वर महतो, भतीजे रामप्रसाद महतो, बंटी राज, बेटे शिवनंदन पटेल, रिशभ प्रसाद, ललिता कुमारी, सावित्री देवी साथ ही साथ गांव के समाज सेवी टहल महतो, धनश्याम महतो, फुलचंद पटेल, राजेन्द्र कुमार महतो, कारुलाल महतो, हरीलाल महतो, अरविंद राज मेहता, विरेन्द्र महतो, सुनिल कुमार महतो, नितीश कुमार सहित गांव के अन्य लोग उपस्थित रहे।.

### अनियंत्रित ट्रैक्टर तालाब में जा गिरी, चालक की मौत

**विष्णुगढ।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो स्थित कुबरी बांध में ट्रैक्टर गिरने से चालक की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात ट्रैक्टर के बांध में गिरने से चालक अरुण कुमार उम्र 18 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया गया की चालक खाली ट्रैक्टर लेकर गाल्होबार की ओर से बनासो की तरफ आ रहा था उसी क्रम में उसकी आंख लग जाने से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर तालाब (बांध) में जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। चालक गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत चिदरी पंचायत के कदमा का निवासी बताया गया।

### हल्के तूफान से नल जल योजना का सोलर प्लेट घर पर गिरा

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम लेम्बुआ में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत नल जल योजना का पानी टंकी लगाया गया है। वहीं टंकी के ऊपर सोलर सिस्टम लगी है। शनिवार को आई हल्की तूफान से सोलर हवा में उड़ गई और इंदर ठाकुर के अल्बेस्टर सीट घर के ऊपर जा गिरा जिससे सीट टूट गया।वहीं सोलर प्लेट उड़ जाने से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।गृह स्वामी इंदर ठाकुर ने कहा कि हम लोग गरीब हैं और सोलर प्लेट गिरने के कारण घर का छप्पर टूट गया।फिलहाल रहने में हमलोगों को दिक्कत हो रही है। बहरहाल हल्के तूफान में सोलर प्लेट का गिर जाना कहीं ना कहीं काम के गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

### कांग्रेस इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने किया हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का दौरा

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का चुनावी दौरा जारी है। वो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर जनसंपर्क कर रहे हैं। समाज के सभी वर्गों के लोगों से मुलाकात कर अपने जनसम्पर्क के क्रम को लगातार मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में वो कल बैशाखी के शुभ अवसर पर हजारीबाग गुरु गोबिंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा में सिख समुदाय के लोगों के साथ मत्था टेका और शुभकामनाएं दिया। उन्होंने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवासियों के अमन- चैन, खुशहाली और उन्नति की दुआ मांगा। इस दौरान उन्होंने संदेश दिया कि अमन -चैन और खुशहाली, उन्नति का यह पर्व सभी के जीवन मे खुशियां और उन्नति लेकर आये। आपसी सौहार्द के साथ सब को मिलकर रहना है और हजारीबाग के विकास में अपनी भूमिका तय करने का समय है।

जयप्रकाश भाई पटेल ने ह?रीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव से भी मुलाकात किया। रामनवमी पूजा को लेकर हो रही तैयारियां एवं विभिन्न मुद्दों पर बातचीत किया। इस दौरान वो सनराइज ग्रुप द्वारा आयोजित रामनवमी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। आरती लेकर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में कैसे रामनवमी का आयोजन हो उसको लेकर भी कई बिंदुओ पर सुझाव दिया। साथ ही ह?रीबाग के रामनवनी की ख्याति पूरे देश में है उसको भी हमें मिलकर बनाये रखने का संदेश दिया।

**रामगढ के दर्जनों स्थानों में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल लोकसभा क्षेत्र के रामगढ में कॉलेज रोड, मेन रोड, चैनगढा, पोचरा, बरकाकाना, मतकमा चौक भुरकुंडा आदि कई स्थानों में जनसंपर्क किया। इस बीच कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने माँ वनजारी दुर्गा मंदिर में माता का आशीर्वादलिया। स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कल उन्होंने रिवर साइड भुरकुंडा में आयोजित सरहुल पूजा के केंद्रीय मिलन समारोह सह शोभायात्रा में भी सम्मिलित हुए।

जनसंपर्क में उनके साथ मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, मनोज नारायण भगत (नगर अध्यक्ष), गणेश प्रसाद मेहता (सदर प्रखंड प्रमुख), जयकुमार महतो, अनिल कुमार रॉय आदि कई लोग उपस्थित रहे एवं इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील लोगों से किया।

### सरस्वती उच्च विद्यालय की छात्रा मुस्कान सिन्हा 93.40 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड की टॉपर छात्रा बनी

**दारू ।** सरस्वती उच्च विद्यालय की छात्रा मुस्कान सिन्हा ने मैट्रिक की परीक्षा मे 93.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड की टॉपर छात्रा बनने का गौरव हासिल किया है।मुस्कान एक बहुत ही प्रतिभावान छात्रा है और सिमित संसाधनों मे उसने बहुत मेहनत और लगनपूर्वक पढाई कर यह उपलब्धि हासिल किया है। मुस्कान के पिता भैया अजीत कुमार सिन्हा टाटीझरिया के एक निजी विद्यालय मे शिक्षक है और मा एक सफल गृहणी है।मुस्कान की प्रखंड की उत्कृष्ट छात्रा घोषित होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद, मुखिया सुनील कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों और प?ोसियों ने बधाई देते हुए मुस्कान के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी विद्यालय का दूसरा होनहार छात्र पेटो निवासी बादल कुमार पिता कृष्ण कुमार कुशवाहा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड का दूसरा टॉपर छात्र बना है। बादल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है।इन दोनो छात्रों के साथ मुस्कान कुमारी 455,संजना कुमारी 443 अनुराज 428 शायरा बानो 420 नगमा ना 417 ,हीना कुमारी 412 मुनिका कुमारी 409 मुस्कान कुमार वर्मा 408 अंक लाकर टॉप टेन छात्रों मे अपनी जगह बनाने मे सफल रहे।

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

**हजारीबाग।** आज के भौतिकवादी युग में जहां मानवीय मूल्यों को ताक पर रखकर प्राणी मात्र जीह्वा और अर्थ के अंतहीन रास्ते की ओर दौड़ा चला जा रहा है वहां पर सत्य, अहिंसा अचौर्य अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का उपदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी का आज 2623वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव है। भगवान महावीर स्वामी का संपूर्ण जीवन स्व के साथ प्राणी मात्र के कल्याण हेतु समर्पित था। राजकुमार के घराने से संबंध रखने वाले भगवान महावीर स्वामी ने संपूर्ण परिग्रह का त्याग कर आत्म शक्ति के बल पर काम, क्रोध, लोभ को जीतकर स्वतत्व को प्राप्त किया।

ऐसे महावीर स्वामी के आज जन्म कल्याणक महोत्सव पर शंका समाधान प्रणेता मुनिवर प्रमाण सागर जी महाराज की जन्म नगरी हजारीबाग में प्रातः 5ः00 बजे श्रद्धालुओं के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। दोनों मंदिर जी में महावीर भगवान की जिन प्रतिमा में अभिषेक शांतिधारा एवं श्रद्धा भक्ति भाव से पूजन किया गया। आज गुरुवर प्रमाण सागर जी महाराज जी का दीक्षा महोत्सव भी है लोगों ने उनके श्री चरणों में अपने भक्ति सुमन अर्पित किए।

# करीब डेढ करोड के अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, मवेशी शेड में स्टॉक कर करते थे तस्करी

## खूंटी से अफीम खरीदकर दिल्ली और पंजाब के मंडियों में करते थे आपूर्ति

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**चतरा।** रातो-रात अमीर बनने के फिराक में जुटे अफीम तस्करों को पुलिस ने एक और बडा झटका दिया है। जिले के गिद्धौर थाना पुलिस की टीम ने बडी कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड चालीस लाख रुपये के अफीम के अवैध खेप के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित गिद्धौर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई कर माफियाओं में हडकंप मचा दिया है। गिरफ्तार तस्कर अफीम के खेप को दूसरे राज्यों के मंडियों में ऊंचे दामों पर खपाने का काम करते थे।

मवेशी सेड में छिपाकर रखते थे अवैध स्टॉक, पुलिस ने योजना किया विफल अफीम तस्करों के विरुद्ध हुई कार्रवाई की पुष्टि करते हुए सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बरली टोला में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से अफीम को स्टॉक कर तस्करी करने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गिद्धौर थाना प्रभारी व सशस्त्र बल की संयुक्त टीम का गठन कर



अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। निर्देश के आलोक में टीम ने चिंहित स्थल पर बने मवेशी सेड में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध तरीके से तस्करी को लेकर स्टॉक कर रखा गया 28 किलो अफीम के साथ तस्कर महेंद्र दांगी व उसके पुत्र दीपेंद्र दांगी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाईल फोन भी तस्करों के पास से जप्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि नशे के अवैध कारोबारियों के द्वारा अफीम के खेप को खूंटी से खरीद कर दिल्ली और पंजाब के मंडियों में खपाया जाता था। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामार कर उनकी साजिश पर पानी फेर दिया।

मजदूर को पूछताछ के बाद किया मुक्त, मास्टरमाइंड फरार

जानकारी के अनुसार गिद्धौर थाना पुलिस ने छापामारी के दौरान मौके से एक मजदूर को भी तस्करों के साथ हिरासत में लिया था। लेकिन अधिकारियों व जांच टीम के द्वारा पूछताछ के बाद मजदूर की संलिप्तता नहीं पाए जाने के बाद उसे थाने से मुक्त कर दिया। हालांकि पुलिस के अभियान के दौरान मौके से इस काले धंधे का मास्टरमाइंड भागने में सफल रहा है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्कर पिता अपने इस पुत्र के साथ पूर्व में भी अफीम तस्करी के मामले में जेल की हवा खा चुका हैं।

जबकि उसका दूसरा बेटा जो इस तस्करी के काले धंधे का मास्टरमाइंड माना जाता है। वह अभी भी पुलिस के पहुंच से दूर है। सूत्रों के अनुसार अफीम तस्करी से जुड़े इस माफिया बाप-बेटे की जोड़ी ने करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की है। ये अफीम तस्करी के काले धंधे की कमाई से विभिन्न जिलों में परिवहन निबंधित दर्जनों गाड़ियों के साथ-साथ विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर अचल संपत्तियां भी अर्जित कर रखी है। जिसकी जांच करें तो पुलिस को और भी बड़ी सफलता हाथ लग सकती है।

# विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविंदपुर निवासी की लू लगने से हुई मौत

**विष्णुगढ।** बढ़ती गर्मी से लोग हो रहे हैं परेशान एक तरफ विष्णुगढ़ में प्रतिदिन अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच चुका है। वहीं इस जला देने वाली प्रचंड गर्मी में दिन में सड़के सुनी रहती हैं लेकिन जोरों की शादी के लगन के बीच जरूरी कार्य के लिए लोग घर से निकल कर कार्य करने के लिए विवश हैं। मौसम का हाल कुछ ऐसा है की संध्या 5-6 बजे के बीच भी तापमान 40 डिग्री रिकॉर्ड किया जा रहा है। इसी तपतापी गर्मी की वजह से प्रखंड के गोविंदपुर खुर्द निवासी उमेश महतो की रविवार को लू लगने से मौत हो गई। बताया गया कि मृतक उमेश महतो उम्र 50 वर्ष अपनी पत्नी के साथ बाइक में सवार होकर तकरीबन 03ः 00 बजे अपने परिजन के यहाँ शादी समारोह में शामिल होने के लिए सीधाबारा



जा रहे थे। मृतक की पत्नी के कथनानुसार गोविंदपुर मंगरो पुल के पास उनके पति ने चक्कर और हाथ पाँव में खिंचाव की बात कहकर एक पेड के नीचे बाइक खडी की और सुस्ताने लगे और कुछ देर बाद उनकी आंख बंद हो गई। कुछ देर बाद उठाने के बाद भी नही उठने पर जोर-जोर से रोने लगी। आने-जाने वालों ने आकर देखा तो उमेश महतो का शरीर ठंडा पड चुका था। इस बाबत उमेश महतो के परिजनों ने विष्णुगढ के निजी अस्पताल में आत्मसंतुष्टि के लिए उमेश महतो को लाया जहाँ चिकित्सक ने जांचोउपरांत उमेश महतो को मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि के बाद मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। गोविंदपुर गाँव के लोग इस आकस्मिक घटना से स्तब्ध है। वहीं मृतक अपने पीछे दो बेटे कामेश्वर कुमार उम्र 22 वर्ष ।

# श्मशान घाट सेवा समिति समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है

**बड़कागांव।** बड़कागांव में संचालित श्मशान घाट सेवा समिति, समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है। अब तक लगभग 175 शवों की अंतिम संस्कार के लिए लोगों के बीच निःशुल्क लकड़ी मुहैया कराई है। पिछ्ले कुछ वर्षों में प्रखंड में शव जलाने के लिए लकड़ी की समस्या देखी जा रही थी । इस समस्या का समाधान के लिए श्मशान घाट सेवा समिति का निर्माण 2 वर्ष पूर्व 2022 में की गई थी। जो धरातल पर अब तक समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाली समिति के रूप में सामने उभर कर आने लगी है। यह समिति बड़का गांव प्रखंड के बुद्धिजीवी प्रबुद्ध जनों के द्वारा निर्माण कराया गया है। जिसमें सदस्य लोग श्मशान घाट सेवा समिति के बैंक खाते में आंशिक सहयोग राशि देकर, पुण्य



के भागी बनते हैं। इसी राशि से लकड़ी की खरीदारी होती है और लोगों को अंतिम संस्कार के लिए निःशुल्क लकड़ी मुहैया कराई जाती है। जिसमें कई लोग आंशिक सहयोग राशि देकर पुण्य के भागी भी बनते हैं। उक्त कार्य में श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंहा, सचिव सुभाष सिंह, केनरा बैंक मैनेजर शशि कुमार बागे, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, बड़कागांव पूर्व रेंजर छोटेलाल साहू, पूर्व थाना प्रभारी विनोद तिर्की, प्रवीण कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, सहेश कुमार, संदीप कुशवाहा, विष्णु रजक, मीणा महतो, नागेश्वर महतो, रमेश अग्रवाल के अलावा कई विशिष्ट लोग श्मशान घाट सेवा समिति से जुड़े हुए हैं और संस्था को सहयोग करते आ रहे हैं।

# रामनवमी में दिखाए गए आकर्षक झांकी व जुलूस को महासमिति ने किया पुरस्कृत

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी के निकाली गई झांकी व जुलूस शनिवार सुबह 5ः00 बजे में संपन्न हो गया। सभी 12 अखाड़े के द्वारा 30 घंटे तक एक से बढ़कर एक झांकी एवं जुलूस प्रस्तुत किया गया जिसे हजारों लोगों ने अवलोकन किया। जुलूस में विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाअधिकारी बालेश्वर राम ,इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह अंतिम समय तक मॉनिटरिंग करते रहे। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी के नेतृत्व में झांकी एवं जुलूस का मूल्यांकन कराया गया। जिसमें मूल्यांकन कर्ता मनोज गुप्ता, विनोद सिंहा व प्रवीण कुमार के द्वारा झांकी एवं जुलूस की डेकोरेशन झांकी का संदेश, लाइटिंग, साउंड, ताशा पार्टी, शिष्टाचार, लाठी



तलवार, भाला की करतब दिखलाने के अलावा अन्य चीजों की अवलोकन कर मूल्यांकन कर झांकियों को अंक दिए गए। बड़कागांव दैनिक बाजार में शनिवार रात आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह व उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें संगम युवा क्लब बसरिया मोहल्ला की ÷ड्रग्स की गर्त में बर्बाद होता युवा÷ से संबंधित झांकी को प्रथम पुरस्कार दिया गया वहीं अवतार क्लब लोहार मोहल्ला की झांकी शिव तांडव को द्वितीय पुरस्कार एवं तृतीय पुरस्कार आदर्श गुरु चट्टी रामनवमी पूजा समिति की झांकी अशोक वाटिका संवाद को पुरस्कार के लिए चुना गया। इसके अलावा लाठी भांजने तलवार की करतब दिखलाने ताशा पार्टी के अलावा अन्य बेहतर करने वाले को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सोनू कुमार और राजनंदिनी ने अपनी कलाकारी से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन रितेश ठाकुर ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, ।

# दादा जी रामनरेश यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर शरबत वितरण सेवा

**हजारीबाग।** अपने दादाजी रामनरेश यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग के प्राचार्य डा.अरविंद कुमार यादव ने शरबत वितरण सेवा का आयोजन किया। झील परिसर स्थित प्रेस क्लब हजारीबाग के सहयोग से मुख्यद्वार के निकट रविवार को शरबत वितरण सेवा के अलावा नेशनल जर्नल ÷इडुनिक बुलेटिन÷ का विमोचन भी किया गया।

यह आयोजन पितामह रामनरेश यादव स्मृति कोष, जौनपुर उत्तर प्रदेश से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. गजेन्द्र सिंह, प्रो. मृत्यंजय सिंह, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज




कुमार, विशिष्ट अतिथि निशांत यदूवेन्द्र, प्रो. सत्यप्रकाश सिंह, प्रो. चेतलाल प्रसाद, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. परीक्षित लायक, प्रेस क्लब हजारीबाग के उपाध्यक्ष अभय सिंह कोषाध्यक्ष डॉ. अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य बबलू कुमार, प्रमोद खंडेलवाल, संगीत प्राध्यापक अशोक कुमार सिन्हा, आकाशवाणी के सूरज कुमार आदि ने ÷इडुनिक बुलेटिन÷ का विमोचन किया। मौके पर संत जेवियर्स स्कूल सातवीं के छात्र आयुष्मान पाठक और विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के छात्र सह रामनरेश यादव के प्रपौत्र अनमोल कुमार ने शरबत वितरण सेवा में भरपूर सहयोग किया। मौके पर रामावतार रविदास, छोट्टीलाल प्रसाद, गुलशन कुमार, विनोद सिंह, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, विकास कुमार, नंदकिशोर आदि के सहयोग से सैकड़ों लोगों को भीषण गर्मी में शरबत सेवा से राहत पहुंचाई गई। इस दौरान सांस्कृतिक विकास केंद्र की बच्चियों ने इतनी शक्ति हमें देता...सुर बिखेर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्राचार्य ने अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की और रामनरेश यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने कहा कि आज अपने दादाजी की प्रेरणा से वह इस मुकाम पर हैं। अतिथियों ने उनकी भावनाओं को सलाम किया और सामाजिक सेवा कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर आभार जताया।

# एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड के एक दर्जन पंचायतों में किया प्रचार

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लगा है वहीं मौसम में गर्मी में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। ऐसे में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शनिवार को 44 डिग्री तापमान में बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण में जनसंपर्क अभियान चलाया और रविवार की सुबह से ही रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी में जंगलों और पहाड़ों से घिरे पुरुलिया और बोकारो जिले के सिमाना क्षेत्र के गांव- गली- डगर में देर शाम तक पसीना बहाते हुए जनसंपर्क और जनसंवाद करते रहे। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क और जन संवाद के दौरान आगामी 20 में को होने वाले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का गोला चौक पहुंचने पर भाजपा और राज्य के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत स्थित ग्राम चक्रवाली से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। तत्पश्चात खाखरा, ऊपर खाखरा, चोकाद, पतरातु, प्रखंड डुंडी गाछी, बेटूलकलां, बिसा, मुरुडीह, संग्रामपुर, अवराडीह, सुथरपुर, ऊपर बरगा, हेठ बरगा, बरलंगा बस्ती, सरगडीह, डिमरा, सोकला, सोनडिमरा, नावाडीह, हारूबेड़ा,



कोराम्बे, घाघरा, छोटकी हेसल, पूरबडीह, रायपुरा, बाघाकुदर, बरियातू सहित अन्य गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। जहां हर गांव में स्थानीय लोगों ने प्रचंड गर्मी के बावजूद भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मनीष जायसवाल का अभिनंदन किया और आने वाले चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया ।

***ग्रामीण मतदाता को खूब भा रहा है मनीष जायसवाल का खोरठा में भाषण और खटिया पर बैठकर संवाद***

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित बरलंगा भाजपा मंडल के तुफानी दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल द्वारा खोरठा भाषा में भाषण देना और खटिया में बैठकर ग्रामीणों संग संवाद करने की प्रतिभा देख जहां स्थानीय मतदाताओं को अपनापन का एहसास कराया वहीं उनके इस तरह से प्रचार के तरीके स्थानीय ग्रामीण मतदाता को खूब भा रहा है। मनीष जायसवाल की सादगी और साफगोई की चर्चा उनके पहले दौरे से ही क्षेत्र में शुरू हो चुका है। एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल पिछले करीब 20 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 20 भाजपा मंडलों का तुफानी दौरा कर चुके हैं। इस दौरान वे प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक पंचायतों के दर्जनों गांवों का दौरा कर अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चला रहें हैं और लोगों को यह एहसास करा रहें हैं की मनीष जायसवाल भी गांव का बेटा है और हमेशा सुलभता के साथ उपलब्ध रहता है ।

**इंडी महागठबंधन में न नेता, न नीति और न नियत जबकि एनडीए गठबंधन में सर्वमान्य नेता मोदी है, तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं: मनीष जायसवाल**

दौरे के क्रम में क्षेत्र में जनसंपर्क और जनसंवाद को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की करीब 62 सालों तक कांग्रेस ने राज किया लेकिन गरीबों के उत्थान को एक भी योजनाओं का संचालन नहीं किया जबकि मोदी सरकार ने महज 10 सालों में गरीबों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा बल्कि गरीबी रेखा से भी ऊपर उठाने का सकारात्मक पहल किया। कांग्रेस जिस इंडी महागठबंधन के साथ है उसमे ना नेता है, ना नियत और ना ही कोई नीति, जबकि हमारे एनडीए गठबंधन में सर्वमान्य और विश्वस्तर के नेता नरेंद्र मोदी हैं और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए उन्होंने कमल फूल छाप पर ही मतदान करने का अपील किया ।

## एक-नजर

### अज्ञात लोगों ने घर में लगाई आग, कई सामग्री जल कर खाक



**केरेडारी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनातू में धनेश्वर भुईयां के घर में अज्ञात लोगों ने बीते रात लगभग एक आग लगा दिया जिस कारण घर में रखा कई सामग्री जल कर खाक हो गया! इस संदर्भ में मनातू पंचायत के समाजसेवी लाल बिहारी गंझू ने बताया कि 20 अप्रैल की रात लगभग एक बजे धनेश्वर भुईयां के घर में अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया! आग लगने से घर में रखा चौकी खटिया कपड़ा चावल समेत अन्य कई समान जल गया! गनीमत इस बात की रही कि धनेश्वर भुईयां अपने परिवार के साथ पुराने घर को छोड़ कर नए घर में रह रहा था! अन्यथा जानमाल की बड़ी क्षति होने की संभावना बनती! घटना की सूचना पर मुखिया देवंती देवी ने घटना का जायजा लेते हुए आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली मुआवजा पीड़ित परिवार को दिलाने की मांग सीओ केरेडारी से की है! घटना को लेकर भुगत भोगी ने केरेडारी थाना में लिखित आवेदन देने की बात कही है!.

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन बड़कागांव में 23 अप्रैल को मनाएगी दानवीर भामाशाह जयंती

**बड़कागांव।** बुधवार को रुकमणी भवन (आशा बाजार) मे राष्टीय तेली साहू महासंगठन की बैठक जिला उपाध्यक्ष अशोक साव की अध्यक्षता में अयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला मिडिया प्रभारी आशीष कुमार साव द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य भव्य रूप से भामाशाह जयंती मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगो ने 23 अप्रैल को रुकमणी भवन में ही दानवीर भामाशाह जयंती मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। इस जयंती में समाज के जिला के इकाई और प्रखंड के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रुप से राष्टीय तेली साहू महासंगठन कुंजबिहारी साव, जिला महासचिव कौलेश्वर साव, जिला प्रभारी रामविलास साव,रामगढ़ जिला प्रभारी गणेश प्रसाद साव, पंकज कुमार, विमल प्रसाद, करीम साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### राणा क्लासेस के बच्चों ने लहराया परचम, सभी बच्चों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान




**बरही।** राणा क्लासेस के बच्चों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। राणा क्लासेस के निदेशक निशि राणा ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का मेहनत रंग लाया। यह संस्थान अपने पहले वर्ष में ही शानदार रिजल्ट दिया है। प्रारंभ से ही इस संस्थान का उद्देश्य रहा है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाना। इसके साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 10वीं की क्लासेस करायी जाती है। संस्थान के बच्चों में प्रथम स्थान रानी यादव 439, द्वितीय स्थान रौनक कुमार 419, तृतीय स्थान पायल गिरी 414, वहीं अंशु केशरी 392, रिया यादव 377, निधि सिंह 370, आराध्या चौरसिया 369, मुस्कान कुमारी 355, रोहित राज 340, निशा कुमारी 336, उमा कुमारी सिंह 335, स्वीटी सिंह 328, राधा सिंह 335, मोहित केशरी 340, आशीष कुमार 318 समेत अन्य बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।.

### रांची उलगुलान महारैली में संजीव बेदिया समेत सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता हुए शामिल

**बड़कागांव।** रांची प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया उलगुलान महारैली में झामुमो केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक हजारीबाग संजीव कुमार के नेतृत्व व बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह की संचालन में सैकड़ों कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। इंडिया गठबंधन जिंदाबाद हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा झारखंड झुकेगा नहीं के नारों के साथ लोग रांची पहुंचे व रैली में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,झमन प्रसाद ,जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां, शंकर साव,प्रखंड सचिव सरोज मेहता, संजय करमाली, विवेक वर्मा,सुरेश यादव धीरेंद्र पासवान, चूरामन गंझू, पवन तुरी नंदकिशोर भुईयां, बसंत ठाकुर, दीपन साव, राजेंद्र भुइयां आदि सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष व झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए ।..

### उच्च विद्यालय सिकरी की संध्या कुमारी 79.2 प्रतिशत नंबर लाकर बनीं टॉपर

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय सिकरी में जैक द्वारा जारी किए गए मैट्रिक की परीक्षा में 79.2त्न अंक लाकर विद्यालय की संध्या कुमारी पिता प्रभु राणा विद्यालय की टॉपर बनी, वहीं द्वितीय स्थान पर क्रांति कुमारी पिता उपेंद्र बैठा 71.6त्न अंक प्राप्त की



जबकि तृतीय स्थान पर 69.80त्न अंक लाकर आलोक कुमार पिता केदार राम टॉपर रहा। इस बार जारी किए गए रिजल्ट में विद्यालय का रिजल्ट बेहतर रहा। इस बार विद्यालय से कुल 50 बच्चें परीक्षा में बैठे थे, जिसमें 47 बच्चे उत्तीर्ण हुए। इसमें प्रथम श्रेणी से 30 बच्चें, द्वितीय श्रेणी से 15 बच्चें जबकि तृतीय श्रेणी से दो बच्चे उत्तीर्ण हुए। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजन राम ने कहा कि 2023 की परिक्षा मे 100त्न उत्तीर्ण हुए थे और इस बार के रिजल्ट से ज्यादा बेहतर था। इस बार रिजल्ट कुछ खराब रहा हम सभी को और मेहनत करने की आवश्यकता है। बच्चें भी मेहनत से पढ़ाई करें तो रिजल्ट बेहतर होगा। उतीर्ण हुए सभी बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। बच्चें इसी तरह थोड़ी और मेहनत और प्रयास से अपना तथा अपने विद्यालय का रिजल्ट बेहतर कर सकते हैं। जिसमें शिक्षकों एवं बच्चों की साथ-साथ उनके माता-पिता का भी अहम योगदान होना चाहिए। उतीर्ण बच्चों को बधाई देने वालों में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजन राम, सहायक शिक्षक सुबोध प्रसाद वर्मा, पंकज कुमार दास, सहायक अध्यापक अरुण कुमार गुप्ता, रामजी प्रसाद सिंह, हरिश्चंद्र प्रसाद, सुशीला कुमारी, जगत किशोर प्रसाद, अशोक कुमार, कार्तिक राम, तालेश्वर कुमार, हेवंती कुमारी, सहित पूरा विद्यालय परिवार शामिल था।.

# बैंड,नगाड़ा घोड़ा के साथ निकला भगवान महावीर का जुलूस

झुमरीतिलैया

### भगवान महावीर के जयकारों से गुंजा पूरा शहर

श्री दिगंबर जैन समाज के द्वारा आज भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः प्रभात फेरी के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया गया। और भगवान महावीर के जयकारों और अहिंसा के संदेशों का उद्घोष किया गया। दोपहर में विशाल रथ यात्रा, बैंड ,नगाड़ा घोड़ा के साथ जुलूस ने पूरे शहर का भ्रमण किया। जैन समाज की महिलाएं पीला वस्त्र और पुरुष श्वेत वस्त्र में साथ-साथ चल रहे थे।जैन स्कूल के बच्चे अपने स्कूल बैंड के साथ जैन महिला संगठन भगवान के जयकारों का स्लोगन एवं भक्ति गीत के साथ जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। सुबोध जैन गंगवाल,संजय लड्डू छाबड़ा,अनु अजमेरा अपनी पूरी संगीत म्यूजिशियन पार्टी के साथ भगवान महावीर जन्म कल्याणक गीत और उदघोष से पूरे शहर के वातावरण को धर्म और भक्ति की गंगा में बहा रहे थे।नगाड़ा टीम ने पूरे लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।सभी का मन मोह लिया, रथयात्रा में विराजमान भगवान का रास्ते में सभी जगह-जगह लोगों ने आरती उतारी यह धार्मिक



शोभायात्रा डॉक्टर गली जैन बड़ा मंदिर से स्टेशन रोड, ओवर ब्रिज, पानी टंकी रोड होते हुए नया मंदिर में समाप्त हुई। झंडा चौक पर मूलचंद छाबड़ा सेवा फाउंडेशन के द्वारा आम जनों के लिए शरबत पेयजल की व्यवस्था की गई। जिसे प्रारंभ निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन एवं जैन समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा एवं सुशील छाबड़ा ने संयुक्त रूप से किया। झंडा चौक को भगवान महावीर के बैनर ओर झंडा से सजाया गया।और विश्व शांति और अहिंसा की कामना की आज प्रातः 1008 भगवान महावीर स्वामी का भव्य महा मस्तकाभिषेक समाज के युवकों ने किया। भगवान की प्रथम शांतिधारा का कलश प्रदीप-मीरा छाबडा ,निर्मल झांझरी,विमल सेठी,कमल-पार्थ सेठी को प्राप्त हुआ।रथ पर भगवान विराजमान संजय-ममता सेठी के परिवार को प्राप्त हुआ। रथ का सारथी संदीप,संजय,आशीष सेठी परिवार बने। रथ पर खजांची बन कर रतन की वर्षा करने का सौभाग्य सिद्धार्थ जियान झांझरी परिवार को प्राप्त हुआ। घोड़ा रथ बग्गी पर बैठने का सौभाग्य समाज के कोषाध्यक्ष सुरेन्द-सरिता काला को प्राप्त हुआ।

सभी कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के सुशील छाबडा,सुरेश झांझरी,ललित सेठी, सह मंत्री , राज छाबड़ा, सुनील सेठी, निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन मुख्य रूप से सभी कार्यक्रम में शामिल हुए। जैन युवक समिति, जैन महिला समाज के पदाधिकारी सदस्य, अभिषेक गंगवाल शैलेश छाबड़ा विकास सेठी विवेक सेठी ऋषभ शेट्टी, सिद्धार्थ सेठी,प्रशम सेठी,अमित जैन आदि सभी लोगों ने कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया।

आज रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाआरती का कार्यक्रम होगा। भगवान महावीर स्वामी का पालना झुलाया जाएगा इस कार्यक्रम में भारत सरकार की केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद होगी। यह जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन एवं राजकुमार जैन अजमेरा ने दी।

भाजपा ने प्रेसवार्ता कर उलगुलान रैली पर कहा

## लूट से हटे जनता का ध्यान, इसीलिए हो रहा उलगुलान :अन्नपूर्णा देवी

**कोडरमा :-** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ₹उलगुलान₹ अत्यंत पवित्र शब्द है,यह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के उस संघर्ष का बीजमंत्र है।जो उन्होंने इस देश की और जनजातीय समुदाय की जमीन बचाने के लिए किया था। जिन्होंने खुद झारखण्ड की जमीन,जनजातीय समुदाय की जमीन हड़पी और जमीन हड़पने के लिए संगठित तरीके से साजिश की उनके द्वारा ₹उलगुलान₹ की बात करना हास्यास्पद लगता है। इंडी गठबंधन के घटक दल अपनी लूट से जनता का ध्यान हटाने के लिए आज रांची में उलगुलान रैली कर रहे हैं। लेकिन इनकी लूट के सारे कारनामे प्रमाण और तथ्य सहित जनता की नजर में हैं,इसलिए इनका ढोंग अब कारगर नहीं होगा।अन्नपूर्णा देवी ने कहा



कि तथाकथित इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का अनूठा गठजोड़ है। इस गठबंधन में शामिल दल इसलिए इकट्ठे नहीं हुए हैं कि उनकी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों में कोई एकरूपता है। ऐसा भी नहीं कि इस गठजोड़ के सभी दलों को किसी एक के नेतृत्व में आस्था है। लेकिन ये सभी केवल एक बात पर एकमत हैं कि इन्हें मोदी को हटाना है।भाजपा को हटाना है। और मोदी तथा भाजपा को हटाना इसलिए इनके लिए जीवन - मरण का प्रश्न बन गया है। क्योंकि इनमें से कोई सजायाफ्ता है,कोई बेल पर है,कोई जेल में है तो कोई जेल जाने की तैयारी कर रहा है। इन्हें लगता है कि मोदी जी को हटाकर ये अपने कुकर्मों और घोटालों की सजा पाने से बच जाएंगे।

जनता देख रही है कि जांच एजेंसियां जहां भी हाथ डाल रही है,वहां ठोस प्रमाण मिल रहे हैं,करोड़ों की नकदी मिल रही है पैसों के लेन देन के प्रमाण मिल रहे हैं,दस्तावेजों में हेराफेरी के प्रमाण मिल रहे हैं। और तो और.... करीबी सहयोगियों के स्वीकारोक्ति बयान भी आ गए हैं। लेकिन इनकी ढिठाई देखिए,जिस अपराध के लिए इन्हें राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए, उसी को छिपाने के लिए ये उलगुलान को ढाल बना रहे हैं।

इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत ही माना जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदारी की वजह से कानून अपना काम कर रहा है। भ्रष्टाचारी पकड़े जा रहे हैं और बचने के लिए सभी भयंकर विरोधाभाषों के बावजूद एक साथ इकट्ठे हो गए हैं। अब बाकी का काम जनता का है और जनता के सामने मौका भी है। मतदान के लोकतांत्रिक अधिकार के जरिए जनता इन्हें इनके कुकर्मों की सजा देगी। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह,किशोर पंडित,राजकिशोर प्रसाद, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी,कार्यालय प्रमुख दिनेश प्रसाद सिन्हा,अरविंद पांडेय,कृष्णा बरहपुरिया आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ बाइक समेत एक युवक को किया गिरफ्तार

**सतगावां :-** लोकसभा चुनाव 2024 को स्वच्छ ,निष्पक्ष शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर स्थानीय पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक काले रंग का हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या -इफ27ळ/6267 से एक व्यक्ति जुट के बोरे में मुख्य मार्ग से अवैध अंग्रेजी शराब पड़ोसी राज्य बिहार ले जा रहा है।तब पुलिस ने गुप्त सूचना का सत्यापन हेतु गश्ती दल हवलदार रामदेव प्रसाद यादव आरक्षी /456 पवन कुमार तथा आरक्षी चालक- शहबाज अहमद के साथ ग्राम खैरा पहुँच कर वाहन चेकिंग के क्रम में उक्त बाइक को रुकने का इशारा किया गया।

लेकिन बाइक चालक भागने का प्रयास किया।जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। वहीं उसके बाइक पर लदे जुट के बोरे को चेक करने पर बोरे से रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की 750 एम०एल०का 10 बोतल ,रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की 375 एम०एल०का 6 बोतल तथा मैजिक मोमेंट 375 एम०एल० कंपनी का 6 बोतल अंग्रेजी शराब पाया गया। पुलिस ने शराब को जप्त कर बाइक समेत युवक गिरफ्तार कर सतगावां थाना लाया गया। उक्त युवक की पहचान पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिला अंतर्गत रानीहट्टी निवासी मंगल कुमार पिता श्याम सुंदर प्रसाद ठठेरा के रूप हुई। मामले को लेकर उक्त युवक पर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

छापेमारी दल में एस.आई. व् जनानदना प्रसाद,हवलदार,रामदेव प्रसाद यादव, आरक्षी ,पवन कुमार आरक्षी चालक ,शहबाज अहमद शामिल थे।

## उलगुलान रैली को सफल बताते हुए जताया हर्ष

झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने इंडिया गठबंधन द्वारा रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली की अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए झारखंड के सम्मानित जनता सहित महारैली की सफलता में उपस्थित इंडिया घटक दल के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। झारखंडी परंपरा के प्रतीक सीधे सादे मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में रांची के प्रभात तारा मैदान से न्याय उलगुलान की घोषणा की गई जिसका संदेश झारखंड सहित पूरे देश में गूंजेगी। श्री सहाय ने कहा कि जिस तरह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने सन 1875-1900 में सामंती ताकतों एवं अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंककर देश की आजादी में आम भूमिका निभाई थी उसी प्रकार आज पूंजीपतियों की हिमायती



भाजपा सरकार से देश को मुक्त करने के लिए युवा न्याय, महिला न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय एवं भागीदारी न्याय हेतु कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, झा मु मो सुप्रीमो शिबू सोरेन, नेत्री कल्पना सोरेन, राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, सपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव,आप नेत्री सुनीता केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत मान,पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव,पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ,सीपीआईएमएल नेता दीपांकर भट्टाचार्य, प्रियंका चतुर्वेदी ,आप सांसद संजय सिंह सहित कठऊकअ गठबंधन घटक दल के सभी सम्मानित नेताओं के अगुवाई में महा गठबंधन के कार्यकर्ता देश के सम्मानित मतदाता तक पहुंचकर जनता की लडाई लडने का काम करेंगे एवं झारखंड के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को न्याय दिलाने हेतु लड़ाई लड़ेंगे। सहाय ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले चरण 19 अप्रैल को ही इंडिया गठबंधन के पक्ष में देशवासियों का आशीर्वाद एक बदलाव का द्योतक है।

## जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

कोडरमा

### पैसे के अभाव में कोई भी न्याय से वंचित नहीं रह सकता

### जेल में बंदियों को दी गई कानून की जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह सीजेएम प्रताप चंद्रा उपस्थित थे । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों असहायों की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। एलएडीसी अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। यहां से निकलने के उपरांत




सामान्य नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का प्रण ले। उन्होंने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंधिया की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है । बंदियों की ओर से बाद निष्पादन के निमित्त एक भी आवेदन नहीं आने के कारण, मौके पर एक भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका।

वही शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी अधिवक्ता अश्विनी शरण द्वारा दी गई । जीस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे , वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है । पहचान की गई। मौके पर एलएडीसी अरुण कुमार ओझा, न्यायालय कर्मी रंजीत कुमार सिंह, एलएडीसी अश्विनी शरण, नयालयकर्मी संतोष कुमार सिंह, राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

## चलती ट्रेन से उतरने के दौरान प्लेटफार्म से नीचे गिरी यात्री की मौत

कोडरमा स्टेशन पर गाड़ी संख्या 22912 कोडरमा स्टेशन ढा/ठड-04 पर समय 00/13 बजे आगमन हुआ।तथा 00/15 बजे प्रस्थान हुई. प्रस्थान के दौरान एक यात्री उपरोक्त गाड़ी के एसी कोच से चलती गाड़ी से उतरने के दौरान प्लेटफार्म के नीचे गिर जानें से उसका बॉडी दो भागों में बांट गई. जिससे यात्री घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। इसकी तत्काल सूचना ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर और ऑन ड्यूटी जीआरपी तथा निरीक्षक प्रभारी कोडरमा, नाइट ड्यूटी ऑफिसर में तैनात एएसआई एम.ए खान को दिया गया।

सूचना के बाद जीआरपी कोडरमा एएसआई मोहम्मद मुस्ताक



अहमद और ऑन ड्यूटी कोडरमा स्टेशन मास्टर घटना स्थल पर पहुंचे।सभी के सहयोग से आरपीएफ के द्वारा उक्त डेड बॉडी को लाइन से हटा कर समय 01:00 बजे लाइन क्लियर किया। जीआरपी के द्वारा डेड बॉडी के तलाशी लेने पर रेलवे का वैध टिकट मिला।ढठफ/ठड 6907320118 हैं। दो मोबाइल, एकपिट्ठू बैग ग्रे रंग का जिसमे एक डायरी और कुछ पहनने के कपडे थे.मृतक के भाई जिसका नाम सुमित कुमार, मोबाइल नम्बर 9835756093 आए।उन्हे पूरी घटना से अवगत कराया गया।तथा उनसे पूछने पर बताएं की नाम अमित कुमार, उम्र 42वर्ष ,पिता अजय ठाकुर, सकिन दूधी माटी, थाना कोडरमा, जिला कोडरमा (झारखंड) बताया। तथा बताए की दिनांक 18/04/24 को कोलकाता गए थे।वहा गोल्डी मशाला कंपनी में काम करते थे और आज क्षिप्रा एक्स गाड़ी से लौट रहे थे। अग्रिम करवाई के तहत डेड बॉडी को जीआरपी कोडरमा द्वारा 01:00 बजे उठा कर अपने साथ ले गए।पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है।

## रेभनाडीह की घटना, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया

जयनगर

### अगलगी से 2 मिट्टी के घर सहित पेड़ जले

थाना क्षेत्र अंतर्गत रेभनाडीह में अगलगी की घटना में दो मिट्टी घर सहित कई पेड़ जलकर राख हो गया। घटना शनिवार की दोपहर 2 बजे की है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी अनुसार शनिवार के दोपहर अचानक गांव के बगल एक बांस की बुखारी में अचानक आग लगी।

तेज धूप हुआ हवा के कारण आज धीरे-धीरे फैलता चला गया और और लगभग 500 मीटर के एरिया में पूरी तरह आग फैलता



हुआ सुलेखा देवी व अंजनी देवी के मिट्टी का घर तक जा पहुंची। आग की तेज

अगलगी से जली घर।

लपटों को धधकता देख ग्रामीणों ने आसपास के सहयोग से बुझाने का प्रयास के परंतु आग

इतनी तेजी से फैल गया जिससे ग्रामीण बुझाने असफल रहा। बाद में स्थानीय मुखिया संगीता

देवी एवं समाजसेवी मनोहर यादव के प्रयास से कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के सीआईएसएफ से एवं कोडरमा से दमकल मंगाया गया और काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। तब तक सुलेखा देवी व अंजनी देवी के घर पूरी तरह जलकर राख हो गया हालांकि घटना के वक्त घर में कोई भी नहीं रहता नहीं था। वही आग लगी से प्रमोद मोदी, दशरथ मोदी का भी आम एवं कटहल का पेड़ जलकर राख हो गया। घटना में सुलेखा देवी व अजनी देवी को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने नियमानुसार मुआवजे की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### बच्छेडीह के विरहोर टोला मे भारी पेयजल समस्या

**डोमचांच।** प्रखंड अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के विंडोमोह मे लगभग आधा दर्जन चापानल खराब होने के कारण लोगों के समक्ष भयंकर पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है. बिरहोर टोला में चापानल के साथ साथ लगे जल मीनार भी खराब हो गया है जिससे खास कर बिरहोर परिवार परेशान है गौरतलब है कि प्रचंड गर्मी होने के कारण लोग बहुत परेशान हैं लोग लंबी दूरी तय कर पानी लाते हैं या तो मजबूर होकर बाजार से जार का पानी खरीदने को मजबूर है लोगों ने पानी की समस्या से निजात पाने के लिए विभाग से बंद पड़े चापानल को मरम्मत करने की मांग किया है मांग करने वाले सोमर बिरहोर परशादी बिरहोर राजू बिरहोर संजय बिरहोर विनोद बिरहोर आदि कई बिरहोर परिवार शामिल है।

### ग्रिजली विद्यालय में मनाई गई महावीर जयंती

**कोडरमा :-** श्रद्धा और उत्सव के माहौल के बीच तिलैया डैम स्तिथ ग्रिजली विद्यालय में जैन समुदाय के प्रमुख संत भगवान महावीर की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूवात भगवान महावीर जी के चित्र पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गयी। छात्रा प्रतीक्षा सिंह ने हिंदी भाषण एवं छात्र जीशान अंसारी ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं छात्र समर्थ पांडेय एवं आदित्य कुमार सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भगवान महावीर जी की जीवनी सबके सामने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की भगवान महावीर जी ने समाज सुधार और आत्मकल्याण हेतु कई उपदेश दिए है जो आज भी प्रासंगिक बने हुए है। वहीं विद्यालय की उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि हमें सदैव अहिंसा का पालन करते हुए सरल एवम सात्विक जीवन जीना चाहिए और सभी के प्रति सम्मान की भावना रखनी चाहिए। इस अवसर पर सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक सौरव केशरी, शिक्षक अमरदीप पांडेय, विकाश कुमार एवं अन्य उपस्तिथ थे।

### छात्र नेता मिथलेश विश्वकर्मा ने कहा देश व समाज के उद्धार के लिए अपना स्वार्थ त्याग कर हमें मतदान करना चाहिए

अपने मत का सदुपयोग कैसे करें। इसके बारे में विस्तृत रूप से बताते हुवे विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कोडरमा जिला संयोजक मिथलेश विश्वकर्मा ने बताते हुवे कहा की देश व समाज के उद्धार के लिए अपना स्वार्थ त्याग कर हमें मतदान करना चाहिए । जाति और धर्म के नाम पर किसी को वोट न दें। तभी लोकतंत्र को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। भारत की सबसे समस्या यह बन गई है की जो सबसे योग्य, दूरदृष्टि, ज्ञानी तथा चरित्रवान हैं वे राजनीति से अपने आप को दूर रखते हैं । इस अंधकारमय राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए उनके चुने जाने की संभावना भी बहुत नगण्य है। इसका मूल कारण है जात पात की राजनीति है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो जात पात की राजनीति फुटबॉल के खेल के समान है जो हमारे लोग जन जीवन में खेलते हैं। अपने मत का उपयोग जब तक हम निष्पक्ष रूप से नही करेंगे। बिना किसी दवाब पार्लोभन या जाति धर्म के प्रभाव में आए बिना मतदान नही करेंगे तब तक हमारे क्षेत्र का पूर्ण रूप से विकास संभव नहीं है इसलिए हम सभी को एक अच्छे उम्मीदवार एवम् शिक्षित उम्मीदवार को चुनना चाहिए। क्योंकि शिक्षित एवम् ईमानदार व्यक्ति जब चुनकर आयेंगे तभी समाज के दिशा और दशा को बदल सकते हैं।

### मैट्रिक परीक्षा परिणाम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपायडीह का प्रदर्शन रहा अव्वल

कठिन मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है :- राजेश



मैट्रिक परीक्षा 2024 के परिणाम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपायडीह का प्रदर्शन अव्वल रहा। वहीं विद्यालय के शिक्षक राजेश राणा ने कहा कि कठिन मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। विद्यालय की छात्रा अनिता कुमारी ने 432 अंक लाकर विधालय टॉपर रही। जबकि गौतम कुमार ठाकुर 423, प्रतिमा कुमारी 416, शक्ति कुमार राणा 413, आदित्य कुमार 400, नैना कुमारी 392 अंक प्राप्त किये।।विधालय प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव, शिक्षक पंकज कुमार, शक्ति कुमार दास, जीतेन्द्र कुमार, रामस्वरूप यादव, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, राजेश कुमार राणा,पंकज मोदी, निराली बागे स्कूल के अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा,जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, वर्तमान मुखिया गणपत यादव,उपमुखिया चंदन मोदी आदि ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की? कामना की है।

### रिश्तेदार का फोटो लगाकर फोन कर 12 हजार ठगे

**जयनगर :-** व्हाट्सएप प्रोफाइल पर रिश्तेदार का फोटो लगाकर 12 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में थाना क्षेत्र के तेतरोन निवासी मो. मुश्ताक अंसारी ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि बीते रात्री 11 बजे उनके व्हाट्सएप नंबर पर कॉल आया। फोन करने वाले ने बोला कि उसे पैसे की सख्त जरूरत है। व्हाट्सएप प्रोफाइल में अख्तर अंसारी अंबाडीह का फोटो लगा हुआ था। और फोन करने वाले ने कहा कि वह अख्तर बोल रहा है। फोटो देखकर उसे लगा कि अख्तर बोल रहा है। जिसके बाद उसने अपने मोबाइल नंबर के बने फोन पे 12000 रुपए भेज दिया। उसके बाद पुन 8000 का मांग किया गया। जिसपर शक होने पर उसने अपने भाई के साला मोहम्मद अख्तर अंसारी को फोन कर पूछा तो वह बोला कि मैं कोई पैसा नहीं मांगा।

### मांडर पुलिस ने सड़क किनारे गढ़े से एक शव किया बरामद

**मांडर।** पुलिस ने रविवार सुबह थाना के बूढ़ाखुखरा स्थित बिसाही मोड़ के समीप मुख्य पथ सड़क किनारे गढ्ढे से एक शव बरामद किया। शव की पहचाना मलटोटी निवासी 30 दीपक पहान के रूप में की गई। उसी गढ्ढे में उसकी केटीएम बाइक भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दीपक टेंट हाउस संचालक था। वह शनिवार को अपने टेंट हाउस का सामान की बुकिंग नारो गांव दी हुई थी। वह इसी सिलसिले में अपने घर से बाइक में अकेले ही नारो गांव गया था। लोगों का कहना था कि सकता है कि नारो से वापस लौटने के क्रम में बिसाही मोड़ के निकट वह बाइक से असंतुलित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गढ्ढे में गिर गया होगा, और वहीं पर उसकी मौत हो गयी होगी। रविवार की सुबह करीब पांच बजे किसी ने उसे बाइक सहित गढ्ढे में गिरा देखा और इसकी सूचना मांडर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृतक दीपक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चे को छोड़ गया।

## आग लगने से 150 बोझा अरहर खाक

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा गांव में आज दोपहर 12 बजे अचानक अरहर के बोझे में आग लग गयी। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस घटना में झारखंड पुलिस के जवान कुंदन दूबे के घर के सामने रखे अरहर के लगभग 150 बोझे राख हो गये। अचानक आगने से आसपास में हडकंप मच गया। दमकल पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बडी घटना घट सकती थी। क्योंकि बगल में ही ट्रैक्टर खडा था, जिसका आंशिक हिस्सा आग से क्षतिग्रस्त हुआ है।

हवा के तेज झोंको के बीच बगल में खप?डल मकान में आग फैलने का खतरा था, लेकिन एकजुटता का परिचय देते हुए ग्रमीणों ने आग बुझायी। आग बुझाने वालों में संदीप दूबे, भरत दूबे,सौरभ दूबे, अविनाश, विक्रांत, सुमित, मनु, रिशु, बडू सहित कई ग्रामीण शामिल थे।...

# पलामू में चुनाव के लिए 35 कंपनी केंद्रीय बलों की मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू में लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय बलों का आगमन एक सप्ताह में शुरू हो जायेगा। लोकसभा चुनाव के लिए पलामू में केंद्रीय बलों की 35 कंपनियों की मांग की गयी है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को डीआईजी वाईएस रमेश ने पलामू पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीआईजी ने कई बिंदुओं पर समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। डीआईजी वाईएस रमेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अगले एक सप्ताह में केंद्रीय बलों का आगमन शुरू हो जायेगा। केंद्रीय बलों के आगमन की तैयारी की जा रही है। जहां-जहां केंद्रीय बलों को रहना है, वहां बुनियादी सुविधाएं बढाई जा रही हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर स्पेशल ऑपरेशन प्लान भी जारी किया गया है। पलामू पुलिस जारी एसओपी का पालन कर रही है।



डीआईजी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर वारंट आदि को लेकर की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी। लाइसेंसी हथियार जमा कराए जा रहे हैं, जमा न कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। डीआईजी ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में जवानों को मतदान केंद्रों पर हर तरह की सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। इससे पहले क्लस्टर प्वाइंट पर जवानों को खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती थीं। 26 ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां कोई संचार नहीं है, जबकि 32 मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी उसी रास्ते से जायेगी और वापस आयेगी।

उन्होंने कहा कि संचार के लिए सेवा प्रदाताओं से बातचीत की जा रही है। संचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मतदान स्थल के रूट प्वाइंट पर भी तैयारियां की गई हैं।..

## झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लडेगी बसपा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लडने की घोषणा की है। बहुजन समाज पार्टी ने पलामू लोकसभा सीट से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा और सिंहभूम सीट से परदेसी लाल मुंडा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। अगले दो दिनों में बहुजन समाज पार्टी झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा करेगी। बसपा के सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लडने से कई राजनीतिक दलों के समीकरण बदल सकते हैं। बहुजन समाज पार्टी ने 2019 की लोकसभा चुनाव में कई सीटों पर अपना प्रत्याशी खडा किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने झारखंड की सभी 81 सीटों पर चुनाव लडने की घोषणा की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने एक बार फिर झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लडने की घोषणा की है। इस संबंध में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मेहता उर्फ राजन मेहता ने बताया कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लडने वाली है। अगले दो दिनों में सभी सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी जायेगी। कई दूसरे दलों के नेता भी पार्टी के संपर्क में हैं। राजन मेहता ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी झारखंड में मजबूती के साथ चुनाव लडेगी। उन्होंने कई सीटों पर बसपा की जीत का भी दावा किया। उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी को सभी वर्गों का साथ मिल रहा है। कामेश्वर बैठा पलामू से पहले भी सांसद रह चुके हैं और बसपा से चुनाव भी लडे हैं। कामेश्वर बैठा पलामू से मजबूत प्रत्याशी साबित होंगे।

बहुजन समाज पार्टी का खास वर्ग पर विशेष पकड है. बहुजन समाज पार्टी ने झारखंड में चुनावी अभियान की शुरुआत की है. झारखंड में लोकसभा चुनाव में बसपा के मैदान में उतरने से कई पार्टी के लिए मुश्किलें खडी हो सकती हैं। झारखंड के पलामू, सिंहभूम, हजारीबाग, धनबाद और गोड्डा लोकसभा सीट पर समीकरण बदलने की संभावना है। 2007 के लोकसभा उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी पलामू में दूसरे स्थान पर रही थी। उस दौरान बसपा के प्रत्याशी कामेश्वर बैठा करीब 20000 वोटों से चुनाव हारे थे। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ राजन मेहता 2019 में पलामू के बिश्रामपुर सीट से विधानसभा चुनाव लडे थे, जिसमें राजन मेहता दूसरे स्थान पर रहे थे।

## मोबाइल दुकान से अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के रामगढ थाना के नावाडीह (गोरे) बाजार में अनिष्का मोबाइल स्टोर में छापमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त किया है। इस मामले में दुकान के मालिक सुधीर कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त मोबाइल दुकान में रोजाना विदेशी शराब बेची जाती है एवं जमावढा लगाकर शराब का सेवन भी कराया जाता है। इस सूचना पर जब पुलिस ने उक्त दुकान में छापमरी की तो पाया कि दुकान में रखे फ्रीज में किंगफिसर स्ट्रांग बियर की आठ बोतलें, गॉड फादर क्लासिक स्ट्रांग बियर की नौ बोतलें एवं काउन्टर से स्ट्रीलिंग रिसर्व बी-7 विस्की की नौ बोतलें, स्ट्रीलिंग रिसर्व बी-7 विस्की की छह बोतलें, रायल स्टेज प्रीमियर विस्की की एक बोतल बरामद हुई। इस सबंध में दुकाम मालिक से कागजातों तथा अनुज्ञप्ति की मांग की गयी तो उसने कोई कागजात नहीं दिखाया। इसके बार पुलिस ने बरामद शराब को जप्त करते हुए दुकान मोलिक को गिरफ्तार कर लिया। छामारी दल में रामगढ थाना प्रभारी निलेश कुमार, पुअनि विजय मण्डल, चालक सुनील यादव, आरक्षी अशोक कुमार पासवान, शशि कुमार शामिल थे।.



## ऑटो चालकों ने चलाय मतदाता जागरुकता अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ द्वारा पलामू उपायुक्त के आवाहन पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पोस्टर, पंफ्लेट, संवाद आदि के माध्यम से चियाकी, जोरकट, ललहे, पोल पोल, सतबरवा मुख्य बाजार एवं ऑटो स्टैंड, तुंबागडा ऑटो स्टैंड आदि जगहों पर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में तमाम परिवहन एवं ऑटो चालकों द्वारा ऑटो आदि वाहनों में पोस्टर चिपकाया गया तथा पंफ्लेट का वितरण किया गया। राकेश सिंह ने कहा कि तमाम नागरिकों से अपील करते हैं कि अपने एवं राष्ट्र के चैमुखी विकास के हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। अपने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्टीय हित में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें ताकि राष्ट्र का भविष्य विश्व के मानचित्र के पटल पर अग्रणी श्रेणी में स्थापित हो। मुर्गा, दारू, रुपया तथा अन्य प्रकार के प्रलोभनों को दरकिनार कर राष्ट्र एवं अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए मतदान करें। मतदान के दिन सभी लोग सर्वप्रथम अपने-अपने घरों से बाहर निकले और मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें, फिर जलपान करें। इस अभियान में विवेक कुमार सिंह उर्फ लड्डू, इम्तियाड खान, बिट्टू खान, यासीन अंसारी, नागेंद्र गुप्ता, मनजीत तिवारी, नागेंद्र गुप्ता, डिबरू तिवारी, जनार्दन राम सहित सैकडों ऑटो चालक शामिल थे।

## एमकेडीएवी में झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इस परीक्षा में बीएड, एमएड, बीपी एड, एमपी एड में प्रवेश हेतु परीक्षार्थी शामिल थे। यह परीक्षा जिले के कुल आठ केंद्रों पर आयोजित की गयी थी। एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल केंद्र पर कुल 622 परीक्षार्थी नामांकित थे, जिसमें 538 उपस्थित एवं 84 अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षार्थियों को समयानुसार प्रवेश देकर उनकी शारीरिक जांच कर उन्हें कक्ष में भेजा गया। सभी कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे। सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराई गई तथा वीडियोग्राफी भी हुई। इस केंद्र पर परीक्षार्थियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध थीं। इस केंद्र पर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजट की वर्जना थी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल प्रवेश पत्र एवं कलम लेकर जा रहे थे। इस केंद्र पर जिला प्रशासन ने दंडाधिकारी के रूप में सिंचाई विभाग के अवर अभियंता राजू बैठा को प्रतिनियुक्त किया था, जबकि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लातेहार के प्रवक्ता अनिल ठाकुर पर्यवेक्षक थे। सुरक्षा की जिम्मेदारी एएसआई नबी अंसारी की थी, जो सशस्त्र बल के तीन पुरुष एवं दो महिला आरक्षियों के साथ केंद्र पर तैनात थे। उपकेंद्राधीक्षक अंजनी कुमार भारद्वाज एवं नितिन राज थे, जिन्होंने बोर्ड द्वारा जारी सभी मानकों को पूरा करते हुए परीक्षा संपन्न कराई। केंद्राधीक्षक विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार ने बताया कि झारखंड प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 प्रदेश की अति महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसे उत्तीर्ण कर छात्र बीएड, एमएड, बीपी.एड, एमपी. एड में प्रवेश प्राप्त कर बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इस परीक्षा की शुचिता सरकार के लिए बडी चुनौती थी। आज इस केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों ने तनावमुक्त व कदाचार मुक्त परीक्षा दी। इस विद्यालय के इतिहास को देखते हुए जिला प्रशासन ने इसे केंद्र बनाया था।

प्रशासन की अपेक्षा एवं परीक्षा की शुचिता हमारी प्रतिबद्धता थी। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामना दी एवं वीक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।.




# शहर में मतदान बढाने के लिए चैंबर ने की बैठक

## आपका एक वोट क्षेत्र की तकदीर लिखेगा : आनंद शंकर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** होटल ज्योतिलोक के सभागार में पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने की। शहरी क्षेत्र में वोट प्रतिशत बढाने पर विचार किया गया। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि गांव में वोट का प्रतिशत शहर से ज्यादा होना शहर के लिए चिंतनीय है, जबकि शहरी क्षेत्र में वोट के महत्व समझने वाले पढ-लिखे लोग ज्यादा रहते हैं। श्री शंकर ने वोट प्रतिशत बढाने हेतु व्यवसायियों से कई सुझाव मांगे। इसमें कई महत्वपूर्ण सुझाव आये। ई-रिक्शा मित्र स्टैंड को शहर के चार भागों में बनाने का सुझाव आया जहां लोग नंबर डायल कर महिलाएं, बुजुर्ग व असहाय के लिए ई-रिक्शा मंगा कर बूथ तक जा सकते हैं। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में अपने कर्मियों को पेड हॉलीडे देने का निर्णय लिया गया। बशर्ते सेल्फी के साथ उनकी उंगली में वोटर इंक लगा होना चाहिए। छोटी गा?ियां बूथ से 100 मीटर पहले तक जाने की अनुमति के लिए प्रशासन से बात की जायेगी। व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्रचंड गर्मी को देखते हुए बूथ पर ठंडा पानी, कुर्सी, टेंट एवं ग्लूकोज की व्यवस्था, व्यवसाकययों के प्रतिष्ठानों में वोट देने आने-जाने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था प्रमुख है। व्यवसायियों ने वोट प्रतिशत बढाने हेतु रेस्टोरेंट, गोल्ड, ऑटोमोबाइल, मॉल, कपडा एवं कई चीजों में आकर्षक इंसेंटिव स्कीम दो दिनों के लिए देने की घोषणा की। इसके लिए एक कमेटी बनायी गयी है, जो चुनाव से पहले शानदार स्कीम की घोषणा करेगी, जो वोट देने के उपरांत सेल्फी लेने वालों को सेल्फी दिखाने पर दी जायेगी। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि आपका एक वोट क्षेत्र की तकदीर लिखेगा।



बैठक में व्यावसायिक संघ के संरक्षक नवल तुलसयान, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी, डालटनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लाली जी, चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, स्कूल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अविनाश वर्मा, सौन्डिक समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, ड्रग एसोसिएशन के संरक्षक अमिताभ मिश्रा, रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, प्रेम जायसवाल, राजहंस अग्रवाल समेत काफी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे।

बैठक में शहर के बेहतरीन केक बनाने वाली संस्था माही केक के ऑनर लाली जी ने घोषणा की कि 13-14 मई को जिसका भी जन्मदिन होगा उन्हें वोट देने के उपरांत सेल्फी एवं आधार कार्ड दिखाने पर निशुल्क केक दिया जायेगा। श्री शंकर ने बताया कि ऐसे कई आकर्षक स्कीम और भी आएंगे। चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि जल्द चैंबर की महिला विंग 18 वर्ष से ऊपर की ल?कियों को प्रोत्साहित करने के लिए जगह-जगह पर बैठक करेगा। बैठक का संचालन चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन निवेदन अग्रवाल ने किया।

## एक-नजर

### कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**हुसैनाबाद (उज्ज्वल दुनिया)।** हुसैनाबाद के पथरा गांव के बसरुद्दीन अंसारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर गांव के कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा रोकन की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कब्रिस्तान की भूमि पर धारा 144 एवं थाना प्रभारी द्वारा 107 लगाये जाने के बावजूद उक्त भूमि पर अवैध रूप से पाइलिंग कर पिलर खडा कर गाय-भैंस बांधा जा रहा है। विदित हो कि हुसैनाबाद अंचल अमीन द्वारा मापी कर निकाली गयी कब्रिस्तान की भूमि पर कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत चहारदीवारी निर्माण को रोकने के लिए गांव के विनोद पासवान, सनत पासवान एवं अन्य ने घारा 144 लगवाया गया था। उक्त स्थल पर धारा 144 एवं थाना द्वारा 107 लगाए जाने के बाद भी कब्रिस्तान की भूमि पर जबरन कब्जा कर गाय-भैंस बांधा जा रहा है तथा पाइलिंग कर पिलर भी खडा किया जा रहा है।

इस कारण उक्त स्थल पर बडा विवाद होने की प्रबल संभावना है। उन्होंने स्थल का निरीक्षण कर उचित दंडात्मक कार्रवाई करने और काम रोकन की मांग की है।.

### शैलेन्द्र कुमार सिंह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोनीत

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गढवा जिला निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह छोटन को पार्टी का केंद्रीय सचिव मनोनीत किया है।पार्टी के केंद्रीय सचिव व गढवा जिला प्रभारी सह पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि छोटन जी को केंद्रीय सचिव बनाये जाने से गढवा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि गढवा जिला में मिलन समारोह में अन्य दलों को छोडकर आजसू पार्टी मे शामिल होने की प्रक्रिया तेज हो गई है। बधाई देने वालों में गढवा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, केंद्रीय सचिव शंकर विश्वकर्मा डॉ. अफजल अंसारी, दशरथ चैधरी, संतोष केशरी, रबिन्द्र नाथ ठाकुर, डॉ. इस्तेयाक रजा, जयराम पासवान, चम्पा देवी, महिला जिला अध्यक्ष रीता देवी, पूजा शर्मा, बिकास चंद्रवंशी समेत गढवा जिला के सभी प्रखंडों के अध्यक्ष व सचिव शामिल हैं।

### बस से कुचलकर ग्रामीण की मौत, लोगों ने किया सडक जाम

**गढवा (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले के रमना प्रखंड मुख्यालय निवासी 50 वर्षीय मानिकचंद ठाकुर की मौत विक्की निक्की नामक बस के चपेट में आने से हो गई। वहीं मोटर साइकल चालक बीरेंद्र पाठक बुरी तरह घायल हो गये। इस घटना के बाद गुस्साए मृतक के परिजनों ने बस को बुरी तरह क्षति ग्रस्त कर दिया। साथ ही मुख्य सडक को जाम कर बस मालिक को बुलाने की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार भगत सिंह चैक के समीप विक्की निक्की बस बराती सवारी लेकर बंशीधर नगर की तरफ जा रहा थी। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आरही मोटर साइकिल को अपने चपेट में ले लिया। घटना के बाद बस चालक फरार हो गया।

घटना के बाद मृतक के परिजनों व समर्थकों ने सडक को पूरी तरह जाम कर दिया। इसके कारण दोनों तरफ करीब दो किलो मीटर से अधिक छोटी बडी गाडियों की लंबी कतारें लग गई। वहीं शादी विवाह में गाडियां अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्ते में जाती दिखीं। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय पुलिस के अलावे विशुनपुरा, मेराल सहित श्री बंशीधर नगर पुलिस अंचल निरीक्षक रतन कुमार सिंह ने अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति समान्य करने की भरपूर कोशिश की। लेकिन महिलाओं सहित मृतक के परिजन व आक्रोशित भीड ने शव को मुख्य सडक पर लिटाकर बस मालिक को बुलाने की मांग सहित अन्य मांगों पर अे रहे। काफी जद्दोजहद के बाद भी परिजनों का आक्रोश लगातार बढने पर पुलिस ने हल्का बल का प्रयोग करते हुए शव को अपने कब्जे में ले कर पुलिस गाडी से शव को गढवा सदर अस्पताल भेज दिया। जिसके थोडी देर बाद खुद पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने दोनों तरफ गाडियों के काफिले को धीरे धीरे निकलवाय। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। इस मौके पर थानेदार असफाक आलम,पुअनी जेपी गुप्ता, ऋषिकेश सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### जायंट्स ग्रुप ने शुरू किया पनशाला

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटनगंज द्वारा आम राहगीरों के लिए निशुल्क पनशाला का शुभारंभ स्थानीय नवकेतन रोड में निरवाना होटल के समीप किया गया। पनशाला का उद्घाटन शहर के मशहूर चिकित्सक सह मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. आर रंजन ने फीता काटकर किया। जायंट्स ग्रुप लगातार अपने सेवा संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद करता आ रहा है। कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप आफ डालटनगंज के वर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद मुर्तजा ने उपस्थित लोगों को उत्प्रेरित करते हुए कहा कि यह सेवा समूह आने वाले समय में जरूरतमंदों के लिए पूरे जिले में कई कार्यक्रम चलायेगा। इस मौके पर मनजीत आनंद, गौतम सेन गुप्ता, एसपी जायसवाल, दिलीप सिंह, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, राजन सहाय, पंकज लोचन, जावेद अहमद, रोहित बजाज, गुड्डू खान, सहेली उडान की देवेंद्र कौर, प्रियंका आनंद, आरती, सीमा भसीन सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### सर्वेश्वरी समूह ने बाइपास रोड में खोला पनशाला

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा द्वारा आज पनशाला खोला गया। यह पनशाला शहर के बाइपास रोड स्थित ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल परिसर में खोला गया है। इसकी शुरुआत समूह की स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड स्कूल की चेयरमैन रागिनी राय ने अघोरेश्वर भगवान राम और गुरू पद संभव राम की पूजा अर्चना कर की। मौके पर श्रीमती राय ने कहा कि परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने मानव सेवा को ही सबसे बडा धर्म बताया है। पलामू में भीषण गर्मी पड रही है। जैसा कि एक्सपर्ट कह रहे हैं कि अन्य वर्षों की तुलना में इस साल अधिक गर्मी पडेगी। ऐसे में पनशाला खुलने से आम लोगों को राहत मिलेगी। श्रीमती राय ने कहा समूह सेवा के 19 सूत्री लक्ष्य को लेकर निरंतर काम कर रहा है। समूह आध्यात्म के साथ साथ समाज में सेवा का बेहतर वातावरण कायम करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। मौके पर समूह के स्थानीय शाखा के व्यवस्थापक योगेंन्द्र सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, रंजीत राय, अजय बक्स राय, सुमन शाही, हरेराम सिंह, डॉ. नरसिंह, ललित नारायण सिंह, सुधीर सिंह, शुभम राज सहित कई लोग मौजूद थे।

### नगर निगम ने शुरू की शहर में टैंकर से जलापूर्ति

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहरी इलाके में जल संकट शुरू हो गया है। इस कारण शहर के कई मुहल्लों के लोग परेशान हैं। तेज धूप व तापमान में बढोत्तरी के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इस वजह से नदी-नाले सूख रहे हैं। कोयल नदी लगभग सूख गयी है। शहर के ड्राइजोन इलाके में रहने वाले लोगों की परेशानी अधिक है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन ने पहल कर दी है। निगम प्रशासन द्वारा टैंकरों से जलापूर्ति करायी जा रही है। 15 अप्रैल से जलापूर्ति शुरू हुई है। निगम प्रशासन द्वारा फिलहाल 35 वार्डो में से शहर के 20 वार्डो को चिन्हित कर जलापूर्ति शुरू करायी गयी है। ड्राइजोन इलाके में स्थिति भयावह होने की वजह से लोगों की परेशानी अधिक बडी है। इन इलाकों में जब निगम का टैंकर पहुंचता है तो लोग पानी लेने के लिए दौड पढते है। कभी कभी तो पानी भरने के लिए आपस में लोग उलझ भी पढते हैं। इस तरह की स्थिति निमियां, बैरिया, आबादगंज, कांदू मोहल्ला के कुछ इलाकों में है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 35 वार्ड हैं। लेकिन निगम प्रशासन ने टैंकर से जलापूर्ति के लिए 22 वार्डो को चिन्हित किया है। जल संकट ग्रस्त इलाकों में टैंकर से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही है। इस वजह से लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। इधर गरमी व धूप में बढोत्तरी होने के कारण पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है।

## संपादकीय

# अब और युद्ध नहीं

ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के छह दिन बाद शुक्रवार सुबह इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमले की खबरों ने पूरी दुनिया को एकबारगी सकते में डाल दिया। लगा कि इस पूरे क्षेत्र में युद्ध फैलने की जो आशंका पिछले कुछ दिनों से बनी हुई थी, वह सच हो रही है। लेकिन हमले को लेकर इजरायल और ईरान के शुरूआती रुख पर गौर करें तो पिछले दिनों चले अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक प्रयासों के पॉजिटिव असर भी दिख रहे हैं।

**पिछले 13 अप्रैल को ईरान की ओर से इजरायल पर हुए हमले के बाद जहां इजरायल जवाबी कार्रवाई पर अड़ा हुआ था**

पिछले 13 अप्रैल को ईरान की ओर से इजरायल पर हुए हमले के बाद जहां इजरायल जवाबी कार्रवाई पर अड़ा हुआ था, वहीं ईरान बार-बार दोहरा रहा था कि अगर इजरायल ने आगे कुछ भी किया तो उसका जवाब पहले से ज्यादा तगड़ा होगा। ऐसे में सभी प्रमुख देशों की कोशिश मामले को ठंडा करने की थी। लेकिन शुक्रवार सुबह आई ताजा इजरायली हमले की खबरों से एकबारगी हालात बेकाबू होते से लगे।

मामला ज्यादा गंभीर इसलिए भी था कि इजरायली ड्रोन और मिसाइल हमलों का मुख्य निशाना ईरान का इस्फहान शहर बताया गया, जो न केवल मिसाइल उत्पादन का एक बड़ा केंद्र है बल्कि कई परमाणु केंद्रों का भी ठिकाना है। अच्छी बात यह रही कि इस हमले से जान-माल की क्षति की कोई खबर नहीं है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (क्अएअ) ने इस बात की पुष्टि की है कि हमले में किसी परमाणु केंद्र को नुकसान नहीं हुआ है।

खास बात यह कि इजरायल और ईरान दोनों ही इस हमले को तूल देने के मूड में नहीं दिखते। इजरायल की ओर से अमेरिकी अधिकारियों को कार्रवाई की पूर्व सूचना दे दी गई थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर ईरान ने इसकी घोषणा भी नहीं की। अमेरिकी अधिकारियों ने ही मीडिया को इस बारे में बताया। दूसरी ओर ईरान ने कुछ ड्रोन को मार गिराने की बात जरूर कही, लेकिन इसके लिए इजरायल या किसी अन्य देश को जिम्मेदार नहीं ठहराया। इसे घुसपैठ की कोशिश कहा गया। स्वाभाविक ही ईरान की ओर से बदले की कार्रवाई का भी कोई संकेत नहीं है।

इस बीच भारत के लिए अतिरिक्त राहत की एक खबर यह है कि ईरान द्वारा जब्त मालवाहक जहाज टरउ अश्ी२ पर फंसे 17 भारतीय क्रू मेंबर्स में शामिल एकमात्र महिला सदस्य ऐन टेस्सा जोसफ स्वदेश लौट आई हैं। अन्य सदस्यों की रिहाई पर भी ईरानी अधिकारियों से पॉजिटिव बातचीत चल रही है।

अगर शुरूआती संकेत सही साबित होते हैं और यह प्रकरण शांति से निपट जाता है तो यह हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की एक ऐसी जीत होगी, जो युद्ध के बजाय बातचीत से मसले हल करने की प्रेरणा को मजबूती देगी।

# झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ

राकेश अचल

भारत के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं ,इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक,चिकित्स्क या वैज्ञानिक नहीं कर सकता । भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। इन चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बाबद दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं।गृह मंत्री के पास 24,164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी।




कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना।शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे,अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज ] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीत। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते,जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए ,लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए।

अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ । अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है. इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं. इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है , जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है।

सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्यप्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है।विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1,24,85,475 रुपये की चल और 2,17,60,000 रुपये की अचल संपत्ति है. शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है. अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं. शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है। मजे की बात ये की हमारे मामा के पास भी कोई कार नहीं है। मामा कार लेकर करते भी क्या।? उन्होंने तो पूरे १८ साल सरकारी हवाई जहाज और हैलीकाप्टर को स्कूटर की तरह जोता था।

हमारे देश में गरीबी अभिशाप और अमीरी वरदान है । लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के हलफनामे देखकर आप चौंक सकते है। लेकिन मै आपको अभी तक आये हलफनामों के आधार पर बता सकता हूँ कि सबसे अमीर और सबसे गरीब प्रत्याशी कौन रहा । केंचुआ के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अमीर उम्मीदवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता नकुल नाथ हैं। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे हैं और उनके पास 716 करोड़ रुपये की सम्पत्ति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ मध्य प्रदेश से जीतने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। दूसरी ओर, तमिलनाडु के थूथुकुडी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पोनराज के सबसे गरीब उम्मीदवार हैं, क्योंकि चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास सिर्फ 320 रुपये की संपत्ति है।

भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि यहां गरीब से गरीब और अमीर से अमीर व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। लोग बेकार ही चुनाव लड़ने के लिए इलेक्टोरल बांड के फेर में पड़ते हैं। हमारे शहर ग्वालियर से चाय बेचने वाले एक सज्जन सिर्फ इसलिए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं कि कहीं उन्हें भी मोदी जी की तरह कोई मौका मिल जाये। जाहिर है कि जितने भी प्रत्याशी हैं वे चुनाव आयोग की ही नहीं बल्कि देश की जनता की आँखों में धुल झौंकते हुए अपनी समपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इन हलफनामों की न किसी ने शिकायत की और न कभी किसी ईडी या किसी अदालत ने स्वयं संज्ञान लेकर इनकी जांच करने की जरूरत समझी। इस मामले में अज्ञानी रहने में ही समझदारी है।

हमारे यहां झूठी हलफ उठाने की पुरानी रिवायत है । लोग चुनाव लड़ते हैं तो संविधान की हलफ उठाते हैं और जब पंचायतों में जाते हैं तो गंगाजल को हाथ में लेकर हलफ उठाते हैं ,लेकिन सच कभी नहीं बोलते । नेताओं का सच तो लाइ डिटेक्टर मशीन भी नहीं उगलवा पाती । हलफनामें केवल देने के लिए होते हैं और गंगाजल हलफ उठाने के लिए। अदालतों में पवित्र गीता के नाम पर हलफ उठाई जाती है। इसके पीछे भी यदि सरकार खोज कराये तो पाएगी कि किसी सनातनी का दिमाग होगा ,अन्यथा अदालतों में हलफ उठाने के लिए गीता के साथ ही रामायण,कुरान ,बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब को भी सूची में शामिल न किया जाता। लेकिन कहते हैं न कसमें,वादे, प्यार ,वफा सब बातें हैं ,बातों का क्या ? सरकार खोज करके पहले ये बता ही चुकी है कि देश का संविधान बनाने में बाबा साहेब आम्बेडकर से ज्यादा सनातनियों का हाथ था।

# चुनावी सभाओं से जन सरोकार के मुद्दे गायब



नीरज कृष्ण




**सार्वजनिक चिंता किसी समाज की धड़कन को दशार्ती है, उसके घटकों के मूल्यों और प्राथमिकताओं को प्रतिध्वनित करती है**

सामाजिक गतिशीलता के जटिल जाल में, सार्वजनिक सरोकार की अवधारणा हमारी सामूहिक चेतना को आकार देने वाले एक मूलभूत स्तंभ के रूप में खड़ी है। सार्वजनिक सरोकार में पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच से लेकर प्रारम्भिक शिक्षा, सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता तक कई मुद्दे शामिल हैं। यह एक समुदाय की साझा चिंताओं, आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है, जो बेहतर भविष्य की दिशा में बातचीत, नीतियों और कार्यों को आगे बढ़ाता है।

इसके मूल में, सार्वजनिक चिंता किसी समाज की धड़कन को दशार्ती है, उसके घटकों के मूल्यों और प्राथमिकताओं को प्रतिध्वनित करती है। यह इस बात का प्रतिबिंब है कि लोगों के लिए सबसे अधिक क्या मायने रखता है, जो अक्सर उनके अनुभवों, विश्वासों और धारणाओं में निहित होता है। चाहे वह जलवायु परिवर्तन का आसन्न खतरा हो, या किफायती आवास की खोज हो, सार्वजनिक चिंता परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है, व्यक्तियों और संस्थानों को महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने और प्रगति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती है।

ऐसा लगता है कि सत्ताधारी दल को इस बात का भरोसा नहीं है कि उन्होंने पिछले पाँच साल में क्या किया है। देश में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो, चुनाव में सत्ताधारी दल या तो पिछली सरकार की कमियां गिनाने में लगे हैं या फिर धर्म के आधार पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। जाति भी एजेंडे में सबसे ऊपर है। जैसे-जैसे चुनाव के अगले चरण की तारीख जितनी करीब आरही है, पार्टियों के प्रचार में जनता के मुद्दे उतने ही कम नजर आरहे हैं। चुनाव प्रचार में बेरोजगारी, महँगाई, कानून-व्यवस्था और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों के बारे में बहुत कम सुनने को मिलता है। कोई सत्ताधारी दल नहीं कहता, हमने विकास के लिए ये-ये किया है, इसलिए हमें वोट दें।

भारत में बेरोजगारी और महंगाई एक बड़ा मुद्दा है। हाल ही में जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक में, विश्व में भारत की स्थिति बहुत ही पिछड़ी हुई है। लेकिन सत्तारूढ़ दल ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए किसी रोडमैप की बात नहीं कर रहे हैं।

चुनावों की आपाधापी में, हवा की लहरें वादों, वचनों और राजनीतिक शब्दजाल से भरी होती हैं। फिर भी, चुनावी अभियान की बयानबाजी के शोर के बीच, अक्सर एक स्पष्ट अनुपस्थिति मौजूद होती है - एक चुप्पी जो बहुत कुछ कहती है। यह वास्तविक जन सरोकार के मुद्दों पर चुप्पी है। राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के दौरान इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने से क्यों बचते हैं? इसका उत्तर रणनीति, धारणा और शक्ति गतिशीलता की जटिल परस्पर क्रिया में निहित है।

लोकतंत्र में, सार्वजनिक सरोकार की जीवंतता राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने की क्षमता में निहित है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को जनता की भावनाओं को नीतिगत कार्रवाई में बदलने का गंभीर कर्तव्य सौंपा गया है। वे वे माध्यम हैं जिनके माध्यम से मतदाताओं की आवाज शासन के पवित्र हॉल में गूंजती है। इसलिए, सार्वजनिक सरोकार के प्रति नीति निमार्ताओं की जवाबदेही केवल राजनीतिक सुविधा का मामला नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक शासन का एक बुनियादी सिद्धांत है।

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल में यह मूलभूत सिद्धांत निहित है कि शासन को उन लोगों की इच्छा और हितों को प्रतिबिंबित करना चाहिए जिनकी वह सेवा करता है। सार्वजनिक चिंता नागरिकों की सामूहिक चिंताओं, आकांक्षाओं और मांगों को समाहित करती है, जो आम भलाई को कायम रखने वाले निर्णयों के लिए नीति निमार्ताओं का मार्गदर्शन करने वाली दिशा सूचक यंत्र के रूप में कार्य करती है। यह वह आधारशिला है जिस पर लोकतंत्र की इमारत खड़ी है, जो शासन ढांचे के भीतर जवाबदेही, पारदर्शिता और जवाबदेही का पोषण करती है।

सार्वजनिक चिंता बहुआयामी तरीकों से प्रकट होती है, जो समाज की विविध छवि को दशार्ती है। इसमें सामाजिक-आर्थिक असमानताओं और पर्यावरणीय स्थिरता से लेकर मानवाधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक के मुद्दे शामिल हैं। इसमें सामाजिक-आर्थिक असमानताओं और पर्यावरणीय स्थिरता से लेकर मानवाधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक के मुद्दे शामिल हैं। संक्षेप में, यह किसी भी चीज को समाहित करता है जो समाज के भीतर व्यक्तियों की भलाई और अधिकारों को प्रभावित करता है। हालाँकि, सार्वजनिक चिंता का महत्व केवल सामाजिक मुद्दों की स्वीकार्यता से परे है; यह कार्रवाई को उत्प्रेरित करता है और सार्थक परिवर्तन के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देता है।

सार्वजनिक चिंता सत्ता की एकाग्रता और लोकतांत्रिक संस्थानों के भीतर दुरुपयोग की संभावना पर रोक लगाने का काम करती है। स्वतंत्र भाषण, सभा और प्रेस जैसे तंत्रों के माध्यम से, नागरिक अपने नेताओं को जवाबदेह बना सकते हैं और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की मांग कर सकते हैं। सार्वजनिक सरोकार से पोषित विचारों और विचारों का जीवंत आदान-प्रदान एक जागरूक नागरिक वर्ग को विकसित करता है, जिससे व्यक्तियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाया जाता है।

हालाँकि, लोकतंत्र में जन सरोकार का एहसास बाधाओं से रहित नहीं है। राजनीति में पैसे का प्रभाव, पक्षपातपूर्ण ध्रुवीकरण और संस्थागत जड़ता सार्वजनिक भावनाओं को सार्थक नीति परिणामों में बदलने में बाधा बन सकती है। इसके अलावा, हाशिए पर रहने वाले समुदाय अक्सर अपनी आवाज को हाशिए पर या पूरी तरह से खामोश पाते हैं, जिससे प्रणालीगत असमानताएं और अन्याय कायम रहते हैं।

वोट बैंक की राजनीतिः राजनीतिक दल अक्सर व्यापक सामाजिक चिंताओं को संबोधित करने के बजाय विशिष्ट वोट बैंकों की पूर्ति का सहारा लेते हैं। वे अपने संदेशों को मतदाताओं के एक वर्ग से अपील करने के लिए तैयार करते हैं, व्यापक सामाजिक चुनौतियों से निपटने के बजाय उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो उन समूहों से संबंधित हैं। यह दृष्टिकोण, लक्षित जनसांख्यिकी से वोट हासिल करने में प्रभावी होते हुए भी, अक्सर उन मुद्दों को दरकिनार कर देता है जो पूरी आबादी को प्रभावित करते हैं।

चुनाव अभियान स्वाभाविक रूप से अल्पकालिक प्रयास हैं, जो तत्काल समर्थन हासिल करने और जीत हासिल करने पर केंद्रित होते हैं। नतीजतन, पार्टियां दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने के बजाय अल्पकालिक मुद्दों और लोकलुभावन एजेंडे को प्राथमिकता दे सकती हैं, जिनके लिए निरंतर प्रयास और निवेश की आवश्यकता होती है। जलवायु परिवर्तन, शिक्षा सुधार, या स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे मुद्दे अक्सर अधिक तात्कालिक चिंताओं के लिए पीछे रह जाते हैं, जिससे त्वरित चुनावी लाभ मिलता है।

चुनावी अभियान के वादे अक्सर इस समझ के साथ किए जाते हैं कि सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरी तरह से पूरा नहीं किया जा सकता है। जवाबदेही की यह कमी पार्टियों को उन जटिल मुद्दों पर प्रतिबद्धता बनाने से बचने के लिए प्रोत्साहित करती है जिन्हें पूरा करने में उन्हें कठिनाई हो सकती है। नतीजतन, वे ठोस नीति प्रस्तावों पर चर्चा करने से बचते हैं और इसके बजाय अस्पष्ट नारे और मामूली बातें चुनते हैं।

कुछ मुद्दों पर अस्पष्टता बनाए रखने से पार्टियों को मतदाताओं के व्यापक स्पेक्ट्रम से अपील करने की अनुमति मिलती है। विशिष्ट नीतिगत स्थितियों से बचकर, पार्टियाँ अपने आधार के भीतर विविध वैचारिक समूहों से समर्थन आकर्षित कर सकती हैं। यह रणनीतिक अस्पष्टता संभावित चुनावी नुकसान के खिलाफ बचाव का काम करती है और पार्टियों को उभरती परिस्थितियों के आधार पर अपने संदेश को अनुकूलित करने की अनुमति देती है।

चुनाव अभियान संसाधन-गहन प्रयास हैं, जिनमें महत्वपूर्ण वित्तीय और मानव संसाधनों की आवश्यकता होती है। पार्टियाँ उन मुद्दों पर संसाधन आवंटित करने को प्राथमिकता दे सकती हैं जिन्हें राजनीतिक रूप से अधिक लाभप्रद माना जाता है या जो उनके लक्षित दर्शकों के साथ दृढ़ता से जुड़ते हैं। संसाधनों के इस रणनीतिक आवंटन के परिणामस्वरूप अक्सर उन महत्वपूर्ण मुद्दों की उपेक्षा होती है जो तत्काल चुनावी लाभ नहीं देते हैं।

चुनाव अभियानों के दौरान सार्वजनिक चिंता के मुद्दों को संबोधित करने से बचना राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी राजनीति की जटिलताओं से निपटने के लिए अपनाई गई एक सोची-समझी रणनीति है। हालाँकि यह दृष्टिकोण अल्पकालिक चुनावी लाभ प्रदान कर सकता है, लेकिन यह समाज के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों के समाधान की कीमत पर आता है। मतदाताओं के रूप में, राजनीतिक दलों से जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग करना और चुनावी मौसम के दौरान खाली बयानबाजी पर ठोस नीतिगत चर्चा को प्राथमिकता देना अनिवार्य है।

नीति निमार्ताओं को अपने मतदाताओं की चिंताओं को सुनने और उनका समाधान करने के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। पारदर्शी निर्णय लेने की प्रक्रिया, समावेशी संवाद और नागरिक भागीदारी के लिए मजबूत तंत्र उत्तरदायी शासन के आवश्यक घटक हैं। सार्वजनिक सरोकार को एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में अपनाकर, नीति निमार्ता लोकतांत्रिक संस्थानों के भीतर विश्वास, वैधता और लचीलेपन को बढ़ावा दे सकते हैं।

जनता की चिंता लोकतंत्र की जीवनधारा है, जो प्रगति और सामाजिक परिवर्तन के इंजन को ईंधन देती है।यह नागरिकों की सामूहिक इच्छा का प्रतीक है, शासन के पथ को आकार देता है और यह सुनिश्चित करता है कि हाशिये पर पड़े लोगों की आवाज सुनी जाए।लोकतंत्र के संरक्षक के रूप में, यह नागरिकों और नीति निमार्ताओं दोनों पर निर्भर है कि वे सार्वजनिक चिंता को एक पवित्र सिद्धांत के रूप में पोषित करें और बनाए रखें, एक अधिक न्यायपूर्ण, न्यायसंगत और समावेशी समाज के वादे की रक्षा करें।

# वर्तमान संदर्भ में भगवान महावीर का अनेकांत सिद्धांत



सनत जैन

भगवान महावीर का आज जन्म दिवस है। 2623 वर्ष उनका जन्म कल्याणक हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में अनेकांत का सिद्धांत प्रतिपादित कर मानव जीवन और प्रकृति को संरक्षित किया था। इस सिद्धांत में उन्होंने भाव हिंसा को सबसे बड़ी हिंसा बताया था। मन में जो भाव आते हैं, वहीं से क्रिया शुरू हो जाती है। अतः उन्होंने मन की सोच को नियंत्रित रखने के लिए, अहिंसा, सत्य, अचोर्य (त्याग) ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के पांच सिद्धांत को मानव जीवन शैली के लिए जरूरी बताया। जीवन शैली की सोच को बदलकर, मन-विचार और शरीर को उन्नत अवस्था में ले जाकर मनुष्य जीवन और प्रकृति को सुरक्षित एवं सुखी बनाने का मार्ग सभी को बताया था। जब महावीर का जन्म हुआ था, उस समय सारी पृथ्वी में हिंसा फैली हुई थी। उस हिंसा को रोकने के लिए भगवान महावीर ने मन को नियंत्रित रखने के लिए प्रेम और वात्सल्य को महत्वपूर्ण बताया। वात्सलय एक ऐसी अवस्था होती है, जिसमें हर प्राणी के मन में एक दूसरे के प्रति मैत्री भाव उत्पन्न होता है। वात्सल्य अवस्था में ही शरीर स्वस्थ रहता है। क्रोध से मुक्ति मिलती है। बीमारियों से बचाव होता है। सत्य से भरा हुआ जीवन भय को दूर करता है। भय के कारण ही मानसिक शारीरिक और आर्थिक संकट पैदा होते हैं। जिसका प्रभाव मन मस्तिष्क पर पड़ता है। जिसके कारण मस्तिष्क और शरीर की ऊर्जा धीरे-धीरे नष्ट होने लगती है। तीसरा उन्होंने अचोर्य का सिद्धांत प्रतिपादित किया। इस सिद्धांत में चोरी करना अथवा जरूरत से ज्यादा चीजों को एकत्रित करने के लिए दूसरों के साथ ठगी करना, मन को विकृत करता है। चोरी नहीं करने और त्याग करने से मन और बुद्धि निर्मल होती है। चौथा सिद्धांत ब्रह्मचर्य का दिया। अपनी आत्मा में लीन होना ही ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचर्य का मतलब है अपने आप में लीन हो जाना। जिस तरह से नर और मादा संभोग के समय सब कुछ भूलकर आनंद की अवस्था में पहुंचता है। इसी तरह मानसिक रूप से ब्रह्मचर्य की अवस्था मस्तिष्क पर नियंत्रण कर लेना ही ब्रह्मचर्य की अवस्था है। बाहर की दुनिया के रिश्ते अशांति पैदा करते हैं। विभिन्न समस्याओं को सामने लाते हैं। जिसके कारण मन और मस्तिष्क की सोच बदल जाती है। मन और आत्मा पर स्वयं का नियंत्रण



होने से हम बाहर की दुनिया से दूर हो जाते हैं। आंतरिक आत्मा की शक्ति से हमारा जुड़ाव बढ़ता जाता है। पांचवा सिद्धांत अपरिग्रह का दिया। इसमें आवश्यकता से अधिक चीजों को रखना अपरिग्रह माना गया है। अच्छे जीवन जीने के लिए जो जरूरी है। वह नैतिकता के आधार पर रखना, अच्छे जीवन का कारण बनता है। मानव जीवन में जब अज्ञानता से वशीभूत होकर आवश्यकता से अधिक चीजों का संग्रह करने लगते हैं, उसके कारण जीवन कठिन हो जाता है। लोभ के वशीभूत होकर दूसरों के अधिकारों पर अतिक्रमण कर छीनने की कोशिश करते हैं। इससे हिंसा बढ़ती है। इसका असर घर, परिवार, समाज और राष्ट्र के सभी लोगों पर पड़ता है। प्रकृति के सभी जीवों पर भी इसका असर पड़ता है।

महावीर के इन पांच सिद्धांतों के कारण सारी दुनिया में हिंसा कम हुई। भगवान महावीर, मन की हिंसा को नियंत्रित करने पर जोर देते थे। भगवान महावीर के सिद्धांत में, जो हम सोचते हैं वही हम करते भी हैं। हमारी सोच में नैतिकता, प्रेम और वात्सल्य नहीं होगा, ऐसी स्थिति में जो भी सोच होगी, उसके अनुसार क्रिया करेंगे। कर्म फल सोच के साथ ही शुरू होते हैं। जो आपके जीवन को शांत और अशांत बना देते हैं। महावीर काल में चारों ओर हिंसा का वातावरण था। भगवान महावीर के अनेकांत सिद्धांत ने मानव जीवन को जो नया रास्ता दिखाया, उसके बाद हिंसा कम हुई, लोगों ने अहिंसा का महत्व समझा ओर अपने जीवन को सुखमय बनाया।

भगवान महावीर के सिद्धांतों से जहां मानव जीवन सुखी हुआ वही प्रकृति भी संरक्षित हुई। जिसके कारण लोगों ने महावीर को भगवान महावीर के रूप में मानना शुरू कर दिया। वर्तमान स्थिति में विश्व के सभी देशों में हिंसा का वातावरण बना हुआ है। सब लोग कुछ ही समय में सब कुछ पा लेने की जो लालसा रखते हैं। अहंकार अपनी सर्वोच्च अवस्था में है। वही दुख का सबसे बड़ा कारण है। वर्तमान संदर्भ में कहा जाए, तो मानव जीवन का सबसे श्रेष्ठ युग चल रहा है। जहां स्वर्ग जैसी सुविधाएं मानव जीवन में सभी को उपलब्ध हो रही हैं। जितनी ज्यादा सुविधाएं और विकास होता है। लोग स्वयं से दूर होकर, भौतिक इच्छाओं के साथ जीवन जीना शुरू कर देते हैं। भौतिकता के कारण इच्छाएं बढ़ती चली जाती हैं। इच्छाएं अनंतानंत है। ब्रह्मांड में किसी की भी इच्छाएं पूरी नहीं हो सकती हैं। जितना मिलता जाता है, उतनी ही इच्छा बढ़ती चली जाती है। भारत के संदर्भ में बात करें, तो अंबानी और अडानी के पास कोई कमी नहीं है।

उसके बाद भी सबसे ज्यादा भयभीत और असंतुष्ट व्यक्तियों के रूप में देखें, तो अंबानी और अडानी ही दिखते हैं। सब कुछ होते हुए भी वह रोज और कुछ पाने के लिए नैतिक अनैतिक मार्ग अपनाकर अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा आदमी बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इससे वह आत्मिक शांति से दूर होकर स्वयं दुखी हो रहे हैं। यह उन्हें भी मालूम है कि यह सब ऐश्वर्य कुछ ही समय तक रहेगा। लेकिन अपनी इच्छा को पूरी करने के लिए वह दूसरों को भी दुखी कर रहे हैं। भगवान महावीर के अनेकांत सिद्धांत में इसी को नियंत्रित करने का सिद्धांत प्रतिपादित किया गया था। जो वर्तमान संदर्भ में सारी दुनिया के लिए जरूरी है। भगवान महावीर के अनेकांत सिद्धांत को यदि दुनिया पालन करना शुरू कर दे, तो सारे विश्व में सुख और शांति फैल जाएगी। मानव जीवन अपने श्रेष्ठतम अवस्था में होगा। यह भी कहा जा सकता है, वर्तमान संदर्भ में स्वर्ग के सारे सुख मानव जीवन में सभी को उपलब्ध हो पा रहे हैं। इसको बनाए रखना ही वर्तमान की सबसे बड़ी उपलब्धता होगी।

## एक नजर

### जिप सदस्य ने टॉपर संजय कुमार को श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर किया सम्मानित

● उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे की पढ़ाई में हरसंभव मदद करने की भरोसा दिया



डुमरी:पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के छात्र संजय कुमार मैट्रिक परीक्षा में 91.4 फीसदी अंक लाकर अपने विद्यालय में टॉपर बने ।रविवार को जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने विद्यालय टॉपर संजय कुमार को श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे की पढ़ाई में हरसंभव मदद करने की भरोसा दिया,इस दौरान
जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने कहा कि लक्ष्मणटुंडा निवासी संतोष साव के पुत्र संजय कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में अपने विद्यालय से टॉपर होने पर अपने माता पिता के साथ साथ लक्ष्मणटुंडा पंचायत का भी नाम रोशन किया है,जिप सदस्य ने कहा कि खुशी तो तब होती है जब हम जैसे गरीब परिवार एवं मजदूर का बेटा बेटी अपने मेहनत से अच्छी रैंक हासिल करता है,अवगत करा दे कि छात्र संजय कुमार के पिताजी प्रवासी मजदूर हैं और मुंबई में मजदूरी का काम करते हैं एवं माता गृहणी है।

### न्याय के अभाव में खानाबदोश की जिंदगी जीने को विवस एक परिवार

● मारपीट के मामले में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप



धनबाद :धनसार थाना अंतर्गत बरमसिया शंकर नगर का रहने वाला एक परिवार पुलिस से न्याय न मिलने के कारण दर-बदर की ठोकरें खाते हुए खानाबदोश की जिंदगी काटने को विवश है। यह पूरा परिवार रविवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में मीडिया से अपनी व्यथा सुनते हुए आरती कुमारी ने बताया कि वह घरों में चौका बर्तन करके अपनी तथा परिवार का भरण पोषण करती है। 14 अप्रैल की रात घर लौट के क्रम में आदित्य रविदास ने जबरन हाथ पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा शोर मचाने पर उसके पिताजी वहां आ पहुंचे और आदित्य के साथ मारपीट की. इसी बीच आदित्य के पिता जीतू रविदास भी आ गए उन्होंने भी मारपीट की इस घटना के बाद उल्टे विरोधी पक्ष थाने में जाकर उसके परिवार के खिलाफ मारपीट की प्राथमिक दर्ज कर दी है। उसके परिवार के कुल 17 लोग जिनमें बच्चे भी शामिल है के खिलाफ प्राथमिक की दर जे कर दी है पुलिस उनकी नहीं सुन रही विरोधी पक्ष द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है. ऐसे में उन्हें न्याय कब मिलेगा।

### सखी बहिनपा मैथिलानी समूह द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह आयोजित

● समूह की संस्थापक व अध्यक्ष आरती झा के बोकारो आगमन पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



बोकारो : सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की संस्थापक व अध्यक्ष आरती झा, महासचिव मनोरमा झा, सुनीता झा व उषा झा के बोकारो आगमन पर शनिवार की शाम सेक्टर 4 सिटी सेंटर स्थित रॉयल दरबार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सखी बहिनपा, बोकारो इकाई द्वारा आयोजित इस समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ आगत अतिथियों व बोकारो इकाई अध्यक्ष अमिता झा, सचिव उषा झा, उपसचिव नूतन झा, कोषाध्यक्ष संगीता मिश्रा व सुजाता झा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी जयंती पाठक, मीडिया प्रभारी संजीता झा व रेखा झा, संगठन प्रभारी मुन्नी झा, कल्याणी मिश्रा आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। भगवती गीत ह्यजय भैरवि असुर भयावनि....ह्न की प्रस्तुति के बाद सुजाता झा, जयंती पाठक, नूतन झा, उषा झा, मुन्नी झा व कंचन झा ने स्वागत गीत ह्यमंगलमय दिन आजु हे पाहुन छथि आयल....ह्न की सुमधुर प्रस्तुति की। स्वागत भाषण सचिव उषा झा ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सखी बहिनपा ग्लोबल संस्था है। इसकी इकाई भारत के विभिन्न शहरों सहित विदेशों में भी है। तत्पश्चात सखी बहिनपा की केन्द्रीय अध्यक्ष आरती झा सहित अन्य अतिथियों को मिथिला के परंपरानुसार उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। सखी बहिनपा की अध्यक्ष आरती झा ने अपने संबोधन में संस्था के उद्देश्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में बड़ों को समुचित सम्मान व छोटे को स्नेह दिया जाता है वह परिवार खुशहाल रहता है।

उसी तरह सखी बहिनपा समूह एक परिवार की तरह है, जहां सभी को उचित महत्व दिया जाता है। उन्होंने बोकारो इकाई की गतिविधियों की सराहना की और इसी तरह मिथिला की कला-संस्कृति के उत्थान सहित सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। महासचिव मनोरमा झा ने कहा कि संस्था प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती है। बोकारो इकाई कला संस्कृति के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छा कार्य कर रही है। निशा झा ने ह्यकुंज भवन सं निकसलि रे रोकल गिरधारी....ह्न गीत तथा जया मिश्रा ने ह्यकुहकल बसंत के भोरिह कोयलिया...ह्न गीत पर सुंदर भावनृत्य की प्रस्तुति की। किरण मिश्रा, आशा झा, मधु ठाकुर, जयंती पाठक व बीणा झा ने भगवती गीत ह्यकहवां नहेली काली....ह्न की सुंदर प्रस्तुति से की। उषा झा, संगीता मिश्रा, नूतन झा, सुजाता झा, जयंती पाठक व संजीता भुवनेश ने पारंपरिक झिझिया नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। अर्चना चौधरी, नीलम झा व शैलजा झा ने काव्यपाठ से सबकी वाहवाली ली। कार्यक्रम का समापन नीलम, जयंती, आशा झा व किरण मिश्रा द्वारा प्रस्तुत समदाओन गीत से हुआ। कला-संस्कृति, लेखन व सामाजिक योगदान के लिए अरुण पाठक को मिथिला पेंटिंग भेंटकर सम्मानित किया गया। सखी बहिनपा के आजीवन सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ मंजू झा, रंजना भगत, नंदा झा, इंदिरा झा, किरण झा, ममता झा, पद्मा चौधरी, मीरा मिश्रा, अलका झा, प्रीति प्रिया, आशा पाठक, ज्योति झा शारदा चौधरी आदि उपस्थित थीं.

## श्रीरामदूत हनुमानजी की द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से प्रारंभ की गई

**चास बोकारो की 1001 माताओं -बहनों ने पुरे भक्ति भाव से भाग लिया। 21 से 28 तक आठ दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया**




उज्जवल दुनिया

बोकारो : चेकपोस्ट चास से लेकर चिन्मय मिशन भोजपुर कॉलोनी तक श्रीराम जी के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

चिन्मय मिशन चास के आवासीय आचार्य स्वामी राघवानंद जी के मार्गदर्शन में 1001 कलशों के साथ चास गरगा मंदिर से चिन्मय मिशन भोजपुर कॉलोनी चास तक यात्रा निकली गई। जिसमे चास बोकारो की 1001 माताओं -बहनों ने पुरे भक्ति भाव से भाग लिया।

21 से 28 तक आठ दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। ज्ञात हो की 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक संध्या 6.30 से 8 बजे तक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस ज्ञान यज्ञ को पूज्य ब्रह्मचारी दिवाकर चैतन्य, चिन्मय मिशन कोलकाता, संगीतमय स्वरूप में भक्तों के सामने आने मधुर वाणी से प्रवचन देंगे। साथ ही 22 से 24 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से हवन पूजन , 27 को रामलला की शोभायात्रा एवम 28 को भंडारा का आयोजन किया जाना है। स्वामी राघवानंद जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर भक्ति सागर में डुबकी लगाकर अपने जीवन को सार्थकता की और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाए। इस शानदार यात्रा को स्वामी राघवानंद जी,सुनील कुमार तिवारी, ब्रज भूषण त्रिपाठी, सुरेंद्र मिश्रा, संदीप तिवारी, रामनाथ मिश्रा, ईश्वर दत्त त्रिवेदी, विनय कुमार मिश्रा, विष्णु कुमार मिश्रा,पंकज कुमार मिश्रा, देवेश त्रिपाठी, संजीव सिंह,मंतोष कुमार, पंकज कुमार सिंह, ध्रुव सिंह,रणविजय ओझा, मिथलेश सिंह सहित चिन्मय युवा केन्द्र के सैकड़ों सदस्यों ने यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## ब्रह्मकुमारीज ने एशियन हॉस्पिटल में आयोजित किया रक्तदान शिविर



● रक्तदान जीवन में दिया जाने वाला सबसे बहुमूल्य दान है:अनु दीदी

उज्जवल दुनिया

धनबाद: ब्रह्मकुमारीज जगजीवन नगर ने एशियन द्वारकादास जालान हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों ने स्वेच्छा से महादान किया। धनबाद में आयोजित इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर में प्रत्येक व्यक्ति से एक यूनिट रक्त लिया गया। संस्था की प्रमुख बीके अनु दीदी ने कहा कि रक्तदान जीवन में दिया जाने वाला सबसे बहुमूल्य दान है और दूसरों को खुशी देना ही सबसे बड़ा दान है ,जो देंगे वो ही वापस आएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में बीके पवित्र तुलस्यान,बीके दीपा, बीके शिवानी,बीके नूपुर सांवरिया,बीके शैलजा सांवरिया,बीके अभिनंदन,बीके मनीषा, बीके जसपाल,बीके गुनीत कौर,बीके चितरंजन,बीके सुनील, बीके लक्ष्मण,बीके सोनल,बीके पंकज,बीके संजय,राजेश कुमार, किशन,देव ज्योति, चितामणि रेड्डी,बीके रवि, बीके बरखा,बीके स्वर्णलता,बीके आशा देवी,बीके आयुष बसंत हेलीवाल का सहयोग रहा। रक्तदान के अवसर पर ब्रह्मकुमारीज ने संदेश दिया कि मौका दीजिए अपने खून को,किसी के रगों में बहने का ।बड़ा ही खूबसूरत तरीका है,ये कई जिस्मों में जिंदा रहने का।

## इंटक कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने थामा भाजपा का हाथ



उज्जवल दुनिया

बोकारो : धनबाद लोकसभा मे चुनावी माहौल धूप के साथ तेजी स्वत बढ़ती जा रही। लोकसभा क्षेत्र के बोकारो विधानसभा में इंटक कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने केन्द्र के मोदी सरकार पर बिस्वास करते हुए भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने दिलाया। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लु महतो, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, रोहितलाल सिंह, मुकुल ओझा ने माला व पट्टा पहना कर स्वागत किया। ढुल्लु महतो ने कहा कि आज देश ही नही पूरे विश्व में नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा। आप सभी का भाजपा परिवार में आप सभी का स्वागत है ।आप सभी मिलकर मोदी के 400 पार अभियान को सफल बनाने में अपनमहत्वपूर्ण भूमिका निभाए। बिरंची नायरण ने कहा कि आज झारखंड के साथ पूरा देश देखा जिस प्रकार राँची मे आयोजित उलगुलान कार्यक्रम में कुर्शी मारपीट हुई ।कांग्रेस व इंडी गठबंधन की मंशा सभी ने देख लिया। देश की 140 करोड़ जनता मोदी सरकार के साथ है। काँग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम दुबे,राजू मोदक,प्रकाश चटर्जी के नेतृत्व में 200 से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

शामिल होने में राजकुमार मोदक,विवेक, काशी,रोनी,नीरज,गोपी,आकाश,देबासिष,बिनय,अनिल, कुला,संजू, मनोज,पोलतु, उत्तम,अशोक,विधान,संतोष,प्रमोद,श्रीकांत,हरिकांत,शंकर,आदर्श,रामनाथ,सुमित,राजू,विजय,कृपाशंकर, कौशल, सुपरानी, शकुंतला, आरती, फुलमनी सहित सैकड़ों मौजूद रहे।

## बोकारो स्टील लिमिटेड को 250 एमवीए अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराएगा डीवीसी

उज्जवल दुनिया

बोकारो (चंद्रपुरा) : भारतीय इस्पात प्राधिकार लिमिटेड (सेल) की इकाई बोकारो स्टील लिमिटेड ( बीएसएल) को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) 250 एमवीए की अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि इस संबंध में डीवीसी और बीएसएल के बीच एक समझौता हो गया है और शनिवार को बोकारो स्टील सिटी में उनके बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है। वर्तमान में डीवीसी बीएसएल, सेल को 220 एमवीए बिजली की आपूर्ति करता है और एमओयू के अनुसार अतिरिक्त आपूर्ति 2027-28 से शुरू होगी।




सूत्रों ने बताया कि उक्त समझौता बीएसएल के आसन्न विस्तार के कारण अतिरिक्त बिजली की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। डीवीसी विभिन्न प्रतिष्ठानों में स्थापित की जा रही अपनी आगामी ब्राउन फील्ड थर्मल पावर परियोजनाओं से बढ़ी हुई मांग को पूरा करेगा। डीवीसी की ओर से, सदस्य (वित्त) अरूप सरकार, कार्यकारी निदेशक (वाणिज्यिक) संजीव श्रीवास्तव, ईडी (सिस्टम) डीके सिंह, ईडी (वित्त) जॉयदीप मुखर्जी इस अवसर पर उपस्थित थे। जबकि बीएसएल की ओर से, ईडी ( वर्क्स), ईडी (परियोजनाएं) और ईडी (वित्त) के अलावा दोनों पक्षों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे.

## हनुमान जन्मोत्सव पर एकल अभियान द्वारा भव्य श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन 23 अप्रैल को

उज्जवल दुनिया

धनबाद:आगामी चैत्र शुक्ल पूर्णिमा,तद्-अनुसार दिनांक 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को मयार्दापुरूसोतम भगवान श्री राम के परम-भक्त ऐसे हनुमान जी का जन्मोत्सव, अर्थात हनुमान जन्मोत्सव है । एकल अभियान द्वारा इस बार भी विगत वर्षों के भाती हनुमान जनमोत्सव के शुभअवसर पर दोपहर 4:00 बजे से श्री राम शोभायात्रा धवनि विस्तारक, धार्मिक झंडे एवं ड्रोन कैमरा द्वारा फोटोग्राफी के साथ सौहार्द एवं शांतिरूपेन भुइफोड मंदिर से रणधीर वर्मा चौक तक निकाला जाएगा। पूर्व में कार्यक्रम का समय दोपहर 3 बजे से रखा गया था, परंतु प्रचंड धूप को देखते हुए समय को 1 घंटा देर से प्रारंभ करने का निर्णय किया गया है ।श्रीराम जी व हनुमान जी के भक्तों के लिए जगह जगह पानी, शर्बत व पुष्प वर्षा की कि व्यवस्था की गई है ।उसके उपरांत रणधीर वर्मा चौक




पर स्थित बजरंगबली मंदिर व मंदिर परिसर के बाहर एकत्रित हो करके आरती का आयोजन किया जाएगा ।जिसमे विगत वर्षों में संपूर्ण समाज को एकत्रित करके हनुमान जी के अष्ट (08) गुणों से अवगत कराके राष्ट्रउत्थान व सेवा कार्यों से जोड़ने की दृष्टि से धनबाद के भूईफोड मंदिर से भव्य श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन प्रति वर्ष अनुशासित रूप से होते आया है । यह यात्रा भूईफोड मंदिर से चल करके हनुमान मंदिर रणधीर वर्मा चौक पर हनुमान जी की आरती से संपन्न होता है । प्रतिवर्ष श्रीराम शोभा यात्रा के माध्यम से आयोजन समिति, कुछ ना कुछ समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का प्रयास करता है, जैसे वनवासी समाज को शिक्षा व खेल के छेत्र में अग्रेषित करने का संदेश, वनवासी व समाज के अंतिम व्यक्ति में आत्मनिर्भरता हेतु प्रेरित कर उनके स्वाभिमान जागृति का संदेश, भारत की मूल संस्कृति गौ-गंगा-गायत्री के संरक्षण व संवर्धन का संदेश, समाज को समरसता के साथ एक सूत्र में पिरो कर भारत राष्ट्र को परम-वैभव पर स्थापित करने का संदेश, इत्यादि । इस वर्ष हम भारतीय लोकतंत्र का महापर्व का उत्सव भी मना रहे है । प्रथम चरण के मतदान में कमी को देखते हुए, इस वर्ष श्री राम शोभा यात्रा 2024 में पहले मतदान, फिर जलपान के सकारात्मक व सार्थक संदेश देने का प्रयास होगा । इसी निमित्त कार्यक्रम के अंत में मतदान हेतु संकल्प भी लिया जाएगा ।

इसके उपरांत भारत माता की आरती का आयोजन कार्यक्रम के अंत में रणधीर वर्मा चौक पर होना सुनिश्चित है, जिस के माध्यम से भारत राष्ट्र का लोकतंत्र सशक्त रहे इस निमित्त मतदान के अधिकार को प्रत्येक व्यक्ति को प्रयोग करना चाहिए और इस निमित्त अपने परिजन व मित्रों को भी जागृत करना चाहिए ऐसा संदेश देने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सुन्दर व आकर्षक झांकी के दर्शन होने वाले है ।शोभा यात्रा के झांकी में अयोध्या जी में स्थापित राम लल्ला के मूर्ति स्वरूप की भी दर्शन होने वाली है, साथ ही बाहुबली बजरंगबली, नंदी बाबा, शिवा जी और भारत माता के मूर्ति स्वरूप का भी दर्शन संभव होगा। भारत माता की आरती वीसेस आकर्षण का केंद्र होगा।

## लाल बथानी में बाईक से गिरने से महिला हुई घायल, सदर अस्पताल में चिकित्सक ने किया मृत घोषित



साहिबगंज: मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाल बथानी गांव में बाईक पर से नीचे सड़क पर गिरने से मुन्नीलाल भगत की 50 वर्षीय पत्नी उषा देवी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां परिजनों की मदद से उसे पास के ही चिकित्सक के पास ले जाया गया। उधर प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी स्थिति बिगड़ती देख परिजन बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाने के लिए लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विवेकानंद ने घायल महिला को मृत घोषित कर दिया। इसको लेकर मुन्नीलाल भगत ने बताया कि उसकी पत्नी उषा देवी एक व्यक्ति के साथ बाइक पर सवार होकर हाजीपुर से लाल बथानी की ओर जा रही थी जहां लाल बथानी के मुख्य रोड पर बनाए गए ब्रेकर को पार करने के बाद अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सर के बल गिर गई। वही इस घटना में उसके नाक से खून बहने लगा जिसके बाद आसपास के लोगों की मदद से पास के ही डॉक्टर से इलाज करवाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उधर जब पत्नी को सदर अस्पताल लेकर पहुंचा तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इधर मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह को घटना की जानकारी मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचकर छानबीन में जुट गए।

# अपने सुख और दुख के जिम्मेदार हम स्वयं : समणी मधुर प्रज्ञा जी

उज्जवल दुनिया

बोकारो : जैन मिलन केंद्र में भगवान महावीर की 2623 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई एवं विश्व शांति दूत आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी, समणी शुभ प्रज्ञा जी, समणी मनन प्रज्ञा जी के सानिध्य में संपन्न हुई। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने समणीयों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भगवान महावीर के संदेश द्वारा ही हम मानवता की सेवा कर सकते हैं। बैद ने कहा की आज महावीर की वाणी हमारे जीवन में सुख और समृद्धि ला सकती हैं। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन



से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भगवान महावीर के भजनों पर बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जैन समाज के बच्चों एवं महिलाओं ने भी प्रदूषण पर एक नाटिका का मंचन किया। समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी ने कहा कि भगवान महावीर की आराधना के साथ भगवान महावीर के संदेश को भी अपने जीवन में उतारना होगा,आत्मसात करना होगा। समणी मधुर प्रज्ञा जी ने कहा कि भगवान महावीर की कथनी और करनी में अंतर नहीं था, उन्होंने त्याग, तप और संयम का जीवन जिया। इस अवसर पर जैन समाज के एवं जैन पब्लिक स्कूल के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुशील बैद ने किया।

जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समणी जी एवं आगुंतो का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संपत मल बैद, बिनोद चोपड़ा, मदन चंद चोरड़िया,श्याम सुंदर जैन, सुभाष जैन,अजय लूंकड, विपुल मेहता, प्रकाश कोठारी, मनीष जैन,संजय जैन, प्रवीण जैन, जयचंद बांठिया, विकास जैन, आकाश जैन, कमल जैन,अंकित जैन,केतन मेहता, बजरंग लाल चोरड़िया, अंकित चोपड़ा, चंदन बांठिया, आनंद कोठारी, पियूष जैन,ध्रुव, जैन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मृत्युंजय सहाय सहित सभी शिक्षक गण,चास बोकारो,झालदा एवं बंगाल स्थित जयपुर से आये जैन समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे.

## एक नजर

## भगवान महावीर की जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

- महावीर के जयकारे से गुंजा शहर, अहिंसा परमो धर्म का दिया संदेश



गिरिडीह। अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले भगवान महावीर की 2652वीं जयंती को लेकर रविवार की सुबह जैन समाज के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के बड़ा चौक स्थित जैन मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा में काफी संख्या में जैन समाज के युवाओं के साथ-साथ महिलाएं व युवतियों के साथ बच्चे शामिल हुए। भगवान महावीर की जयंती को लेकर निकले भव्य शोभा यात्रा में भक्तों की ओर से जयकारे भी लगाए जा रहे थे, बड़ा चौक के जैन मंदिर से निकले शोभा यात्रा में युवाओं की टोली एक चांदी के पालने में भगवान महावीर के अस्टधातु की मूर्ति के लिए साथ चल रहे थे। जबकि एक वाहन में भगवान महावीर का दरबार सजा था। गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा में हर महिलाएं भगवान महावीर के भजन गाते हुए चल रहे थे।

जैन मंदिर से निकल कर शोभा यात्रा शहर के कई हिस्सों से गुजरते हुए मकतपुर पहुंचा, जहां भक्तो ने चांदी के पालने में स्थापित मूर्ति की आरती उतारी गई। वहीं शिव मुहल्ला में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शीतल पेय जल और शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया जा रहा था। शहर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा वापस मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान शोभा यात्रा में महेश जैन, अजय जैन, अविनाश सेठ्ठी, रमेश जैन, अंकित जैन, अरिहंत जैन, संजय जैन, रितेश मोदी समेत समाज के कई लोग शामिल हुए थे।

## बढ़ती गर्मी का प्रकोप, सुख गए कुएँ और चापाकल, खेत में गड्ढा खोदकर प्यास बुझाने को मजबूर ग्रामीण

- एक माह से खेत में गड्ढा खोदकर पानी पी रहे हैं तिसरी के मनसाडीह - हड़हड़ा के लोग



**चंदन भारती**

तिसरी । गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ ही कई इलाकों में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। कई कुएँ सुख चुके हैं तो कई चापाकलों ने भी पानी उगलना बंद कर दिया है।यही हाल गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड का भी है। प्रखंड के मनसाडीह पंचायत के हड़हड़ा गांव के लोग इन दिनों पेयजल की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में स्थित कुएँ पूरी तरह सुख चुके हैं वहीं चापाकल ने भी जल उगलना बंद कर दिया है।

तकरीबन 200 की आबादी वाला यह गांव खेत में एक गड्ढा खोदकर अपनी प्यास बुझा रहा है। गाँवों में कई ऐसे स्थान होते हैं जहाँ जलस्तर काफी ऊपर ही होता है।लिहाजा यहां के लोगों ने धान के खेत में 4 - 5 फिट का एक गड्ढा खोदा जिसमें थोड़ा बहुत पानी जमा हो जाता है। हालांकि पानी की गुणवात्ता देखने मात्र से ही पता चलता है लेकिन मजबूरी में इन्हे यही प्रदूषित पानी पीना पड़ता है। पानी लेने के लिए इस गड्ढे के पास सुबह और शाम ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी रहती है।हालांकि यह शुद्ध पेयजल तो नहीं है लेकिन इस गांव के लोग इसी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इससे इनलोगों के समक्ष बीमार होने का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीण कलावती देवी ने बताया कि उनके गांव में तीन कुएँ और एक चापाकल है लेकिन वे पूरी तरह सुख चूके हैं। कोई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण मजबूरन खेत में गड्ढा खोदकर पानी पीना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर कोई पहल नहीं की।

उन्होंने कहा कि नल जल योजना के तहत जलमीनार खड़ा कर दिया गया है लेकिन पेयजलआपूर्ति बहाल नहीं की गई है। इतना ही नहीं गांव तक आने के लिए सड़क भी नहीं है, बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। नंदन कुमार ने बताया कि बीते एक माह से इस गाँव के लोग इसी गड्ढे का पानी पी रहे हैं। उनके गांव में सड़क की भी सुविधा नहीं है।

### दो माह पूर्व लगा है जलमीनार अभी तक एक घर में भी पेयजलआपूर्ति बहाल नहीं

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल जल योजना के तहत लगभग दो माह पूर्व ही एक जलमीनार बनाया गया है लेकिन अभी तक एक भी घर में कनेक्शन नहीं किया गया है।ग्रामीणों ने कहा कि इतने बड़े क्षेत्रफल में केवल एक ही जलमीनार बनाया गया है, इससे प्रत्येक घर तक जलापूर्ति करना सम्भव नहीं है। वहीं उक्त जलमीनार में कई दिनों से पानी का रिसाव हो रहा है। रोजाना भारी मात्रा में पानी की बबार्दी हो रही है।वहीं इस संबंध में संवेदक आशुतोष यादव ने बताया कि उक्त जलमीनार का कुछ लोग निजी रूप से लाभ रहे थे। साथ ही जलमीनार में लगा चाबी भी टूट चूका था जिसके कारण पानी का रिसाव हो रहा था। उन्होंने कहा कि पानी का लीकेज बंद करवा दिया गया है, जल्द ही हर घर तक पानी पहुंचा दिया जायेगा।

## जैन धर्म के चैबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती इसरीबाजार में धूमधाम से मनाया गया

डुमरीःजैन धर्म के चैबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती रविवार इसरीबाजार में धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज इसरी बाजार द्वारा रथ यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया गया।मौके पर बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरूष, युवक और युवतियों ने भाग लिया।रथ यात्रा तेरहपंथी कोठी से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए पुनः कोठी लौट आया।भव्य रथ में भगवन जिनेन्द्र की प्रतिमा को स्थापित कर भक्तों ने रथ को अपने कंधों में खींचते हुए चल रहे थे।पुरुष,महिलाऐं व बच्चे पीत वस्त्र धारण कर भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।चार भक्त भगवान इन्द्र के रूप में एवं एक भक्त कुबेर के रूप में शीश मुकुट धारण किऐ हुए रथ में मौजूद थे।प्रिंस जिनेश जैन,आशिष जैन इंद्र,प्रदीप जैन एवं मयंक जिनेश जैन कुबेर बने थे।श्रेयांस जैन भगवन पताका के वाहक बनें।रथयात्रा में समाज के अध्यक्ष सोम कुमार जैन सचिव अशोक कुमार जैन, प्रदीप जैन,अभय कुमार जैन,मनोज जैन आचार्य भैया लाल जैन,दीपक जैन,प्रवीण कुमार जैन,प्रिंस जिनेश जैन,ऋषभ जैन,पदम जैन,संगीता जैन,पारस जिनेश जैन,रजत जैन,डॉ विवेक जैन,संजीव कुमार जैन,सीमा जैन,अंकित जैन,सुबोध जैन,अनिता जैन,रविन्द्र जैन, पारस जैन,मयंक जिनेश जैन,अंकित कुमार जैन,उदित जैन आदि सैकड़ों की संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भगवान महावीर स्वामी जी का 2613 वें जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया

अमित सहाय



मधुबन(गिरिडीह)जैनियों के विश्व प्रसिद्ध महातीर्थ मधुबन के प्रागंण मे रविवार को जैन धर्म के 24 वें व अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी का 2613 वे जन्म कल्याणक महोत्सव पूरे हर्षोल्लास व पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया।मधुबन जैन समाज के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार जैन व महामंत्री त्रृषभ कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया की जन्म जंयती के पावन अवसर पर मधुबन मे संचालित तमाम उच्च,मध्य व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के द्वारा प्रातःकाल सर्वप्रथम प्रभातफेरी निकाली गई।जिसमे भगवान महावीर स्वामी जी की जयजयकार ,जैन धर्म का जयजयकार, भगवान महावीर स्वामी का दिब्य संदेश जीऐ और जीने दो,एक,दो,तीन,चार का जयजयकार,आदि अनेकों प्रकार का गगनभेदी नारे लगाते हुए अपने-अपने स्कूल के प्रागंण से निकलकर पूरे मधुबन का भ्रमण कर प्रभात फेरी की यात्रा को समाप्त किया गया।ततपश्चात जैन धर्म के उत्साहित बच्चे, बुढे,लडके,लडकियों ने भगवान महावीर स्वामी जी प्रतिमा को वरधोडा रथ मे सस्मान विराजमान कर पारसनाथ पर्वत की तलहटी का दर्शन करते हुए पूरे ढोल-नगाडे के साथ जयजयकार करते हुए एक विशाल वरधोडा(शोभायात्रा)निकाली गई। जो पर्वत की तलहटी से सीधे निकलकर श्री दिगम्बर जैन बीसपंथी कोठी,तलेटी तीर्थ अन्य होते हुए भगवान महावीर स्वामी का जयजयकार का नारे लगाते हुए डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। विदित हो की वरधोडा पूरे मधुबन का भ्रमण करते हुए भगवान महावीर स्वामी जी की प्रतिमा को श्री अणिंदा पार्श्वनाथ भवन मे रखकर प्रक्षाल पूजा कर भगवान जी का अष्ठप्रकारी पूजन कर धार्मिक अनुष्ठान को आगे बढाते हुए।

कार्यक्रम को प्रस्तुत करते हुए दोपहर को सकल समाज के लोगों के लिए जैन समाज की ओर से साधार्मिक वात्सल का विशेष व्यवस्था किया गया था।जिसमे सैकड़ों लोगों ने स्वामी वात्सल लेकर योजना को सफल बनाया।ततपश्चात देर शाम से मंदिर जी मे सांस्कृतिक कार्यक्रम व क्युज प्रतियोगिता मे भाग लेकर पूरी रात उत्साह के साथ सफल बनाने का कार्य किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से बिनोद जैन,सुधीर जैन,अतुल जैन,मणीष जैन,अमित जैन,मनोज कुमार जैन,राजु जैन,मनोज जैन,लाजपतराय जैन,बीएन चौगले,पंकज जैन,आलोक जैन,अमित जैन,अनुप जैन,प्रवीण जैन,देवेन्द्र जैन,सुमन कुमार,नागेन्द्र सिंह,धरमेन्दर सिंह, उज्जवल जैन,पंकज जैन,सुभाष जैन,संजय जैन,राजेश जैन,मुक्ता जैन,अभिनव जैन,अर्पित जैन,रवि जैन,बाबला जैन,संजीव जैन,भैया मोतीलाल जैन,शैलेन्द्र जैन,प्रभाष जैन,आदि लोग लगे हुए थे।

## गांवा स्थित काली मंडा में नम आंखों से दी गई मां की विदाई

उज्जवल दुनिया

गावां। गांवा प्रखंड अंतर्गत गांवा काली मंडा में चैती दुर्गा पूजा को लेकर रविवार की सुबह मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर भारी भीड़ उमर पड़ी ,मां के इस विदाई मौके पर काफी संख्या में महिलाओं ने मां दुर्गे को सबसे पहले खोईछा भराई की।

इसके बाद महिलाओं ने आपस में सिंदूर की होली भी खेली, और एक दूसरे को सिंदूर लगाए, एवं बड़े ही नम आंखों से अपने दुर्गा मंडप से मां की विदाई दी, गाजे बाजे के साथ मां की प्रतिमा निकल पड़ी, इस प्रतिमा विसर्जन में काफी संख्या में लोग मौजूद हुए ।मां का जयकारा लगाते हुए तालाब पहुंचे और पूजा आरती कर मां की प्रतिमा को नम आंखों से विसर्जित किया। मौके पर उपस्थित गांवा मुखिया कन्हाई कुमार ,अजीत पांडे बनारस सिंह,संजय राम, नरेश राणा, कक्कू बर्नवाल ,सोनू बर्नवाल, कारू बर्नवाल ,अजीत शर्मा, विशाल पांडे, विशाल राणा ,पवन सिंह एवं सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## जरीडीह पंचायत के राजाभिट्ठा में पुराने कूप को ही जैसे तैसे मरम्मत कर नया कूप बताकर राशि की निकासी कर ली गई

- योजना मनरेगा की हो और उसमें गड़बड़ी न हो, यह तो गिरिडीह में हो ही नहीं सकता
- आए - दिन इससे जुड़े मामले आते रहते हैं और अधिकारीयों की उदासीनता के कारण यह बात आम हो जाती है

उज्जवल दुनिया

गिरिडीह /डुमरी। यूँ तो मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनरेगाकर्मियों के कारनामें आए दिन उजागर होते ही रहते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि योजना मनरेगा की हो और उसमें गड़बड़ी न हो, यह तो हो ही नहीं सकता। आए - दिन इससे जुड़े मामले आते रहते हैं और पदाधिकारीयों की उदासीनता के कारण यह बात आम हो चुकी है।

ऐसा ही हाल गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड का भी है। प्रखंड में चल रहे कई कार्यों में भारी गड़बड़झाला व गोलमाल है। प्रखंड में कई ऐसी योजनाएं संचालित हैं जिनसे न ही किसी मजदूर को फायदा हुआ है और न ही किसी आम आदमी को। इसका सीधा फायदा केवल मनरेगाकर्मी, बिचौलिये, जेसीबी मालिक और विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को ही होता दिख रहा है।

### जिप सदस्य की माने तो उन्होंने मामले को प्रखंड से लेकर जिला के अधिकारियों को संज्ञान में दिया

डुमरी प्रखंड में इनदिनों मनरेगा सिचाई कूप निर्माण में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आ रहा है। इसको लेकर जिप सदस्य प्रदीप मंडल हमेशा मुखर रहे हैं लेकिन उसके बावजूद पुराने कूप को ही जैसे तैसे मरम्मत कर उसे नया कूप बताकर राशि की निकासी कर लिया गया। पंचायत जरीडीह के राजाभिट्ठा गांव में बिरसा संवर्धन के तहत हुए सिंचाई कूप निर्माण में गड़बड़ी होने का मामला उजागर किया और पुराने कूप को ही मरम्मती कर उसे नया दिखाकर राशि की निकासी करने की बात बताया है। जिप सदस्य प्रदीप मंडल की माने तो उन्होंने मामले को प्रखंड से लेकर जिला तक के अधिकारियों के संज्ञान में दिया हैं लेकिन कार्रवाई की बात छोड़ उल्टे वैसे गड़बड़झाल वाले कूप निर्माण का राशि भुगतान कर दिया गया। जो जाँच का विषय है।

जरीडीह पंचायत के इशर मांझी समेत विभिन्न जमीन पर सिंचाई कुप निर्माण में भारी लीपापोती कर भुगतान की गई जिप सदस्य ने उदाहरण स्वरूप बताया कि मेरे जिप क्षेत्र के जरीडीह पंचायत के राजाभिट्ठा में बिरसा सम्वर्द्धन के तहत इशर मांझी के जमीन में सिंचाई कुप निर्माण,थुडका मांझी के जमीन में सिंचाई कुप निर्माण,मंगर साव के जमीन में सिंचाई कुप निर्माण,बिसु मांझी के जमीन में सिंचाई कुप निर्माण, पेड़ों मांझी के जमीन में सिंचाई कुप निर्माण,काली राम मांझी के जमीन में सिंचाई कुप निर्माण में भारी लीपापोती की गयी है क्योंकि सभी लाभुकों के पुराने कुप की जैसे-तैसे मरम्मती कर उसे नया कुप निर्माण दिखाकर राशि की निकासी भी कर लिया गया जबकि मेरे द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में भी लाया गया था साथ ही जिप एवं पंसस की बैठकों में भी उठाया गया था। बताया गया कि योजना में लीपा पोती की यह एक छोटी सी बानगी है, प्रखंड के अन्य कई पंचायतों में ऐसे ही काम कर राशि का दुरूपयोग किया गया है लेकिन वह इसके विरूद्ध हमेशा मुखर रहे हैं और आगे भी रहेंगे।

### सब जानकर भी अनजान बन बैठे है विभाग, सरकारी बाबुओं को भी मिलती है मनरेगा की मलाई

सबसे बड़ी चौकाने वाली बात यह है कि विभागीय पदाधिकारीयों को भी पता है कि मनरेगा की ज्यादातर योजनाओं में गड़बड़ीया होती है लेकिन बावजूद इसके पदाधिकारी सबकुछ जानकार भी अनजान बने बैठे हैं। सूत्रों का कहना है कि ये लोग अनजान बने भी क्यों न जब मनरेगा में भ्रष्टाचार की मलाई इन बाबुओं को भी चखने को मिलती हो तो भला वे अनजान क्यों ना बने। अब सार्वजनिक तौर पर मलाई खाने की बात भला कौन स्वीकारेगा। अगर हिस्सा नहीं बंटता तो योजनाओं में इतनी अनियमितता नहीं बरती जाती।

आलम यह है कि विभागीय उदासीनता के कारण यह योजना केवल कागजों पर ही सही ढंग से चल रही है, धरातल पर तो यह योजना लूट और भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है।

## भाजपा मंडल छोटकी खरगडीहा में शक्ति केन्द्र स्तर पर प्रभारी का मनोनयन किया गया



गिरिडीह ।शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल छोटकी खरगडीहा की शक्ति केन्द्र के संयोजक सह संयोजक की बैठक मंडल अध्यक्ष मितनारायण वर्मा के अध्यक्षता में बुलाई गई। बैठक में गांडेय विधानसभा प्रभारी छोटेलाल यादव, विधानसभा संयोजक प्रोफेसर अरुण कुमार हजरा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार वर्मा, भाजपा नेता महेन्द्र प्रसाद वर्मा,भागिरथ प्रसाद साव,अजय राणा,बाबुचंद साव,राम कुमार वर्मा, राजेंद्र मंडल, गोपाल प्रसाद सिंह, रूपेश कुमार वर्मा, दशरथ प्रसाद वर्मा,भागवत सिंह, महादेव साव, सुरेन्द्र प्रसाद साव, सत्यनारायण यादव,गणेश प्रसाद कुशवाहा,मिरूलाल बासिकी, गणेश यादव, संतोष यादव,खुशरू पंडित,तींग बेसरा,शुबाष राना आदि लोग उपस्थित रहे बैठक में शक्ति केन्द्र स्तर पर प्रभारी का मनोनयन किया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

- प्रथम रेंडमाईजेशन के उपरांत आज जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया वेयरहाउस



गिरिडीह । लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त प्रथम रेंडमाईजेशन के उपरांत रविवार को प्रखंड कार्यालय, सिरसिया स्थित वेयर हाउस को विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ईवीएम रेंडमाईजेशन को विधानसभावार अलग-अलग स्कैनिंग कर आवंटित किया गया।

इसके अलावे उपायुक्त द्वारा वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, वीवीपीएटी हॉल, बीयू हॉल के साथ आवश्यक विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया गया। साथ हीं उपायुक्त ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों के अनुपालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वेयर हाउस गेट पर लगाये गये सील की जांच करते हुए परिसर में प्रतिनियुक्त जवानों के साथ परिसर व कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं अग्निशमन यंत्रों का अवलोकन करते हुए समय-समय पर फायरबॉक्स मशीनों की जाँच करते रहने का' निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, युडीएआई पदाधिकारी, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि समेत निर्वाचन कार्यालय के कर्मी व पुलिस पदाधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे।

## आरोपी ससुराल पक्ष की बीस दिनों के बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर मृतका के परिजनों में आक्रोश व्याप्त

- तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना-कर्बला मोड़ का मामला

उज्जवल दुनिया उज्जवल दुनिया



तिसरी प्रतिनिधि।तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना- कर्बला मोड़ के पास बीते दिनों मकीना खातून की मौत के बाद आरोपी ससुराल वालों को बीस दिनों के बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर मृतका के परिजनों में काफी आक्रोश है।

रविवार को मृतका की मां सेरून खातून सहित दर्जनों महिलाओं ने बेलवाना मुखिया नाजिया खातून के घर के बाहर जमकर नारेबाजी की। पीड़िता ने आरोपी पक्ष द्वारा केस उठाने को लेकर धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है। मृतका की मां ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी व खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवेदन देने के बाद भी अब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नही हुई है। वहीं आरोपियों द्वारा केस उठाने की भी धमकी दी जा रही है। बताते चलें कि बीते एक अप्रैल को बेलवाना - करबला मोड़ के पास मोकिना खातून का शव संदिग्ध अवस्था में घर के ही कमरे से मिला था।इस मामले में मृतका की मां सैरुन खातून ने पति मो.निसार सहित ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। मामले को लेकर तिसरी थाना में कांड संख्या 19/24 के तहत पति मो.निसार उर्फ मिसाल, सास व ससुर सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ था। मृतका की मां सैरून खातून ने कहा कि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी नही होती है तो वें थाना के सामने धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।इधर थाना प्रभारी संजय नायक ने कहा कि जांच जारी है। दोषीयों को किसी भी हालत में बक्शा नहीं जायेगा।

## केंद्रीय कारा, गिरिडीह में जेल अदालत -सह- कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



उज्जवल दुनिया

गिरिडीह । माननीय झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में रविवार को केंद्रीय कारा, गिरिडीह में काराधीन बंदियों के बीच जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम में सचिव (प्रभार), जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, के मार्गदर्शन में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह, फैयाज अहमद, रविकांत शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, रंजीव कुमार रंजीव, सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि माननीय नालसा, नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के द्वारा काराधीन बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। कारा में संसीमित बंदियों को निरंतर विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बंदियों के बीच से ही पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है जो निरंतर बंदियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचाते हैं जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाता है। जिन बंदियो को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो आवेदन तुरंत कारा प्रशासन के माध्यम से कार्यालय में भेजें। उन बंदियों को तत्काल विधिक सहायता के तौर पर निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे जेल पीएलबी एवं जेल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

## प्राचीन श्री भोमियाजी मंदिर के शिखर मे ध्वजदंड व कलश की प्रतिष्ठा कर पूजा व विधान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया



उज्जवल दुनिया

मधुबन(गिरिडीह)जैन श्वेताम्बर सोसायटी के प्रागंण मे चल रहे पांच दिवसीय अलौकिक भोमिया जी मंदिर मे 400 वर्ष प्राचीन श्री भोमियाजी मंदिर मे तीर्थ ध्वजदंड-कलशादि प्रतिष्ठा महोत्सव का रविवार को चौथे दिवस बतौर मंदिर जी के प्रागंण मे जैनाचार्य विश्वरत्न सागरसूरीश्वर जी महाराज साहब आदि ढाणा 07 की निश्रा मे चैत्र सुदि बारस को भोमियाजी मंदिर के शिखर मे ध्वजदंड व कलश की प्रतिष्ठा कर पूजा व विधान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सोसायटी कुछ महाप्रबंधक दीपक बैगानी ने बताया की देर शाम को भोमियाजी मंदिर के प्रागंण मे भक्ति संगीत सुविख्यात गायक देवेन्द्र बैगानी कोलकाता, के अलावे विनोदजी डागा अहमदाबाद एवम मधुबन मंडल मधुबन शिखरजी द्वारा भक्ति प्रस्तुत किया गया।श्री बैगानी ने बताया की भोमिया जी मंदिर मे प्रतिष्ठा निमित भक्ति प्रस्तुत आदिश्वर मंडल,वीर मंडल,मित्र मंडल,डागा मंडल,महावीर मंडल,मुर्शिदाबाद मंडल,शांति स्नात्र मंडल,सहीत विभिन्न स्थानों से आए भजनमंडलीयो के द्वारा एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य तौर पर संस्था के प्रबंधक संजीव पाण्डेय, उज्जवल रतन,गीरधारी सिंह,बलदेव सिंह, निलकंठ महतो,गुंजन बक्सी,मनोज श्रीवास्तव, भोला श्रीवास्तव,शशिकान्त प्रसाद,शोभा महतो,नेमचंद महतो,अमित गौतम,बलिराम सिंह, शैलेन्द्र सिंह, बिक्की,प्रशांत सराक,संजय मिश्रा,आदि का सहयोग भरपूर रहा।

## सदर अस्पताल परिसर में बनने वाले कैदी वार्ड का भवन निर्माण विभाग के जेई ने किया स्थल निरीक्षण



साहिबगंजः जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में इन दिनों कैदी वार्ड में भर्ती कैदियों को राजमहल विधायक अनंत ओझा के सौजन्य से बनाए गए विश्राम गृह में संचालित किया जा रहा है जिसके कारण दूरदराज इलाकों से आए हुए मरीजों के परिजनों को रात गुजारने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उधर सदर अस्पताल में कैदी वार्ड को लेकर अपना कोई भवन नहीं है जिसके लिए जिला प्रशासन ने डीएमएफटी फंड से 15 लाख रूपए की स्वीकृति नए भवन निर्माण के लिए दी है। उधर रविवार को भवन निर्माण विभाग के जेई मोहहम्द फारूक आजम ने सदर अस्पताल परिसर में बनने वाले कैदी वार्ड को लेकर स्थल निरीक्षण किया। जहां बताया गया कि बहुत जल्द विभाग से डीपीआर तैयार करके सिविल सर्जन को उपलब्ध कराया जाएगा जिसके बाद भवन निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

## 72 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने थाना क्षेत्र के लालबथानी सरपंच टोला के पास से बाईक पर सवार एक युवक को अवैध 72 बोतल अंग्रेजी शराब बी सेवन के साथ कारगिल दियारा निवासी युवक राम सिपाही महतो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार युवक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए रविवार को मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विवेकानंद के द्वारा आरोपी युवक का मेडिकल जांच व कोबिड जांच करवाने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर कोटालपोखर के छात्र आस्तिक घोष बना +2 उच्च विद्यालय कोटालपोखर टॉपर

बरहरवाः गरीबी कभी भी पढ़ाई में बाधा उत्पन्न नहीं होता है यह सच साबित कर दिखाया है जिले के अंतिम छोर पर बसा मलाईपुर गांव के रहने वाला आस्तिक घोष ने। जहां यह छात्र साधारण परिवार से ताल्लुक रखता है। जहां इस वर्ष झारखंड एकेडमिक काउंसिल के 10 वीं के रिजल्ट में + 2 उच्च विद्यालय कोटालपोखर में यह छात्र टॉपर रहा जिसने 466 अंक लाकर +2 उच्च विद्यालय कोटालपोखर टॉपर के साथ साथ पूरा जिला में 10 टॉपर में अपना स्थान बनाया है। वही यह छात्र क्षेत्र के टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर में पढ़ाई किया था जिसने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता और ट्यूशन के डायरेक्टर वकील सर और सरीफुल सर को दिया। वही इसी ट्यूशन सेंटर से वर्ष 2017 में तनवीर आलम ने इतिहास रचा था। जहां तनवीर आलम ने 472 अंक लाकर जिला टॉपर के साथ साथ पूरा झारखंड में 5 वां स्थान प्राप्त किया था जो आज इंजीनियरिंग का पढ़ाई करके अपना भविष्य बेहतर कर रहा है जिसने कोटालपोखर और गुमानी के लिए एक मिसाल कायम किया था। उसके बाद वर्ष 2019 मे टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर से रौशनी कुमारी 462 अंक लाकर जिला टॉपर किया था और साथ ही धनंजय रजवार थर्ड टॉपर किया था जहां आगे चल कर रौशनी कुमारी आईएएस की तैयारी कर रही है। इस ट्यूशन से हर साल कोई न कोई स्टूडेंट्स जिला में टॉप आ ही जाता है। इससे यह साबित होता है कि सर का गाइड और बच्चों का मेहनत और पेरेंट्स का लगाव से ही यहां बच्चों चांद को छू पता है। यहां पढ़ने वाले बच्चों को कक्षा सात से ही तैयारी कराया जाता है और 12 वीं तक आर्ट्स और साइंस का पढ़ाई कुशल और अनुभवी शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाता है।

## जिला में मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

■ मतदान करना है हम सब की जिम्मेदारीः हेमंत सती, उपायुक्त




साहिबगंजः राजमहल लोकसभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला स्वीप कोषांग के बैनर तले रविवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें दैनिक अखबार प्रभात खबर का भी सहयोग रहा।

वही जागरूकता रैली का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से नेतृत्व किया। यह रैली शहर के रेलवे जेनरल इंस्टिट्यूट के मैदान से आरंभ होकर गांधी चौक, पटेल चौक, स्टेशन रोड, ग्रीन होटल, टमटम स्टैंड, टाउन हॉल, पूर्वी फाटक, सुभाष चौक होते हुए पुलिस लाईन मैदान में आकर संपन्न हुआ। उधर पुलिस लाईन मैदान में उपायुक्त द्वारा सभी प्रतिभागियों, मतदाताओं और उपस्थित आमजनों को मतदाता शपथ दिलायी गई। वही रैली में मतदाताओं को मतदान की महत्ता से स्लोगनों व नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। जहां अभियान के तहत लोगों को अवगत कराया गया कि जिले में मतदान सबसे अंतिम चरण में है, जिसकी तिथि 1 जून है। अतः सभी लोग अवश्य रूप से मतदान करने जाएं। वही मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन में आए एवं बिना किसी डर व भय के करें। वही वैसे युवा जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है एवं मतदान पहचान पत्र नहीं बना है, उन्हें अपना मतदान पहचान पत्र यथाशीघ्र बनवाने हेतु प्रेरित किया गया ताकि वे भी इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस मतदाता जागरुकता रैली में आंगनबाड़ी सेविकाएं, जेएसपीएल की सखी दीदी, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, एसबीआई आरएसईटीआई, जल सहिया, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, ईस्टर्न झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन, एसईआरयूएम, राजकीयकृत मध्य विद्यालय तालबन्ना, मध्य विद्यालय पुलिस लाइन, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरिया के बच्चों ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में भाग लिया। वही मौके पर उपायुक्त हेमंत सती ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे जो हो मजबूरी वोट देना बहुत जरूरी। वही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया की जिले में आगामी 1 जून दिन शनिवार को लोकसभा मतदान होगा। जहां चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य है। वही जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चल रहा है। वही ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित कर बूथ तक लाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन इसके लिए कटिबद्ध है। आप सभी मतदाता वोट अवश्य करें लोकतंत्र को सशक्त बनाएं साथ ही युवा युवतियां जिनका 18 वर्ष हो चुका है लेकिन अभी तक उनके द्वारा वोट नहीं डाला जा रहा था उनको भी वोट का महत्व को समझाते हुए इस बार जरूर से वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनको मतदान करने के लिए शपथ दिलाई जा रही।

साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना हर एक व्यस्क व्यक्ति का अधिकार है जिसका उन्हें लाभ जरूर लेना चाहिए लेकिन बहुत से लोग इसके लिए जागरूक नहीं रहते हैं और घर के काम और जरूरी दिनचर्या निभाने में लोग मतदान को अहमियत नहीं देते। इसके लिए लोगों को जागरूक होना चाहिए और उन्हें यह समझना चाहिए कि उनका एक वोट उनका अगला पांच वर्ष निर्धारित करता है। उधर अपने क्षेत्र में सही प्रतिनिधि का चुनाव के लिए उनका एक वोट बहुत मायने रखता है इसलिए उन्हें वोट डालने जरूर जाना चाहिए। ऐसी सभी जानकारियां हर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी और आपकी है। वही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता ने संबोधित करते हुए मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने की अपील किया गया।

# मंडरो के बंगलिया गांव में आग लगने से 8 घर जलकर राख

## पीड़ित बोले लाखों की संपत्ति जली, प्रशासन से मांगा मदद

### अनुमानित 15 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई

उज्जवल दुनिया संवाददाता



मंडरोः प्रखंड मुख्यालय के आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित सिमड़ा पंचायत के बंगलिया गांव में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लगने से 8 घर जलकर राख हो गए। वही आग लगने के बाद अफरा तफरी मचा रहा। वही दमकल वाहन आते आते सभी घर जलकर नष्ट हो गए। जहां घर के सारे सामान भी आग के भेंट चढ़ गए जिसमें अनुमानित 15 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। उधर आगलगी की सूचना के बाद मौके पर मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव, सीओ पंकज कुमार भगत, पंचायत के मुखिया राजेश मरांडी पहुंचे। वही आग लगने के सही कारण का पता नहीं चल पाया है। इधर ग्रामीण एवं प्रखंड प्रशासन की पहल पर मंडरो वन विभाग एवं बोआरीजोर मिजाचौकी सड़क निर्माण कार्य कर रहे संवेदक का पानी टैंकर मंगवाते हुए अग्निशमन विभाग को टेलीफोन पर सूचना दी गई। उधर ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जहां दमकल विभाग के पदाधिकारी को सूचना देने के बावजूद काफी देर से दमकल पहुंचने पर तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। इधर आगलगी में पीड़ित परिवार का नाम सिरु मुर्मू पिता मुचिया मुर्मू, चुड़की हेंब्रम पिता मुचिया मुर्मू, बबलू मुर्मू पिता चेतन मुर्मू, तालाकुडी हेंब्रम पति राम मुर्मू, मरांगकुडी सोरेन पति सझला मुर्मू, गुलपी सोरेन पति सामू मुर्मू, सोनोत मुर्मू पिता सामू मुर्मू, विक्रम मुर्मू पिता कान्हू मुर्मू शामिल हैं जो सभी सिमडा.पंचायत के बंगलिया गांव का रहने वाला है। वही मंडरो सीओ पंकज कुमार भगत ने मौजा के संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं पंचायत सचिव को आपसी समन्वय स्थापित कर आग लगी परिवार का संक्षिप्त जांच रिपोर्ट मांगा है ताकि उसी के आधार पर सभी पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलाया जा सके। इधर बीडीओ मेघनाथ उरांव, सीओ पंकज कुमार भगत ने मीडिया को बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत सभी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने की बात कही है।

### प्रखंड प्रशासन ने पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराया तत्काल राहत सामग्री

इधर प्रखंड प्रशासन की ओर से सभी पीडित परिवार को तत्काल राहत सामग्री में 25 किलोग्राम चावल, 1 किलोग्राम सरसो तेल, 5 किलोग्राम आलू, 5 किलोग्राम चुडा, चीनी, नमक, माचिस, मोमबत्ती, तिरपाल, मसाला समेत अन्य सामग्री उपलब्ध कराया है।

## नाली नहीं रहने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी, किसी भी जनप्रतिनिधि का इस ओर अब तक ध्यान नहीं, अरे भाई... तो कैसे निकलेगा समाधान



उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोटालपोखरः- मयुरकोला पंचायत सचिवालय के बगल में बरहरवा पाकुड़ मुख्य सड़क किनारे गांव के गौरव राधे कृष्ण मंदिर की खुबसूरती और भव्यता के इठलाते इस बस्ती की सड़कों और नालियों का बुरा हाल है। यहां नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। दुखद बात यह है कि इस स्थिति को सामने देखते और झेलने होने के बावजूद भी लोग इनके निदान की नहीं सोच रहे हैं। फलतः घर से नहा धोकर राधे कृष्ण मंदिर या अन्य मंदिरों में जाने के लिए लोगों को उसी सड़क पर बहते नाली के गंदे पानी पर पैर रखकर ही जाना पड़ रहा है। वही विद्यालय आने जाने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधि, राहगीरों, दुकानदारों के साथ साथ इधर से गुजरने वाले लोगों को भारी दिक्कतें हो रही है। उधर बीच बीच में स्पीड में सड़क पास करते वाहनों के पहिए से पड़ने वाले छींटों के कारण लोगों के कपड़े भी गंदे हो रहे हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि इस ओर से जनप्रतिनिधियों से लेकर बड़े बड़े पदाधिकारियों का काफिला भी गुजरता है लेकिन कोई इसकी सुध लेने को तैयार नहीं है। वही पंचायत प्रतिनिधियों को भी इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है ऐसे में गंदगी और इसके दुर्गंध से लोगों को जीना मुहाल हो गया है।

# सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में शॉर्ट सर्किट से लगी आग जीएनएम इंचार्ज के सुझबुझ से टली बड़ी दुर्घटना

उज्जवल दुनिया संवाददाता





साहिबगंजः जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल के प्रथम तल्ले पर स्थित एसएनसीयू वार्ड में बीती रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जहां बिजली के तारों से उठते धुंए को देखकर वहां ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों में अचानक हड़कंप मच गया। उधर एसएनसीयू वार्ड में आग लगने की खबर जैसे ही प्रसूति महिलाओं को हुई वे सभी अपने अपने नवजात शिशुओं को बाहर निकालने की जिद मचाने लगे जहां एसएनसीयू वार्ड इंचार्ज रोज मेरी बास्की ने इसकी सूचना तुरंत आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक को दी। जिसके बाद चिकित्सक ने सदर अस्पताल में बिजली का कार्य देखने वाले कर्मी को इसकी सूचना दी। उधर सूचना पाकर बिजली कर्मी तुरंत एसएनसीयू वार्ड पहुंचा और तुरंत बिजली कनेक्शन को काट दिया। वही इस बड़ी दुर्घटना को होने से बचाने में एसएनसीयू वार्ड इंचार्ज रोज मेरी बास्की जीएनएम ने अहम भूमिका निभाई नही तो एक दुर्घटना घटित हो जाती। हालांकि इसको लेकर बताया गया कि एसएनसीयू वार्ड में लोड अधिक रहने के कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई थी

## अवैध गांजा तस्करी करने के मामले में एक व्यक्ति को रांगा पुलिस ने किया गिरफ्तार



साहिबगंजः लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधि व्यवस्था एवं असामाजिक तत्वों की धर पकड़ और मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव के रहने वाले मुजीबुर रहमान पिता स्व. इमाम शेख के घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ की तस्करी व बिक्री की जा रही है। उक्त सूचना पर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए वरीय पदाधिकारी के सहयोग से मुजीबुर रहमान के घर पर विधिवत छापामारी कर अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया है एवं अभियुक्त मुजीबुर रहमान को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। वही इस मामले में अन्य सहयोगी की भी गिरफ्तारी एवं सत्यापन का प्रयास रांगा पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। जहां अवैध गांजा भूरा रंग के प्लास्टिक टैप से पैक ऊपर में खुला एक बंडल गांजा जिसका वजन 900 ग्राम प्लास्टिक टैप सहित एवं सफेद पॉलिथीन में बंधा हुआ गांजा वजन 130 ग्राम पॉलिथीन सहित और कागज के पुड़िया में बंधा हुआ 74 पुड़िया गांजा जिसका वजन 230 ग्राम कागज सहित जप्त किया गया है। इस छापामारी दल में बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा, बरहरवा इंस्पेक्टर सुधीर पोद्दार, रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह थाना, पुअनि नेल्सन टॉपनों, पुअनि महादेव होरो, आरक्षी 347 उमेश राम, आरक्षी 262 राजनाथ साव, आरक्षी 354 धर्मेंद्र कुमार बैठा, आरक्षी 181 सतीशचंद्र मुंडा एवं मनोज पासवान रांगा थाना शामिल थे।

## नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच करवाने के लिए बरहरवा पुलिस पहुंची सदर अस्पताल

साहिबगंजः बरहरवा थाना क्षेत्र की पुलिस ने पोक्सो एक्ट की पीड़िता नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच करवाने के लिए रविवार को सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच करवाने के बाद आगे की कार्यवाही करने को लेकर बरहरवा पुलिस उसे अपने साथ लेकर चली गई। इसको लेकर बरहरवा थाना से आई हुई महिला पुलिस कर्मी ने बताया कि मामला पोक्सो एक्ट से जुड़ा हुआ है जिसका मामला थाना में दर्ज कराई गई है।

# नगर भ्रमण में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

## हर हर महादेव के नारे से गूंजा पूरा गांव

उज्जवल दुनिया संवाददाता




मंडरोः प्रखंड के सीमावर्ती पीरपैंती प्रखंड के राजगांव अराजी पंचायत अंतर्गत नव निर्मित उपरबंधा शिव मंदिर के प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार देर शाम को आयोजित नगर भ्रमण कार्यक्रम में महादेव के भक्तों का सैलाब सड़कों पर उतर आया। इस दौरान हर हर महादेव के नारों से आसपास के दर्जनों गांव गूंज उठा। जहां इस नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा में भक्तों के साथ साथ दर्जन से अधिक वरिष्ठ एवं गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। वही प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम ब्राह्मण पंडितों के द्वारा विधि विधान के साथ कराया गया। जहां प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य जजमान सेवानिवृत्त सूबेदार विनय पंडित थे। इधर हजारों की संख्या में महादेव के भक्त गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण में शामिल हुए। वही बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे निशान लेकर चल रहे थे। वही रथ श्रद्धालुओं की दर्शन के लिए चल रहा था। इसके साथ ही जगह जगह शोभा रथ यात्रा को फूलों से स्वागत किया गया।

## भीषण गर्मी के मौसम में भी देखा घने कोहरे का कहर

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः भीषण गर्मी एवं दो दिनों से चल रहे लु के थपेड़ों के बीच रविवार को सुबह करीब 4 बजे से लेकर 6 बजे तक बरहरवा प्रखंड के पूर्वी इलाके में बेतहाशा कोहासे का असर देखा गया। जहां अन्य दिनों की तुलना में रविवार की रात गर्मी तो थोड़ा कम थी पर जैसे ही रात ढलता गया आहिस्ता आहिस्ता बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के मिर्जापुर, सिरासीन, टिलहा, साहेब डांगा तथा फुटानी मोड़ के आसपास के गांव में कुहासे का असर देखा गया। उधर कोहरा इतना घना था कि सड़कों पर गाड़ियां जगह जगह पर खड़ी हो गई थी एवं राहगीरों को चलना दुश्वार हो गया था। वही क्षेत्र के बुजुर्गों का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी तथा लु के थपेड़ों के बीच इतना घना कोहरा अनलोगों ने इससे पहले कभी नहीं देखा था।

वही कोहरे को देखकर सुबह शाम टहलने वाले लोगों ने भी इसका जमकर मजा उठाया। वही कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पिछले कई वर्षों के बाद अचानक इस तरह का मौसम में आई गड़बड़ी के वजह से हो सकती है। जहां सुबह 4 बजे से प्रारंभ हुई कोहरे की कहर तकरीबन 3 घंटे तक बना रहा जो लगभग सुबह 7 बजे समाप्त हुआ। इसके बाद फिर क्या था कोहरे की धुंध छटते ही अचानक भीषण गर्मी बढ़ गई और लोग जलने लगे जिस कारण से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित होता दिख रहा है। वही भीषण गर्मी के कारण लोग शीतल पेय पदार्थ का सेवन करने लगे हैं तथा खेत खलियानों में काम करने वाले मजदूर अपने घरों में दुबक कर रह गए हैं। बरहाल रविवार को भीषण गर्मी एवं बेमौसम आई कोहरे के कारण आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

## तेज हवा के कारण गिरा आम के पेड़ का एक हिस्सा, बिजली हुई बाधित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



उधवाः जिले भर में बीते कई दिनों से लगातार तेज गति से चल रहे पछुआ हवा का कहर जारी है। इसी बीच रविवार को प्रखंड क्षेत्र के बेगमगंज के समीप उधवा सिरासीन एनएच 80 मुख्य पथ में दोपहर को तेज हवा के कारण सड़क किनारे लगे पुराने आम के पेड़ का एक हिस्सा अचानक गिर पड़ा। उधर स्थानीय लोगों के अनुसार गिरता हुआ आम के पेड़ का हिस्सा विद्युत के दो खम्भे को अपने चपेट में ले लिया जिससे खम्भा पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। हालांकि दुर्घटना के समय राहगीर बाल बाल बचे। वहीं दुर्घटना से किसी प्रकार के जानमाल की क्षति नहीं हुई। इस दुर्घटना से कई गांवो में विद्युत बाधित रहा जबकि कई घंटो तक बड़े वाहन की यातायात भी बाधित रही।

# ट्रक का टायर फटने से ट्रक ड्राईवर की मौत

उज्जवल दुनिया संवाददाता




उधवाः प्रखंड क्षेत्र के राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा पेट्रोल पंप के पास बीते शनिवार की देर रात एक ट्रक का टायर ब्लास्ट होने से उस टायर की चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। उधर मृतक के पिता और चाचा से मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के मानिकचक थाना क्षेत्र के जलालपुर, भल्लू टोला निवासी मो. मुश्ताक अली के पुत्र मो. रिंकू शेख (30) ट्रक ड्राइवर है जो रोजाना की तरह गाड़ी लेकर शनिवार की रात करीब 10:30 बजे बरहरवा की ओर से स्टोन चिप्स लोड कर राजमहल फेरी घाट आ रहा था।

उसी दौरान बुढ़वा पेट्रोल पंप के पास अचानक गाड़ी में तकनीकी खराबी आ गई जिसके बाद सह चालक ताजमुल शेख गाड़ी में जैक लगाने लगा और चालक रिंकू शेख अंदर झांक कर मोबाइल का फ्लैश लाईट जलाकर उसे दिखा रहा था।

उसी समय अचानक जोरदार आवाज के साथ गाड़ी का टायर ब्लास्ट कर गया जिसमें चालक रिंकू बुरी तरह घायल हो गया व सह चालक को हल्की फुलकी चोट लगी। उधर आनन फानन में रिंकू को रात में ही इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उधर घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसआई बिट्टू कुमार साहा मौके पर पहुंच छानबीन किया। उधर रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। वही इस मामले में राजमहल ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज घोष एवं अन्य साथी ड्राइवर ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। वही मृतक शादीशुदा था और अपने पीछे पत्नी सहित परिवार में माता पिता और दो साल का एक बेटा को छोड़कर इस दुनिया से चल बसा है। उधर इस घटना के बाद से परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।

## हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से मिनी हाईवा जलकर राख



उज्जवल दुनिया संवाददाता

मंडरोः प्रखंड के सीमावर्ती ईशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र के नया नगर पेट्रोल पंप के समीप रविवार दोपहर हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से एक मिनी हाईवा जलकर राख हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर मिनी हाईवा वाहन विद्युत तार की चपेट में आई है इस स्थान पर वाहन चालक के द्वारा हाइड्रोलिक उठाया जा रहा था। उसी दौरान अचानक हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में मिनी हाईवा आ गया और वो धू धू कर जलने लगी और देखते ही देखते जलकर पूरी तरह राख हो गया। इधर घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मामले की जांच करने की सूचना है हालांकि उक्त घटना में किसी जानमाल का नुकसान नहीं बताया जा रहा है। वही इस मामले को लेकर जब इशीपुर थाना क्षेत्र की पुलिस से बात करते हुए मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो थाना प्रभारी ने ऐसी कोई घटना घटित होने की जानकारी अब तक नहीं मिलने की बात कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। उधर घटना के बाद जले मिनी हाईवा को भी हटा दिया गया है जो जांच का विषय है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# नाव डूब जाने पर 8 लोगों की मौत हो जाने के बाद पूरे गांव में पसरा मातम

**रायगढ़ ,(एजेंसी)** ।रायगढ़ जिले के लगे हुए ओडिशा प्रांत के झारसुगुड़ा जिले के रेंगाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंचगांव में पथरसेनी मंदिर दर्शन गए पंचराम में ग्रामीणों की नाव बीच नदी में शुक्रवार की शाम नाव पलट गई ।इस दुखद हादसे में छत्तीसगढ़ के खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंजोरीपाली के 8 लोग की एक साथ मौत हो जाने के बाद पूरे गांव में शनिवार की शाम से मातम पसर गया।

ओडिशा एवं रायगढ़ जिले की पुलिस एवं प्रशासन की टीम एवं खोताखोरों की टीम के द्वारा सभी के शवों को बरामद करके पोस्टमार्टम उपरांत सभी के शवों को उनके घर भेज दिया गया है। दोपहर में सुबह से लेकर दोपहर तक जहां गांव में सन्नाटा पसरा रहा।जब मौके पर शव पहुंचे तब मृतकों के घर में पूरा का पूरा गांव उमड़ पड़ा। इस घटना में एक ही गांव के 5 महिलाओं से सहित 3 बालकों की मौत हो गई है।

इस घटना में 5 महिलाओं सहित 3 बालकों की मौत हो गई और सभी मृतक खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंजोरीपाली के निवासी है। नाव डूबने की घटना में कल ही एक महिला राधिका निषाद का शव निकाला गया था। जिसके बाद सर्च एवम रेस्क्यू ऑपरेशन टीम लगी हुई थी। जहां रात होने के बाद रेस्क्यू आपरेशन को बंद कर दिया गया था और शनिवार की सुबह 5 बजे से फिर से रेस्क्यू की शुरूआत की गई और फिर एक के बाद एक सभी 8 शवों को बरामद कर लिया गया। इस रेस्क्यू आपरेशन के दौरान ओडीआरएएफ और फायर इमरजेंसी और सेफ्टी की टीमें स्कूबा डाइवर्स ने सर्च ऑपरेशन की टीम मौजूद रही।

**नाव चालक शराब के नशे में था**

ओंजरीपाली के ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की शाम वो लोग जिस नाव में बैठकर वे पथरसेनी मंदिर से वापस आ रहे थे उस नाव का नाविक शराब के नशे में था और जब नाव नदी के बीच में डूबी तब वह सबसे पहले निकलकर मौके से भाग निकला। ऐसे में वे नाविक पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**अधिक लोड बनी हादसे की वजह**

अंजोरीपाली गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जब वे पथरसेनी से वापस लौट रहे थे तब नाव में अंजोरीपाली के 45 लोग और कोतरलिया से 7 लोग सवार होकर वापस आने वाले थे। इसी बीच मौके पर ओडिशा के 7 अन्य लोग उसी नाव में बैठ गए ।उनकी दो मोटर सायकल भी उसी नाव में लाद दिये ।अंजोरीपाली के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और दो बार में आधे-आधे लोगों को नदी पार करने की बात कही ।लेकिन इसके बावजूद नाव चालक के द्वारा उनकी बातों को अनसुना करते हुए सब एक साथ आराम से पार हो जाएंगे कहकर सभी को एक साथ लेकर निकल गया ।तभी बीच नदी में यह हादसा हो गया।

**मन्नत पूरी होनें के बाद गए थे पथरसेनी**

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि घुराऊ विश्वकर्मा के घर में एक के बाद एक तीन लड़कियां होनें के बाद उसने मन्नत मांगी थी कि अगर उनके घर में लड़का हुआ तो वह पथरसेनी में बकरा देगी। जिसके बाद उनके घर में एक लड़के का जन्म होनें के बाद वे एक से डेढ़ साल बाद बकरा देने पथरसेनी अपने गांव के 40 से अधिक लोगों को लेकर गया था ,परंतु यह घटना घटित हो गई।

**मन्नत के बाद हुआ था बालक का जन्म**

अंजोरीपाली के विश्वकर्मा परिवार के यहां काफी मन्नतों के बाद बालक का जन्म हुआ। परिवार के लोग पत्थरसेनी मंदिर में मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरी हुई तो गांव के लोगों का निमंत्रण देकर मंदिर जाने गुरूवार की शाम आसपास के परिचितों से कहा। मंदिर दर्शन करने दूधमुहें बच्चे को भी साथ ले गए थे। लौटने के दौरान परिचित की बुआ (घसनीन राठिया) ने उसे गोद में लिया था।

## चारधाम यात्रा : आस्था की डगर पर नहीं डगमगाएंगे श्रद्धालुओं के कदम

**देहरादून, (एजेंसी)**। उत्तराखंड सरकार चारधाम यात्रा की राह आसान बनाने में लगातार जुटी हुई है। आस्था की डगर पर श्रद्धालुओं के कदम न डगमगाए, इसके लिए पग-पग पर हर सुविधा मिलेगी।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। तीर्थ यात्रियों को बेहतर और उम्दा स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने कारगर प्लान बनाया है। दिल, सांस, बुजुर्ग सहित अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित तीर्थ यात्रियों को यात्रा रूट पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाएंगी। यहीं नहीं, चारधाम यात्रा रूट पर डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए मैदानी इलाकों से रोटेशन पर डॉक्टर भेजे जाएंगे। जबकि पहाड़ों पर तैनात डॉक्टरों को दिल की बीमारी से जुड़ी कार्डियक ट्रेनिंग भी दी जाएगी। ऐसे में गंभीर मरीजों की जान बचाना आसान हो सकेगा।

**चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य महकमा-**

आगामी 10 मई से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चारधाम यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उत्तराखंड सरकार चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में जुटी हुई है। उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार गत वर्ष चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए यात्रा मार्ग पर पहुंचे और केदारनाथ धाम की यात्रा उन्होंने पैदल तय की। इस दौरान उन्होंने यात्रा ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों-अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि चारधाम यात्रा का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। पिछली बार की तर्ज पर 11 भाषाओं में एसओपी जारी की गई है। अन्य राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को पत्र लिखा गया है कि उनके यहां से कोई डॉक्टर अगर चारधाम यात्रा में अपनी सेवाएं देने को इच्छुक हो तो उसकी जानकारी उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा करें।

## प्रियंका गांधी पर आलोक पांडे का बड़ा वार, पूछे भ्रष्टाचार पर सवाल

**रायपुर, (एजेंसी)**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी से पूर्व में कांग्रेस पार्टी में असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे और अब भाजपा में शामिल आलोक पांडेय ने पूर्ववर्ती भूपेश के नेतृत्व वाले कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार को लेकर गम्भीर सवाल पूछे है ।रविवार को मीडिया को जारी आपने पत्र में आलोक पांडेय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग में सदस्य के रूप में कल्पना प्रशांत सिंग की नियुक्ति आपकी( प्रियंका गांधी ) अनुशंसा पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई थी। वह महिला उत्तर प्रदेश की निवासी है इनके एवं इनके पति के उपर वहां कई गंभीर आपाराधिक मामले दर्ज है, इसके उपरान्त भी आपने इस महिला की अनुशंसा क्यों की ?

आलोक ने बताया है कि वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समाज कल्याण विभाग में गैर शासकीय नियुक्ति पर पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया था ।भूपेश बघेल ने इस विभाग में अध्यक्ष के रूप स्व. करूणा शुक्ला की नियुक्ति की थी । इस बात की जानकारी होने के कारण स्व. करूणा शुक्ला ने इस पद को कभी ग्रहण ही नहीं किया। कल्पना प्रशांत के नियुक्ति के बाद इस विभाग में हुए उक्त महिला द्वारा भारी भ्रष्टाचार किए गए । इस महिला के भ्रष्टाचार को भूपेश बघेल ने आपके संरक्षण के कारण कभी उजागर नहीं होने दिया। उन्हें 3 बंगले क्रमशः जगदलपुर , दन्तेवाड़ा एवं रायपुर में दिए गए । राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया और सारी सुविधाए उपलब्ध कराई गई। जब इस विभाग में यह पद ही नहीं था तो इन्हें वेतन किस मद से दिया गया ? उनको प्रदान की जाने वाली सुविधा का भुगतान किस मद से किया गया ?

आलोक ने प्रियंका गांधी से पूछा है कि उस वक्त असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर कार्यरत होते हुए उन्होंने कांग्रेस के कई संघर्ष शील सदस्यों के नाम की अनुशंसा विभिन्न पदों के लिए की थी । करोना के समय वे साथी उनके परिवारजनों पर जब आफत आई, तब मैने भूपेश बघेल की अनदेखी के पश्चात तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष राहूल गांधी एवं आपको भी अवगत कराया।

### हेमकुंड साहिब-लोकपाल मार्ग से बर्फ हटाने के लिए सेना का दल गोविंदघाट से रवाना

जोशीमठ, 21अप्रैल (हि.स.)। श्री हेमकुंड साहिब-लोकपाल यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर मार्ग यात्रा से पूर्व तैयार करने के लिए सेना का अग्रिम दल रविवार को गोविंदघाट से रवाना हो गया।

श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा इस वर्ष 25 मई से प्रारंभ हो रही है। यात्रा की तैयारियों में मुख्य कार्य यात्रा मार्ग से बर्फ को हटाने का होता है। यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का यह चुनौतीपूर्ण कार्य भारतीय सेना ही करती है।

नौ स्वतंत्र पर्वतीय ब्रिगेड ग्रुप के कमाण्डर ब्रिगेडियर एमएस ढिल्लो के निर्देश के उपरांत 418 स्वतंत्र इंजीनियर कंपनी के हवलदार हरसेवक सिंह एवं प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सेना के जवानों का दल शनिवार को गोविंदघाट पहुंचा ।रविवार प्रातः गुरुद्वारा गोविंद घाट में गुरु ग्रंथ साहिब की उपस्थिति में अरदास और इजाजत लेकर सेना की पहली टुकड़ी एवं गुरुद्वारा के सेवादारों को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक सेवा सिंह ने घांघरिया के लिये रवाना किया।

यह जत्था सोमवार से घांघरिया-श्री हेमकुण्ड साहिब मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य शुरू करेगा। आधे रास्ते तक बर्फ कटान के दौरान घांघरिया गुरुद्वारा में पड़ाव रखा जाता है और रात्रि विश्राम यहीं पर होता है। आधा कार्य हो जाने पर पड़ाव श्री हेमकुण्ड साहिब में किया जाता है। यात्रा से पूर्व रास्ता बना लिया जायेगा। इसके लिए भारतीय सेना के वीर जवान पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि यात्रा शुरू होने से पूर्व मार्ग आवाजाही के लिए तैयार कर लिया जाएगा।

मुख्य प्रबंधक श्री सेवा सिंह के अनुसार इस वर्ष पहले जत्थे का प्रस्थान 22मई को गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के ऋषिकेश गुरुद्वारा से धूमधाम से किया जाएगा।

## कांकेर - आपाटोला मुठभेड़ में मारे गये 29 नक्सलियों की पुरी हुई शिनाख्तगी

**कांकेर, (एजेंसी)**। जिला के थाना छोटेबेठिया अंतर्गत हापाटोला के जंगल में 16 अप्रैल को डीआरजी कांकेर एवं बीएसएफ 94वीं वाहिनी की संयुक्त बल के साथ हुई मुठभेड़ के पश्चात बरामद किये गये 29 नक्सलियों के शव सहित अत्याधुनिक हथियार बरामद किया गया। मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों की शिनाख्तगी की कार्रवाई विगत 04 दिनों से लगातार की जा रही थी। मारे गये सभी नक्सलियों की शिनाख्तगी एवं अन्य कार्रवाई पुलिस ने पूरी कर ली है। आपाटोला मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों की शिनाख्तगी में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अलावा मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ (एमएमसी)



जोनल कमेटी के नक्सली कैडरों की उपस्थिति रही।

उल्लेखनीय है कि 29 नक्सलियों कैडरों में से उत्तर बस्तर डिविजन कमेटी के डिविजनल कमेटी सदस्य शंकर राव एवं उनकी पत्नी एरिया कमेटी सदस्य रीता, तेलंगाना राज्य के जिला वारंगल एवं आदिलाबाद के हैं। इसी प्रकार मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोनल कमेटी के नक्सली सुरेखा महाराष्ट्र राज्य के जिला गढ़चिरौली निवासी के रूप में हुई है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन के प्रमुख लड़ाकू दल जिसे पीएलजीए के रूप में जाना जाता है, उनमें से भी 14 नक्सली कैडर को सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ में ढेर किया गया है।

बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. ने बताया कि आपाटोला मुठभेड़ में डिविजनल कमेटी सदस्य, एरिया कमेटी सदस्य पीएलजीए कैडर जैसे सक्रिय एवं महत्वपूर्ण कैडरों के पहली बार भारी संख्या में क्षति होने से भयभीत/बौखलाहट होकर असत्य एवं अनर्गल तथ्यों के उल्लेख करते हुये उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है।

जिससे स्पष्ट हो रहा है कि नक्सली संगठन दिशा विहीन एवं नेतृत्व विहीन होकर खात्मा की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। उन्होंने नक्सलियों को अविलंब हिंसा त्यागकर समाज के मुख्यधारा में शामिल होकर क्षेत्र के शांति एवं विकास में भागीदार बनते हुये पुनः अपील किया है।

## सार्वजनिक उद्योगों को निजी हाथों में जाने से बचाना होगा, कांग्रेस को मजबूत करें : डॉ. महंत

**कोरबा, (एजेंसी)**। लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कांग्रेस को मजबूती के साथ केन्द्र में सरकार बनाने के लिए अपना अभियान जारी रखते हुए श्रमिक संगठन सीटू के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनकी बैठक ली। देश के सभी वामपंथी दल इंडिया गंठबंधन में शामिल हैं और केन्द्र की मौजूदा सरकार के द्वारा संविधान, लोकतंत्र व सार्वजनिक उद्योगों को संकट से बचाने के लिए लगातार संघर्षरत है।

डॉ. महंत ने कहा कि हर बार के चुनावों से कुछ अलग यह चुनाव निर्णायक साबित होने वाला है जो देश की दिशा और दशा को बदलेगा। पिछले 10 वर्षों में देश को मनमाने तरीके से संचालित किया जाता रहा है। बहुमत का बेजा इस्तेमाल कर निर्णय थोपे जाते रहे और जब विरोध हुआ तो सदन में विपक्ष को निलंबित कर दिया गया। इस तरह की मनमानी आगे और बढ़ने न पाए। देश के लाभकारी उद्योगों की स्थापना कांग्रेस शासन काल में हुई और लाभ वाले उद्योगों को भी भाजपा की सरकार ने चंद उद्योगपतियों के हाथों बेच दिया।

आज मजदूर संगठनों के साथ-साथ मजदूर भी शोषित और पीड़ित है।

भाजपा विपक्ष विहीन संसद की कल्पना कर रहा है और उसने किसानों के जीवन के लिए महत्वपूर्ण किसान बिल और 29 श्रम कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता लागू की है। इस तरह से सरकार ने किसानों मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता को हर मौके पर प्रताड़ित करने का ही काम किया है। भाजपा की कार्पोरेटपरस्त नीतियां एवं पूंजी का असमान वितरण, सार्वजनिक उद्योगों के खात्मे का अभियान, कोयला उद्योगों पर लगातार किए जा रहे हमले, कोल इंडिया के शेयर लगातार सरकार द्वारा बेचे जाने के परिणाम भयानक होने लगे हैं। भविष्य में यह परिणाम और भी भयानक होंगे जब कार्पोरेट परस्त भाजपा की सरकार अपने इरादे में कामयाब हो जाएगी, इसलिए हम सबको मिलकर ऐसे खतरनाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने देना है और कोरबा से लेकर केन्द्र में कांग्रेस को भारी मतों से चुनकर लाना है। बैठक में उपस्थित सांसद ज्योत्सना महंत ने भी श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों से आशीर्वाद मांगा। बैठक में वीएम मनोहर, खगेश्वर राम, सुरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, डीपी सिंह, डीपी लहरे, जेएल चौहान, एनजे तिर्की, चेतन लाल मंडावी, केआर कश्यप, बीएल साहू, बीएल साहू, बीएस पवार, भुनेश्वर सिंह, जी.राजेश, एस राजेश पिलई, मकुंद सिंह शरडे, अनिल कुमार, लीलाम्बर शर्मा, एस सामंता, आरके सुरजे, एएल साहू, शिशुपाल सिंह यादव, ईश्वरी प्रसाद केशरवानी, संतोष कुमार शाह, संपत लाल, राहुल कुमार, मो. सद्दाम हुसैन, साजी टी जॉन, अनुप सरकार, धरमलाल टंडन, मनोहर लाल साहू, श्याम कुमार खूंटे, समीर अंसारी, मोहन प्रधान, सुनील धीवर, एम पटेल, शिव कश्यप, सहज कुमार, दिलीप कुमार वैष्णव आदि उपस्थित थे।

### मतदान के बाद वापस लौट रहे जवानों से भरी बस पलटी, 10 जवान घायल

**जगदलपुर,(एजेंसी)**। जिले के कोडनार थाना क्षेत्र अंतर्गत डिलमिली के पास मतदान के बाद वापस लौट रहे जवानों से भरी बस पलट गई। इस दुर्घटना में करीब 10 जवान घायल हुए हैं, इनमें से 03तीन की हालत गंभीर है, जिन्हें डिमरापाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है, बाकी जवानों को मामूली चोटें आई हैं। जिनका इलाज तोकापाल के अस्पताल में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी जवानों की दंतेवाड़ा में चुनाव ड्यूटी लगी थी। रविवार को सभी बस से जगदलपुर लौट रहे थे। इसी बीच डिलमिली के पास बस के आगे एक बैल आ गया। जिसे बचाने प्रयास में बस सड़क से नीचे उतर गई और अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि बस में करीब 30 से ज्यादा जवान सवार थे। हादसे के बाद



जवानों को बस के पीछे का शीशा तोड़कर निकाला गया है। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचकर सभी जवानों को बस से बाहर निकाला। घायल जवानों में से तीन गंभीर रूप से घायल जवानों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। बस्तर एसपी शलभ सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल जवानों को मेडिकल कालेज भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### थलसेना अग्निवीर भर्ती परीक्षा 22 अप्रैल से तीन मई के बीच होगी आयोजित

**जगदलपुर,(एजेंसी)**। भारतीय सेना के अग्निपथ योजना के अंतर्गत थलसेना अग्निवीर भर्ती परीक्षा 22 अप्रैल से शुरू हो रही है। जिसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। सेना से सेवानिवृत अधिकारी कमांडर संदीप मुरारका ने बताया कि उम्मीदवारों को ऑनलाइन कम्प्यूटर बेस्ड लिखित परीक्षा देनी होगी। भारतीय सेना की वेबसाइट पर एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा 22 अप्रैल से 03 मई के बीच आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को परीक्षा में एडमिट कार्ड के साथ अपनी दो पासपोर्ट साइज फोटो, ओरिजिनल फोटो युक्त पहचान पत्र, बॉल पॉइंट पेन व पानी की पारदर्शी बोतल, ले जाना जरूरी होगा। पहचान पत्र की फोटोकॉपी / स्कैनकॉपी / सॉफ्ट कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी।

कमांडर संदीप मुरारका ने यह भी बताया की ऑनलाइन परीक्षा 60 मिनट की होगी और 04 बहुविकल्पीय उत्तरों के साथ इसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिनमें से उम्मीदवार को केवल एक सही उत्तर चुनना होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/4 अंक की नकारात्मक अंकन होगी। कमांडर संदीप मुरारका ने उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय पर या उससे पहले अपने आवंटित परीक्षा केंद्र पर जरूर पहुंचें। निशुल्क जानकारी व परामर्श के लिए कमांडर संदीप मुरारका एवं उनकी टीम से 7089905625 नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### पिकनिक मनाने गया युवक पानी के तेज बहाव में बहा, तलाश में जुटी पुलिस

**कोरबा, (एजेंसी)**. बांगो बांध से अचानक पानी छोड़े जाने से डुबान के कोड़ा नदी में पिकनिक मनाने आया युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कटघोरा थाना पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार रविवार को कटघोरा निवासी 26 वर्षीय विपिन दुबे अपनी छोटी बहन समेत पांच लोगों के साथ पिकनिक मनाने के लिए कोड़ा नदी पहुंचा हुआ था। इस दौरान बांध से पानी छोड़े जाने की वजह से विपिन दुबे और उनके दोस्त बहने लगे। दोस्त को तो किसी तरह से बचा लिया गया, लेकिन विपिन पानी के तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

### कॉलोनी में घुसे चोरों ने काटी पाइप लाइन, शोर सुन भागे चोर

**हरिद्वार,(एजेंसी)**। ज्वालापुर की एक कॉलोनी में घुसे चोरों ने पाइप चुराने की नियत से गैस पाइप लाइन को काट डाला। मौके पर कॉलोनीवासियों के शोर मचाने पर चोर मौके से भाग खड़े हुए।

बीती रात ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र की विष्णुलोक कॉलोनी में चोर घुस आए। जिनका मकसद गैस लाइन के पाइप चुराना था। चोर कॉलोनी में चलती गैस पाइप लाइन से पाइप काटने लगे। जब चोरों की इस हरकत का कुछ कॉलोनी के लोगों को पता चला तो उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनते ही चोर भाग खड़े हुए, लेकिन तब तक पाइप लाइन से गैस लीकेज होती रही। जिस तरह से गैस लीकेज हुई उससे कोई हादसा भी हो सकता था। लेकिन गनीमत रही कि क्षेत्रवासियों ने इसकी सूचना गैस कर्मियों को दे दी। मौके पर पहुंचकर गैस कंपनी कर्मचारियों ने पाइप को ठीक किया।

### छत में पार्टी कर रहे थे दोस्त में हुआ विवाद, सीने में दाग दी गोली

**हल्द्वानी,(एजेंसी)**। टीपीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के आनंदपुर गांव में शराब पीने के दौरान दो दोस्तों में विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि एक दोस्त ने दूसरे के सीने पर गोली दाग दी। घायल को एसटीएच के बाद बरेली रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपित की पहचान कर ली है। उसे पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

पुलिस के अनुसार 16 वर्षीय वेदांत मूलरूप से नेपाल औ हाल देहरादून का निवासी है। आनंदपुर गांव में रहने वाले एक युवक सुधीर से उसकी दोस्ती है। इसलिए वह 15 दिन पहले दोस्त के घर आया हुआ था। वह अपने दोस्तों के साथ घर के छत पर शनिवार को शराब पी रहे थे। इसी बीच वेदांत और उसके दोस्त सुधीर के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। नौबत मारपीट तक पहुंची। इसी दौरान सुधीर ने वेदांत के सीने पर तमंचे से गोली दाग दी। और फरार हो गया। बाकी युवक उसे एसटीएच लाए। हालत गंभीर होने पर वेदांत को बरेली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि जिस छत पर गोली चली है, वह सुधीर नाम के युवक का बताया जा रहा है। गोली युवक के दाहिने तरफ सीने पर लगी है। आरोपित की पहचान कर ली गई है। उसे गिरफ्तार करने के लिए टीमें दबिश दे रही है।

### संत निरंकारी सत्संग भवन में होगा रक्तदान शिविर

**हल्द्वानी, (एजेंसी)**। बाबा गुरबचन सिंह महाराज की याद में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के रूप में रक्तदान शिविरों का आयोजन संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन करता है। इस वर्ष 24 अप्रैल को संत निरंकारी मिशन हल्द्वानी द्वारा संत निरंकारी सत्संग भवन गौजाजाली बरेली रोड हल्द्वानी में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर लगेगा।

इसी के उपलक्ष्य में शहर में मिशन क्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य अभियान चला रहा है, जो कि पूरे शहर भर के विभिन्न मॉलों और यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जा रहा है। शहर के वॉकवे मॉल, अंबेडकर पार्क, सत्यार्थ होटल, विशाल मॉल, गोरखा पार्क तिकोनिया, योगा पार्क, मुखानी, रिलायंस मॉल, कमलुवागांजा, डी मार्ट, आरटीओ रोड और ऊंचा पुल चौराहे, ग्राफिक एरा, हिल यूनिवर्सिटी, हल्द्वानी और आम्रपाली यूनिवर्सिटी हल्द्वानी पर आयोजित किए जा रहा है। मिशन के बच्चों ने शहर वासियों से यह अपील कर रहे हैं कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें।

### विहिप ने कई स्थानों पर मनाया गया रामोत्सव

**देहरादून, (एजेंसी)**। विश्व हिन्दू परिषद के वार्षिक रामोत्सव कार्यक्रमों के तहत महानगर देहरादून में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विहिप ने समाज को श्रीराम के चरित्र के बारे में बताया गया ।इंदिरापुरम, गांधीग्राम,पूर्वी पटेल नगर व ब्रह्मपुरी कॉलोनी में श्रीराम के चरित्र का वक्ताओं द्वारा व्याख्यान कर कार्यकताओं को श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करने का महत्वपूर्ण विषय रखा गया। ब्रह्मपुरी क्षेत्र में शिव मंदिर में कार्यक्रम महानगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख अजय भारती के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।मुख्य वक्ता विकास वर्मा प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख विहिप महानगर सह मंत्री विशाल चौधरी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात कर इस भारत देश के अंदर रामराज्य की स्थापना करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद जीत सत्य की हुई और अयोध्या जी में राम मंदिर निर्माण साकार हुआ और रामलाला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। यह रामनवमी अपने आप में अद्भुत रही जब श्रीराम के मस्तिष्क पर पड़ने वाली सूर्य किरणों द्वारा सनातन धर्म और विज्ञान का पुरातन संबंध देखने को मिला और देश की प्रगति की कामना की गई।